पौष शुक्ल पक्ष षष्ठी
विक्रम संवत 2080
कानपुर, मंगलवार, 16 जनवरी 2024
वर्ष 2, अंक 146, पृष्ठ 16
मूल्य 5 रुपये
2 राज्य, 6 संस्करण
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

# अमृत विचार


एक सम्पूर्ण अखबार



www.amritvichar.com

चंद्रमा की दौड़ में अमेरिका-चीन के बीच जुबानी जंग 16
गणतंत्र दिवस पर रिलीज होगी ऋतिक की फाइटर 15

## सेंसेक्स पहली बार 73,000 के पार



**मुंबई।** हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को शेयर बाजार फिर नए रिकॉर्ड हाई पर पहुंचा। पहली बार सेंसेक्स 73000 और निफ्टी 22000 के पार पहुंचा है। सोमवार को बाजार में सबसे ज्यादा खरीदारी आईटी सेक्टर के शेयरों में दिखी। सेंसेक्स सोमवार को 759 .49 अंक यानी 1 .05 प्रतिशत उछलकर 73,327 .94 के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी भी 202 .90 अंक यानी 0 .93 प्रतिशत चढ़कर 22,097 .45 के नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। (देखें कारोबार पेज)

# अब थोक महंगाई भी बढ़ी दिसंबर माह में 0.73% रही

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ सरकार ने खाद्य वस्तुओं का महंगा होना बताया कारण

थोक मुद्रास्फीति दिसंबर, 2023 में बढ़कर 0.73 प्रतिशत हो गई। यह इसका नौ माह का उच्चस्तर है। खाद्य पदार्थों खासकर सब्जियों तथा दालों की कीमतों में तेज उछाल से इसमें बढ़ोतरी हुई। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति अप्रैल से अक्टूबर तक लगातार शून्य से नीचे बनी हुई थी। नवंबर में यह 0.26 प्रतिशत थी। खुदरा मुद्रास्फीति का आंकड़ा जारी होने के कुछ दिनों थोक बाद थोक महंगाई दर के आंकड़े सामने आए हैं। खुदरा महंगाई दर नवंबर के 5.55 प्रतिशत के मुकाबले बढ़कर चार महीने के उच्च स्तर 5.69 प्रतिशत पर पहुंच गई है।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की ओर से जारी बयान के अनुसार, 'वस्तुओं, मशीनरी तथा उपकरण, विनिर्माण, परिवहन अन्य उपकरण तथा कंप्यूटर, इलेक्ट्रॉनिक तथा ऑप्टिकल उत्पादों आदि की कीमतों में वृद्धि दिसंबर, 2023 में थोक मुद्रास्फीति में बढ़ोतरी का कारण रही।' थोक मुद्रास्फीति का इससे पिछला उच्चस्तर मार्च, 2023 में दर्ज हुआ था।

**पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से पहाड़ों पर बर्फबारी के आसार, मैदानी इलाकों में बढ़ेगी गलन**

# दो दिन और नहीं मिलेगी हाड़ कंपाऊ सर्दी से राहत

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली, उत्तर प्रदेश समेत उत्तर भारत के कई इलाकों में अभी दो दिन और मौसम में कोई बदलाव की उम्मीद नहीं है। सोमवार सुबह दिल्ली में न्यूनतम तापमान 3.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम का सबसे कम तापमान रहा। वहीं, यूपी के दर्जन से ज्यादा जिलों में कोहरे, कोल्ड वेव और कोल्ड डे को लेकर अलर्ट जारी किया गया है।

पश्चिमी यूपी में इसका ज्यादा असर देखने को मिलेगा। यूपी मौसम



विभाग का पूर्वानुमान है कि वर्तमान में एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है। 17 जनवरी तक 45-50 जिलों में सीवियर कोल्ड और घने कोहरे का असर दिखाई देगा। सोमवार की रात से सक्रिय होने वाले इस विक्षोभ के चलते न सिर्फ उत्तर भारत के कुछ राज्यों में बारिश की संभावनाएं बनी हैं, बल्कि पहाड़ी इलाकों पर ताजा बर्फबारी का भी अनुमान लगाया जा रहा है।

मौसम विभाग के अनुमान के मुताबिक सोमवार रात से लेकर गुरुवार तक मैदानी इलाकों में जबरदस्त ठंड और गलन पड़ सकती है, जबकि इन्हीं इलाकों में अभी भी लगातार कोहरा बढ़ता जाएगा। वहीं बढ़े हुए कोहरे के चलते सोमवार को भी देश की राजधानी दिल्ली के हवाई अड्डे पर यातायात व्यवस्था चरमराई रही। दोपहर 12 बजे तक कई उड़ानों को अलग-अलग एयरपोर्ट के लिए डायवर्ट किया गया, जबकि 100 से ज्यादा उड़ानें एक बार फिर से देरी से उड़ीं।

### कोहरे से उड़ान में हुई देरी, यात्री ने पायलट को पीटा, गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** दिल्ली हवाई अड्डे पर उड़ान में देरी की घोषणा कर रहे इंडिगो के पायलट पर एक यात्री ने हमला कर दिया। घटना के बाद यात्री को गिरफ्तार कर लिया गया। रविवार शाम हुई इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर आया है। वीडियो में साहिल कटारिया नामक यात्री गोवा जा रहे विमान के अंदर घोषणा कर रहे पायलट पर हमला करते दिख रहा है। घटना उस दिन हुई, जब घने कोहरे के कारण दिल्ली हवाई अड्डे पर परिचालन बुरी तरह प्रभावित हुआ, जिसके कारण कई उड़ानों का मार्ग परिवर्तित किया गया, कई उड़ानें रद्द हुईं या उनके परिचालन में देरी हुई।

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
नववर्ष ऑफर
4/- प्रतिदिन
फोन: 0512- 2548300

# जिनको कभी किसी ने नहीं पूछा मोदी पूछता भी है और पूजता भी

## पीएम जनमन लाभार्थियों से बोले प्रधानमंत्री, 1 लाख लोगों को पहली किस्त जारी

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि त्रेता युग में राजा राम की कथा हो या आज की 'राज-कथा', यह गरीब-वंचित और जनजातीय लोगों के कल्याण के बिना संभव ही नहीं है। उन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व वाली सरकार इसी सोच के साथ लगातार काम कर रही है और इसी का प्रतिफल है कि जिनको कभी किसी ने पूछा नहीं, उनको मोदी आज पूछता भी है और पूजता भी है। प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम-जनमन) के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के एक लाख लाभार्थियों को पहली किस्त जारी करने के बाद मोदी ने यह बात कही।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'त्रेता में राजा राम की कथा हो या आज की राज-कथा बिना गरीब, बिना वंचित, बिना वनवासी भाई-बहनों के कल्याण के संभव ही नहीं है। इसी



सोच के साथ हम लगातार काम कर रहे हैं। हमने 10 साल गरीबों को समर्पित किए। गरीबों को 4 करोड़ से अधिक पक्के घर बनाकर दिए।' उन्होंने कहा, 'जिनको कभी किसी ने पूछा नहीं, उनको मोदी आज पूछता भी है और पूजता भी है।' प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के लाभार्थियों को 540 करोड़ रुपये की पहली किस्त जारी की गई। इस दौरान लाभार्थियों ने रसोई गैस कनेक्शन, बिजली, पाइप से पानी और आवास सहित अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के बाद अपने जीवन में आए सकारात्मक बदलावों पर प्रकाश डाला। प्रधानमंत्री ने संवाद के दौरान कहा, 'हमारी सरकार का प्रयास है कि कोई भी उसकी कल्याणकारी योजनाओं से वंचित नहीं रहे।'

उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाएं अति पिछड़े जनजातीय लोगों तक पहुंचें, यही पीएम-जनमन महाअभियान का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि सिर्फ दो महीने में ही पीएम-जनमन अभियान ने वह लक्ष्य हासिल करने शुरू कर दिए हैं जो पहले कभी कोई नहीं कर सका।

### श्रीराम की कथा माता शबरी के बिना संभव नहीं

अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि इन दिनों उन्होंने भी 11 दिन व्रत-अनुष्ठान का एक संकल्प किया हुआ है और इस दौरान वे श्रीराम का ध्यान और स्मरण कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'जब आप प्रभु राम का स्मरण करेंगे तो माता शबरी की याद आना बहुत स्वाभाविक है। श्रीराम की कथा माता शबरी के बिना संभव ही नहीं है। अयोध्या से जब राम निकले थे, तब तो वह राजकुमार थे। लेकिन राजकुमार राम, मर्यादा पुरुषोत्तम के रूप में हमारे सामने आए, क्योंकि माता शबरी हों, केवट हों, निषाद राज हों... न जाने कौन-कौन से लोग... जिनके सान्निध्य ने राजकुमार राम को प्रभु राम बना दिया।'

### पहले सिर्फ कागजों पर चलती थीं सरकारी योजनाएं

लाभार्थियों से संवाद करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, 'पहले सरकारी योजनाएं सिर्फ कागजों पर ही चलती रहती थीं और असली लाभार्थियों को पता ही नहीं चलता था। जिनको पता चल भी जाता था तो उनको कितनी मुश्किलों का सामना करना पड़ता था। अब पीएम-जनमन महाअभियान में हमारी सरकार ने ऐसे सभी नियम बदल दिए हैं, जिससे आपको परेशानी होती हो।' बता दें पिछले वर्ष 15 नवंबर को पीएम-जनमन की शुरुआत समाज के सबसे कमजोर जनजातीय समूहों के सामाजिक-आर्थिक कल्याण के लिए की गई थी। पीएम-जनमन का बजट लगभग 24,000 करोड़ रुपये का है और इसमें नौ मंत्रालयों के माध्यम से 11 महत्वपूर्ण पहलों को शामिल किया गया है।

## विस अध्यक्ष के आदेश के खिलाफ कोर्ट पहुंचा उद्धव गुट

▸▸ शिंदे के नेतृत्व वाले गुट को असली शिवसेना घोषित करने के फैसले को दी चुनौती

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के शिवसेना गुट को असल शिवसेना बताने वाले महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष के आदेश के खिलाफ उद्धव ठाकरे वाले गुट ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। जून 2022 में एकनाथ शिंदे ने भाजपा के साथ मिलकर महाराष्ट्र में सरकार बनाई थी और उद्धव ठाकरे की सरकार गिर गई थी।

इसके खिलाफ उद्धव ठाकरे वाले गुट ने एकनाथ शिंदे सहित 16 बागी विधायकों को अयोग्य ठहराने की अपील की थी। हालांकि विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने इसे भी ठुकरा दिया। 10 जनवरी को दिए अपने आदेश में नार्वेकर ने बागी गुट के किसी भी विधायक को अयोग्य नहीं ठहराया। शिंदे गुट के पास शिवसेना में टूट के समय पार्टी के कुल 54 में से 37 विधायकों का समर्थन था। इससे पहले 2023 में ही चुनाव आयोग ने ''शिवसेना'' नाम और ''तीर-कमान'' वाला चुनाव चिह्न भी शिंदे गुट को दिया था।

# अयोध्या में विराजमान होगी योगीराज की बनाई प्रतिमा



अरुण योगीराज की बनाई रामलला की मूर्ति मंदिर में हो सकती प्राण प्रतिष्ठित

▸▸ बेंगलुरु के भाजपा सांसद पीसी मोहन का दावा, एक्स पर डाली तस्वीर और जानकारी

अयोध्या कार्यालय

भाजपा सांसद की ओर से एक्स पर डाली गई तस्वीर।

▸▸ राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने दी जानकारी

▸▸ अमृत विचार ने 2 जनवरी के अंक में कर दिया था नाम का खुलासा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि गर्भगृह में विराजने वाली प्रतिमा का चयन कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि कर्नाटक के मूर्तिकार अरुण योगीराज की बनाई गई पांच साल के राम की बाल रूप की नई प्रतिमा गर्भगृह में स्थापित होगी।

बाल रूप की नई मूर्ति नीले रंगे की रामलला की मूर्ति है, जो योगीराज ने बनाई है। इसमें रामलला को खड़ी मुद्रा में धनुष-बाण लिए दिखाया गया है। विदित हो कि अमृत विचार ने 2 जनवरी के अंक में पहले पेज पर 'अरुण योगीराज की बनाई रामलला की मूर्ति मंदिर में हो सकती है प्राण प्रतिष्ठित' शीर्षक से खबर प्रकाशित की थी। इस पर चंपत राय ने सोमवार को मुहर लगा दी। अमृत विचार ने पाठकों को बताया था कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए मैसूर के मूर्तिकार द्वारा बनाई गई मूर्ति का चयन कर लिया गया है। इस बात की जानकारी बेंगलुरु के भाजपा सांसद पीसी मोहन ने भी साझा की है।

### लखनऊ-अयोध्या के बीच हेलीकॉप्टर सेवा 19 से

**अयोध्या।** रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले सड़क व रेल के साथ-साथ हवाई यातायात को भी मजबूत किया जा रहा है। दिल्ली, अहमदाबाद और मुंबई से फ्लाइट सेवा को शुरू करने के बाद अब सरकार ने लखनऊ से अयोध्या के बीच हेलीकॉप्टर सेवा को शुरू करने का मन बनाया है। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह की घोषणा के बाद श्रद्धालु भी खुश हैं। बताया जा रहा है कि 30 से 40 मिनट में लखनऊ से अयोध्या पहुंचा जा सकेगा।

## एक नजर

### प्रखर ने खेली नाबाद 404 रन की पारी युवराज का तोड़ा रिकॉर्ड

**शिवमोगा (कर्नाटक)।** कर्नाटक के प्रखर चतुर्वेदी ने अंडर-19 के सालाना चार दिवसीय मुकाबले की पहली पारी में 404 रन बनाकर नाबाद रहने का रिकॉर्ड बनाया है। 638 गेंदों की इस पारी में उन्होंने 46 चौके और तीन छक्के मारे। कर्नाटक की टीम ने मुंबई के खिलाफ आठ विकेट खोकर 890 रन बनाए।

### यूपी-उत्तराखंड विवादित सीमा पर हदबंदी के निर्देश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के बीच सीमा विवाद हल करने के लिए हदबंदी करने का निर्देश दिया है। अदालत ने उत्तराखंड के हरिद्वार के जिला मजिस्ट्रेट और उत्तर प्रदेश के बिजनौर के जिला मजिस्ट्रेट को निर्देश दिया है कि वे उचित उप जिलाधिकारी नामित कर उन्हें बिजनौर जिले के हिम्मतपुर बेला गांव का दौरा करने और उन बिंदुओं की हदबंदी करने को कहें।

# मायावती ने चुनी एकला चलो की राह

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

▸▸ इंडिया गठबंधन में नहीं शामिल होगी बसपा

▸▸ कहा- गठबंधन से फायदा कम, नुकसान ज्यादा

**अमृत विचार:** बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने सोमवार को विपक्षी गठबंधन के मंसूबों पर पानी फेरते हुए ऐलान कर दिया कि 2024 के लोकसभा चुनाव पार्टी अकेले लड़ेगी। किसी के साथ कोई गठबंधन नहीं करेगी। साथ ही, कार्यकर्ताओं को फिर से सतर्क रहने की हिदायत देते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव गिरगिट की तरह रंग बदलते हैं।

बसपा प्रमुख ने अफवाहों पर विराम लगाते हुए स्पष्ट किया कि उत्तराधिकारी घोषित करने का मतलब सक्रिय राजनीति से संन्यास लेना नहीं है। जीवन की अंतिम सांस



तक बसपा को मजबूती प्रदान करने का संघर्ष करती रहूंगी। बिजली पासी किला समीप स्थित बसपा मंडल कार्यालय पर सोमवार को मायावती के 68 वें जन्मदिन को जनकल्याणकारी दिवस के रूप में मनाया गया। विधानपरिषद सदस्य भीमराव आंबेडकर ने मायावती को 2024 में प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प कार्यकर्ताओं को दिलाया। जन्मदिन के अवसर पर मायावती, पार्टी की प्राथमिकताओं की जानकारी देते हुए पत्रकारों को संबोधित कर रही थी।

**अयोध्या जाने का विचार नहीं :** राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह में निमंत्रण मिलने को लेकर बसपा सुप्रीमो ने कहा कि निमंत्रण मिला है लेकिन अभी जाने पर विचार नहीं किया है। उन्होंने कहा कि राम मंदिर से पार्टी को कोई आपत्ति नहीं है। भविष्य में मस्जिद बनती है तो उसमें भी आपत्ति नहीं होगी।

## मैं रहूं या न रहूं, मेरा देश सुरक्षित रहना चाहिए : राजनाथ



**लखनऊ।** सूर्या खेल परिसर में सेना दिवस के मौके पर आयोजित शौर्य संध्या दिवस में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि मैं रहूं या न रहूं, मेरा देश सुरक्षित रहे। इसी भावना के साथ मातृभूमि की रक्षा करने वाला सैनिक एक अनुकरणीय देशभक्त होता है। सोमवार को युद्ध प्रदर्शन में रक्षामंत्री मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने भारतीय सेना के साहस और प्रदर्शन को सराहा। राजनाथ ने कहा कि दिल्ली से बाहर सेना दिवस दूसरी बार लखनऊ में हो रहा है, जबकि इससे पहले पिछले वर्ष बेंगलुरु में मनाया गया था। सेना, नौसेना व वायु सेना दिवस को दिल्ली के बाहर मनाने का विचार देश की परंपरा और सैन्य प्रगति को लोगों तक ले जाना है। लखनऊ की धरती वीरों की धरती है। यहां के सैनिकों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है, जबकि कैप्टन मनोज पांडे की यह धरती है। जिनकी वीरता के किस्से बच्चे-बच्चे की जुबान पर है।

# अब ग्रामीण भी ले सकेंगे मकान के लिए लोन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ खरीद-फरोख्त के बाद उनके घरों का नामांतरण हो सकेगा और वरासत भी होगी आसान

**अमृत विचारः** घरौनी को शहरी मकानों के 'एलॉटमेंट लेटर' की तर्ज पर लोन लेने का आधिकारिक दस्तावेज बनाने की सरकारी कवायद तेज हो गई है। इसके पीछे मंशा यह है कि प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों को भी अपने मकान पर बैंकों से ऋण मिल सके। सरकार के इस कदम से खरीद-फरोख्त के बाद उनके घरों का नामांतरण हो सकेगा और वरासत भी आसानी से हो सकेगी। राज्य सरकार इसके लिए जल्द ही उप्र. ग्रामीण आबादी अभिलेख विधेयक-2024 को विधानसभा से पास करवाने की औपचारिकता करेगी। अब तक 90866 गांवों में ड्रोन से सर्वे हो चुका है। 52448 गांवों में कुल 75 लाख 31 हजार 29 घरौनी भी तैयार हैं।

राजस्व परिषद के अध्यक्ष हेमंत राव के मुताबिक, नामांतरण, वरासत दर्ज कराने और संशोधन किए जाने के लिए नए विधेयक बनाने की जरूरत महसूस की गई है। इसके बनने के बाद ग्रामीण आबादी में नामांतरण, वरासत व संशोधन हो सकेंगे।

## मनी लॉन्ड्रिंग: पंजाब के पूर्व वन मंत्री धर्मसोत गिरफ्तार



**चंडीगढ़।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित वन घोटाले से जुड़ी धन शोधन जांच में सोमवार को कांग्रेस नेता और पंजाब के पूर्व वन मंत्री साधु सिंह धर्मसोत को गिरफ्तार कर लिया। एजेंसी ने 64 वर्षीय राजनेता को जालंधर में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया। ईडी ने पिछले साल नवंबर में धर्मसोत, राज्य के एक अन्य वन मंत्री संगत सिंह गिलजियान, कुछ वन विभाग के अधिकारियों और अन्य के परिसरों पर छापेमारी की थी। यह जांच राज्य वन विभाग में पेड़ों की कटाई के लिए परमिट जारी करने और विभाग में स्थानांतरण/तैनाती के लिए घूस के आरोपों से संबंधित है। धर्मसोत पांच बार विधायक रहे हैं और पिछले साल पंजाब सतर्कता ब्यूरो ने कथित रूप से आय से अधिक संपत्ति रखने के मामले में उन्हें गिरफ्तार भी किया था।

**अभिनव प्रयोग** — संतकबीरनगर के अभिनव ने बिजली उत्पादन की सबसे सस्ती तकनीक ईजाद की, घर और चौराहे को रौशन करने का बनाया मॉडल

# आठवीं के छात्र ने बनाया मॉडल, रद्दी कागज से तैयार होगी बिजली

गोरखनाथ मिश्र, संतकबीरनगर

**अमृत विचार :** जिले के एक छात्र ने उत्तम प्रयोग करते हुए बिजली उत्पादन की सबसे सस्ती तकनीक ईजाद कर कमाल कर दिया है। आठवीं क्लास के छात्र अभिनव ने विज्ञान की प्रतियोगिता का ऐसा मॉडल तैयार किया कि हर ओर उसी की चर्चा है। इस मॉडल को बनाने में सिर्फ 3 हजार रुपये का खर्चा आया है। अभिनव आगे चलकर ऐसी तकनीक विकसित करना चाहते हैं, जिससे दुनिया में सबसे सस्ती बिजली लोगों को मिल सके।

अभिनव ने एक महीने अपने कागज के मॉडल पर शोध के बाद यह उपलब्धि हासिल की है। उनका कहना





▸▸ एक महीने शोध करने के बाद यह उपलब्धि हासिल की

है कि मैं ऐसा मॉडल बनाना चाहता था कि बिजली उत्पादन में लागत व खर्च कम हो और आने वाले समय में सस्ती बिजली यूपी को मिल सके, क्योंकि अक्सर माता-पिता कहते हैं कि बिजली का बिल बहुत आता है। यह बात मुझे परेशान करती थी। इसी को ध्यान में रखते हुए मैंने कागज का मॉडल प्रदर्शित किया है। आगे पढ़कर प्रयोगशाला में इस पर काम भी करूंगा। जनपद मुख्यालय स्थित खलीलाबाद पब्लिक स्कूल के छात्र अभिनव की इस मॉडल की चौतरफा चर्चा हो रही है। उन्होंने घर में पड़े रद्दी कागजों को जलाकर बिजली पैदा कर लोगों को चौंका दिया। विवेक श्रीवास्तव के 14 वर्षीय पुत्र अभिनव के इस प्रयोग से घर और चौराहों को भी रोशन किया जा सकता है।

अभिनव के स्कूल में मंगलवार को विज्ञान विषय की प्रतियोगिता का आयोजन होना है। सामाजिक कार्यकर्ता श्याम सिंह ने बताया कि इस तकनीक से बेहद कम खर्चे में बिजली तैयार की जा सकती है। इस मॉडल को स्थानीय जन प्रतिनिधियों के सहयोग से सरकार के संज्ञान में लाने का प्रयास किया जाएगा।

### ट्यूबलाइट स्टार्टर से तैयार कर दिया प्रोजेक्ट

अभिनव ने बताया कि पिछले दिनों यूट्यूब पर सर्च करते समय इस प्रोजेक्ट का कुछ फॉर्मूला पता चला था। उसमें सोलर पैनल और बैट्री की सहायता से बिजली उत्पादन दिखाया गया था। यह देख मैंने नई तकनीक ईजाद करने की ठानी और बाजार से छोटे साइज का सोलर पैनल, चार्जेबल बैट्री और ट्यूबलाइट स्टार्टर खरीदा। महज तीन दिनों की मेहनत के बाद प्रोजेक्ट तैयार हो गया। छात्र का कहना है कि अन्य सोलर पैनल सूर्य की रोशनी से चार्ज होते हैं, लेकिन यह रद्दी कागज और अन्य बेकार की चीजों को जलाकर चार्ज किया जाता है। आग की गर्मी से यह सोलर पैनल बैट्री को काफी कम समय में चार्ज कर देता है। अभिनव ने यह भी बताया कि बड़े साइज की बैट्री और बड़ी क्षमता के सोलर पैनल लगाकर बड़े पैमाने पर भी ऊर्जा का उत्पादन किया जा सकता है।

# अपार्टमेंट में लगी आग, 16 लोग बचाए गए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

▸▸ चमनगंज के भीड़-भाड़ वाले रूपम चौराहा के पास अफरा-तफरी

▸▸ लिफ्ट खराब होने से फंसे लोग बच्चे को दो मंजिले से फेंका

**अमृत विचारः** चमनगंज थानाक्षेत्र के भीड़-भाड़ वाले रूपम चौराहा के पास स्थित चार मंजिला अपना पैलेस अपार्टमेंट के बेसमेंट की दुकान में सोमवार देर रात शार्ट-सर्किट से भीषण आग लग गई। बिल्डिंग में रहने वाले 20 परिवारों ने भागने का प्रयास किया, लेकिन लिफ्ट बंद होने के कारण लोग ऊपर फंस गए और चीख-पुकार मच गई। एक महिला बेहोश हो गई। एक बच्चे को बचाने के लिए पिता ने दूसरी मंजिल से नीचे फेंक दिया जिसे नीचे लोगों ने कैच कर लिया। फायर ब्रिगेडकर्मियों ने सीढ़ियां लगाकर ऊपरी मंजिलों में आग में फंसे 16 लोगों को सुरक्षित निकाला। चमनगंज थानाक्षेत्र स्थित रूपम चौराहे पर बिल्डर जावेद व शरीफ



बिल्डिंग में फंसे लोगों को निकालने के लिए खिड़की तोड़ते अग्निशमन विभाग के जवान।

का अपना पैलेस नाम से चार मंजिला अपार्टमेंट है। इसमें 20 परिवार रहते हैं। बेसमेंट में रेडीमेड कपड़ों की दुकान, चप्पल कारखाना समेत तीन, चार अन्य दुकानें हैं। सोमवार देर रात बेसमेंट स्थित एक दुकान में शार्ट-सर्किट से भीषण आग लग गई। अफरा-तफरी में लोग ऊपर के फ्लैटों से नीचे की ओर भागने लगे, लेकिन लिफ्ट बंद होने से लोग बिल्डिंग में फंस गए। आधा घंटे बाद फजलगंज, मीरपुर, कर्नलगंज, पनकी, जाजमऊ, लाटूश रोड स्थित फायर स्टेशनों की आठ गाड़ियां मौके पर पहुंची।

फायर ब्रिगेड कर्मियों ने फ्लैटों से 16 लोगों को सीढ़ियां लगाकर नीचे उतारा। दूसरी टीमों ने आग बुझाने का कार्य शुरू किया। ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर आनंद प्रकाश तिवारी, डीसीपी सेंट्रल प्रमोद कुमार समेत 10 थानों का फोर्स और कई एंबुलेंस मौके पर पहुंची। भीड़ बढ़ती देख पुलिस लाइन से क्यूआटी टीमें मौके पर बुलाई गईं। करीब तीन घंटे बाद आग पर काबू पाया जा सका। भीषण धुआं निकल रहा था। दमकल कर्मी जूझ रहे थे।

# शहर के कूड़ा रिक्शों पर घोटाला सवार, पार्ट्स तक हो गए पार

## छह महीने पहले वार्डों में भेजी गईं कूड़ा गाड़ियां हुईं कबाड़ा, चोर खोल ले गए पार्ट्स

**नरक निगम**

अभिषेक वर्मा, कानपुर


जूही लाल कॉलोनी स्थित सेंट्रल पार्क में खस्ताहाल स्थिति में पड़ी कूड़ा गाड़ियां।

**अमृत विचार।** छह महीने पहले पिछले वर्ष जुलाई में वार्डों में भेजी गईं घटिया कूड़ा रिक्शा गाड़ियों के रिम और टॉयर चोरी हो रहे हैं। घटिया क्वालिटी की रिक्शा गाड़ियां जब डंप पर खड़ी कर दी गईं तो अब इसके पार्ट्स चोर निकालकर बेच दे रहे हैं। जूही वार्ड 84 में ऐसी ही कई गाड़ियां सेंट्रल पार्क के पिछले हिस्से में पड़ी हैं। जो न तो कूड़ा ढ़ोने के काम आ रही हैं, और न ही उन्हें सुरक्षित रखा जा पा रहा है। अन्य वार्डों में भी कूड़ा गाड़ियों के यही हाल हैं। महज छह महीने में ही गाड़ियों की यह दुर्दशा आम जनता के पैसे की बर्बादी के साथ भ्रष्टाचार की गवाही भी दे रही है।

नगर निगम को स्वच्छ भारत मिशन के तहत 32 करोड़ रुपये मिले थे, जिसमें से आठ करोड़ रुपये से अधिकारियों ने कूड़ा ढ़ोने के लिए 1800 रिक्शा और 2500 हाथ कूड़ा गाड़ियों को खरीदा।

आरोप है कि कूड़ा रिक्शा की गुणवत्ता खराब होने के बावजूद गाड़ियों को खरीदा गया। यही नहीं बिना जांच कराए ही इन्हें वार्डों में भी भेज दिया गया। अधिकारियों की मिलीभगत की वजह से घटिया रिक्शे खरीदे गए। जिसके रिम, टायर और बॉडी की गुणवत्ता खराब है।

हाथ कूड़ा गाड़ियां लोहे की हैं, उनमें यह शिकायत नहीं आ रही है। लेकिन, कूड़ा रिक्शा अधिकतर वार्डों में खड़े हो गए हैं। जो कुछ बहुत ठीक हैं, तो उन्हें जुगाड़ से चलाया जा रहा है। कूड़ा रिक्शा में रिम और टायर घटिया क्वालिटी के पड़े हैं, जबकि बॉडी भी मानक के अनुरूप नहीं है। जिसकी वजह से समस्या सामने आ रही है और रिक्शा कबाड़ हो रहे हैं।

> इस बात की मुझे कोई भी जानकारी नहीं है।
> – अमित सिंह गौर, नगर स्वास्थ्य अधिकारी

> कूड़ा गाड़ियों की हालत पहले से ही खराब थी। जांच के आदेश महापौर ने दिये थे, क्या हुआ पता नहीं। अभी खुले में गाड़ियां पड़ी हैं, मुझे लगता है कि नशा करने वाले आपराधिक प्रवृत्ति के लोग गाड़ियों के पार्ट्स चुरा ले गए हैं।
> – अमित जायसवाल, पार्षद, वार्ड 84

**1800** कूड़ा ढ़ोने वाले रिक्शा खरीदे गए

**2500** हाथ कूड़ा गाड़ियां खरीदीं

**08** करोड़ से खरीदी गईं थी कूड़ा गाड़ियां

**06** महीने में ही दम तोड़ गईं गाड़ियां

### 4 जून को ही खुल गया था भ्रष्टाचार

नगर निगम में 4 जून को हुई पहली बैठक में ही पार्षदों ने कूड़ा गाड़ी खरीद में भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाया था। इसको लेकर अधिकारियों और सदस्यों के बीच गहमा–गहमी हुई थी। मामला बढ़ा तो महापौर प्रमिला पांडेय ने बीच बैठक में ही कूड़ा गाड़ियां मुख्यालय मंगवा ली थीं। अधिकारियों के साथ कार्यकारिणी सदस्य अभिषेक गुप्ता 'मोनू', पवन गुप्ता ने गाड़िया देखीं और गुणवत्ता पर सवाल उठाए, जिसके बाद जांच बैठा दी गई थी।

### महापौर को बिना बताए भेजी गईं गाड़ियां

महापौर प्रमिला पांडेय ने कहा कि गाड़ियों की खरीद के लिए वर्कशॉप प्रभारी दोषी हैं। उन्होंने कहा कि मैंने कूड़ा रिक्शा की जांच के लिए आदेश दिए थे, अधिकारियों ने मुझे बताए बिना ही वार्डों में कूड़ा रिक्शा भेज दी।



> नगर निगम के कुछ अधिकारी भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। शहर को साफ करने के नाम पर माल साफ किया जा रहा है। यह गंभीर मुद्दा है गाड़ियों की खरीद में जरूर कुछ न कुछ गड़बड़ है। महज दह महीने में गाड़ियों के पार्ट्स गायब हो रहे हैं। कूड़ा गाड़ियां टूटी जा रही हैं। लोगों और सरकारी धन में बंदरबांट किया जा रहा है। इस मुद्दे को विधानसभा में उठाएंगे।
> – अमिताभ बाजपेयी, सपा विधायक



> शहर में जगह–जगह गंदगी है। नगर निगम मशीनरी फेल हो गई है। स्मार्ट सिटी के नाम पर धन तो खूब लगाया जा रहा है। लेकिन, सही दिशा में खर्च नहीं हो रहा है। कई जगह तो भ्रष्टाचार पहले भी खुल चुका है। इस प्रकरण में जांच होनी चाहिए। हर वार्ड में नये कूड़ा रिक्शों की हालत खराब है। जरूर भ्रष्टाचार हुआ होगा।
> – नौशाद आलम मंसूरी, उत्तर जिलाध्यक्ष, कांग्रेस

# आंख की रोशनी जाने पर 82 साल के वृद्ध ने दी जान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- हनुमंत विहार थानाक्षेत्र में हुई घटना
- कराया था ऑपरेशन, दोनों आंखों की रोशनी गई



**अमृत विचार।** हनुमंत विहार थानाक्षेत्र में ऑपरेशन कराने के बाद दोनों आंखों की रोशनी चली जाने पर 82 साल के वृद्ध अवसाद में चले गए। जिसके बाद उन्होंने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद करके कमरे में जिंगले के सहारे अंगौछे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वृद्ध से कोई मिलने पहुंचा तो घटना की जानकारी हो सकी।

रविवार दोपहर संजय गांधी नगर के रहने वाले रामविशाल ने फांसी लगाकर जान दे दी। उनका शव कमरे में जिंगले के सहारे फंदे से लटका मिला। उनके बेटे प्रेमचंद ने बताया कि पांच वर्ष पहले उन्होंने आंखों का ऑपरेशन कराया था। इसके बाद धीरे-धीरे करके दोनों आंखों की रोशनी कम होती चली गई। कुछ समय से उन्हें बिल्कुल ही दिखना बंद हो गया था। जिसके चलते वह घर पर ही रहते थे। इसी वजह से वह अवसाद में आ गए थे। बेटे ने पुलिस को बताया कि रविवार दोपहर उन्हें खाना खिलाकर कमरे में लिटा दिया था। शाम को मोहल्ले में रहने वाले एक मित्र उनसे मिलने पहुंचे तो कमरे में आवाज देने और खटखटाने पर भी कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। प्रेमचंद ने पुलिस को बताया कि किसी तरह दरवाजा खोला तो कमरे में लगे जिंगले के सहारे उनका शव अंगौछे के फंदे से लटक रहा था। प्रेमचंद ने बताया कि मां का काफी पहले निधन हो चुका है। इस संबंध में हनुमंत विहार पुलिस ने बताया कि परिजनों ने बताया है कि आंखों की रोशनी चली जाने की वजह से वह काफी अवसाद में रहते थे, इस कारण उन्होंने यह कदम उठाया है।

# अर्चना और सिद्धी ने एंजेल वूमेन टीम को जिताया

**कानपुर।** कानपुर क्रिकेट एसोसिएशन के केडीएमए लीग में सोमवार को महिला क्रिकेट के तहत वैदिक यूनियन और एंजेल वूमेन की टीमें आपस में टकराईं। जिसमें एंजेल वूमैन ने 10 विकेट से शानदार जीत दर्ज की।

कानपुर साउथ मैदान में खेले गए मैच में वैदिक यूनियन ने पहले बल्लेबाजी की। एंजेल वूमेन की अर्चना और सिद्धी की घातक गेंदबाजी के चलते टीम 22.4 ओवर में 41 रन के स्कोर पर ही ढेर हो गई। सिद्धी ने मात्र 4 रन देकर 4 विकेट झटके, जबकि अर्चना देवी ने 8 रन देकर 4 विकेट हासिल किए।

लक्ष्य का पीछा करने के लिए मैदान पर उतरी एंजेल की टीम ने इस लक्ष्य को बिना कोई विकेट खोए मात्र 8. 3 ओवर में 42 रन बनाकर 10 विकेट से मैच को जीत लिया। यह मैच पूरी तरह एकतरफा नजर आया। एंजेल की टीम ने आसानी के साथ मैच जीत लिया। विपक्षी टीम विकेट नहीं गिरा सकी।

# साइबर ठगों ने सवा लाख रुपये का चूना लगाया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- ट्रैफिक पुलिस कर्मी को बनाया शिकार

**अमृत विचार।** साइबर ठगों ने एक ट्रैफिक पुलिस कर्मी को अपना शिकार बनाया। ईएमआई के पैसे ट्रांसफर न होने पर पीड़ित ने कस्टमर केयर नंबर नेट से निकाला। इसके बाद वहां ऐनी डेस्क डाउनलोड कराकर जानकारी ली गई। जिस पर ओटीपी बताने पर एक के बाद एक रुपये कटते गए। सवा लाख का ठगों ने चूना लगा दिया। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की।

जिला फतेहगढ़ कमालगंज के ग्राम विसपुरी निवासी यातायात पुलिस लाइन में तैनात मुख्य आरक्षी नरेंद्र सिंह ने थाने में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि दो जुलाई 2023 को तकरीबन 3.36 बजे ऑनलाइन फ्रॉड हो गया। बताया कि उस दौरान उसकी डयूटी बिठूर तिराहे पर लगी थी। पीड़ित के अनुसार खाते से पैसा ईएमआई के लिए ट्रन्सफर नहीं हो पा रहा था जिस पर उसने कस्टमर केयर से कोटक महिन्द्रा बैंक का नंबर निकाला। जिस पर बात की तो उसने बताया कि वह ऐनी डेस्क ऐप डाउनलोड करें तो समस्या का समाधान हो जाएगा।

इस दौरान उससे ओटीपी पूछा गया और यूपीआई से एसबीआई के इन्द्रानगर शाखा से पहली बार में 22,500, 1,770, 80,105, 18,000 और 400 रुपये कट गए। उन्होंने साइबर सेल के 1930 पर सूचना दी। इसके बाद साइबर सेल ने खाता होल्ड कर दिया। इस संबंध में कल्याणपुर इंस्पेक्टर धनन्जय पांडेय ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी और आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पूरे मामले की गहराई से जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# आईआईटी करेगा नेशनल कॉन्क्लेव

**कानपुर।** आईआईटी कानपुर के सिविल इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट की ओर से 27 और 28 जनवरी को नेशनल लेवल के सिविल इंजीनियरिंग कॉन्क्लेव संकलन का आयोजन किया जाएगा। इसका उद्देश्य सिविल इंजीनियरिंग में ज्ञान साझा करने, इनोवेशन और सहयोग के लिए एक केंद्रीय हब के रूप में स्थापित करना है।

संकलन 24 की कुछ प्रतियोगिताओं में स्पेगेटी ब्रिज डिजाइन चैलेंज, सतत कृषि के लिए जल संसाधनों का अनुकूलन, रिमोट सैटेलाइट डिजाइन चैलेंज और मशीन लर्निंग का उपयोग करके क्रैक डिटेक्शन-इमेज वर्गीकरण चैलेंज शामिल हैं जो वास्तविक जीवन की समस्याओं का समाधान करते हैं। सिविल इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट की प्रमुख प्रोफेसर प्रियंका घोष ने कहा, संकलन विचारों के आदान-प्रदान, चैंपियन सहयोगी नवाचार की सुविधा प्रदान करेगा और उभरते कैरियर के अवसरों को उजागर करेगा।


कुछ इस तरह ट्रेन से हुई दुर्घटना। (वीडियो ग्रैब)

# बंद क्रॉसिंग पार करते बुजुर्ग को ट्रेन ने उड़ाया

**लापरवाही**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सचेंडी थाना क्षेत्र की घटना वीडियो वायरल
- साइकिल समेत ट्रेन दूर तक घसीटते ले गई

**अमृत विचार।** सचेंडी थानाक्षेत्र में बंद क्रॉसिंग को पार करते समय साइकिल सवार बुजुर्ग शताब्दी एक्सप्रेस की चपेट में आ गए। ट्रेन काफी दूर तक उन्हें घसीटती ले गई। मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना का वीडियो रोंगटे खड़ा कर देने वाला है, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

बंद रेलवे क्रॉसिंग पार करना कानूनन जुर्म है। इसके बावजूद रेलवे क्रॉसिंग के बंद होने के बाद भी जल्दबाजी में बड़ी संख्या में लोग रेलवे पटरी पार करते हैं। लोग अपने दोपहिया वाहन भी बंद रेलवे क्रॉसिंग से निकालते देखे जा सकते हैं। यह लापरवाही कई लोगों के जीवन पर भारी पड़ चुकी है।

सचेंडी गांव निवासी 65 वर्षीय राजमिस्त्री धनीराम कुशवाहा रविवार शाम करीब पांच बजे पनकी पड़ाव स्थित बंद क्रॉसिंग पार कर रहे थे, तभी शताब्दी एक्सप्रेस की चपेट में आ गई। ट्रेन उन्हें साइकिल समेत काफी दूर तक घसीटते ले गई। जिससे उनकी मौत हो गई। उनके परिवार में पत्नी शिवदेवी और नौ संतान हैं जिनमें पांचों बेटियों की शादी हो चुकी है।

बड़े बेटे बबलू ने बताया कि वह साइकिल लेकर क्रॉसिंग पार कर ही चुके थे, लेकिन साइकिल में पीछे बंधी एल्यूमिनियम की फंटी ट्रेन की चपेट में आ गई, जिसके चलते वह हादसे का शिकार हो गए। पुलिस ने परिजनों को सूचना देने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**क्रॉसिंग पार करते समय इसका रखें ख्याल**

- अधिकृत रेलवे क्रॉसिंग से ही पैदल व वाहन से पार करें।
- मानव रहित रेलवे फाटक में दोनों तरफ ट्रैक देखकर ही पार करें।
- ईयर फोन व मोबाइल कानों में लगाकर रेलवे क्रॉसिंग या पटरी पार न करें।
- रेलवे फाटक के कर्मियों को डरा धमका कर गेट खोलने को बाध्य न करें।
- रेलवे क्रॉसिंग पर सिग्नल लाल व बैरियर गिरा रहने पर बगल के रास्ते से ट्रैक पार न करें।

# लाइनमैन खंभे से गिरा, थमीं सांसें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- गोविंद नगर के सहगल नर्सिंग होम के पीछे की घटना


घटना की जानकारी देता बेटा।

**अमृत विचार।** गोविंद नगर थानाक्षेत्र में रविवार देर रात खंभे पर चढ़कर फाल्ट की मरम्मत करते समय हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ जाने से लाइनमैन झुलस कर नीचे जमीन पर गिर गया। घायल को पास के एक अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।


चंद्रकांत श्रीवास्तव।

आवास विकास नौबस्ता निवासी 58 वर्षीय चंद्रकांत श्रीवास्तव गोविंद नगर केस्को सबस्टेशन में लाइनमैन था। बेटे पवन ने बताया कि रविवार देर रात करीब 12 बजे सहगल नर्सिंग होम के पीछे शंकराचार्य नगर इलाके में एक अपार्टमेंट में फाल्ट की समस्या पर वह टीम के साथ पहुंचे थे। शटडाउन लेने के बाद वह खंभे पर सीढ़ी से चढ़कर फाल्ट की मरम्मत करने लगे। इसी दौरान पास से गुजरी 11 हजार हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गए। एचटी लाइन से वह बुरी तरह से झुलस गए और सीढ़ी से सीधे नीचे जमीन पर गिर गए। हादसे के बाद साथी पिता को गोविंद नगर के एक अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने सर्वोदय नगर के एक निजी अस्पताल रेफर कर दिया। यहां डॉक्टरों ने रात एक बजे मृत घोषित कर दिया। पवन ने बताया कि वह भी विभाग में संविदा पर कार्यरत हैं। हादसे के बाद मां अनीता अचेत हो गईं। पुलिस ने जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में बिजली विभाग के एक्ससीएन, एसडीओ और जेई ने पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाया। उचित मुआवजा दिलाने की बात कही।

# पांच अस्पतालों में 42 आईसीयू बेड बढ़ेंगे

कार्यालय संवाददाता, कान पुर

- मेडिकल कॉलेज से संबद्ध अस्पतालों में सुधार

**अमृत विचार।** मेडिकल कॉलेज से संबद्ध हैलट, जच्चा-बच्चा, बाल रोग, संक्रामक रोग व मुरारी लाल चेस्ट अस्पताल में आईसीयू के 42 बेड और बढ़ जाएंगे। यहां आने वाले मरीजों को आईसीयू के लिए अब अधिक समय तक इंतजार नहीं करना होगा, न ही उनको यहां से निजी अस्पताल जाना होगा। इसके बाद यहां पर गंभीर मरीज भर्ती किए जाएंगे। आईसीयू बेड बढ़ने पर मरीजों को राहत मिलेगी।

हैलट इमरजेंसी में 35 आईसीयू बेड होने की वजह से कभी-कभी मरीजों को दिक्कतों को सामना करना पड़ जाता है। इसके लिए कॉलेज के प्राचार्य प्रो. संजय काला ने हैलट, जच्चा-बच्चा, बाल रोग, संक्रामक रोग व मुरारी लाल चेस्ट अस्पताल में 42 आईसीयू बेड बढ़ाने का फैसला लिया है। इसका लाभ गंभीर मरीजों को अधिक मिलेगा। प्रो. संजय काला ने बताया कि बाल रोग विभाग में बच्चों के लिए 22 बेड का आईसीयू बना है। आईसीयू के बेड बढ़ने से गंभीर मरीजों को फायदा होगा।

# 25 हजार रुपये का इनामिया गिरफ्तार

**कानपुर।** रेलबाजार थाना पुलिस ने गौ तस्करी के मामले में फरार चल रहे 25 हजार के इनामिया नसीम निवासी चन्दारी को गिरफ्तार किया है। रेलबाजार पुलिस के अनुसार नसीम काफी समय से दुर्जनखेड़ा में रामनाथ के मकान में किराए पर रह रहा था। वह थाना दही जिला उन्नाव की घटना के बाद से ही फरार था। जिसके बाद मामला दर्ज किया गया था। थाना पुलिस के अनुसार सोमवार को टीम चेकिंग कर रही थी, इसी दौरान उसे बेगमपुरवा तिराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। वह अपने पुराने घर पर किसी काम से आया था। इस संबंध में थाना प्रभारी विजय दर्शन शर्मा ने बताया कि आरोपी के पास से एक चापड़ बरामद हुआ है।

# देवर ने भाभी पर लोहे की रॉड से किया हमला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- साथ रहने से मना करने पर वारदात, एफआईआर दर्ज

**अमृत विचार।** साथ रहने से मना करने पर दासुकुआं के पास देवर ने भाभी पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। महिला नौबस्ता थाने से देवर से सुलह कर वापस लौट रही थी। गंभीर रूप से घायल महिला को नौबस्ता पुलिस ने अस्पताल पहुंचा कर आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास की धारा में रिपोर्ट दर्ज की।

मूलरूप से कानपुर देहात निवासी महिला ने बताया कि पति शराब के नशे में उससे मारपीट करता था। उसने तीन साल पहले पति को छोड़ दिया था। इसके बाद वह चचेरे देवर अतीन शर्मा के साथ पिछले तीन सालों से रह रही थी। अतीन भी उसके साथ अक्सर मारपीट करता था। जिससे परेशान होकर वह पिछले पांच माह से अलग रहने लगी थी। अतीन अक्सर उसे साथ रहने की धमकी देता था। विरोध करने पर अतीन ने नौबस्ता थाने में उसके खिलाफ शिकायत की। बताया कि 13 जनवरी को थाने से देवर से सुलह कर लौट रही थी। तभी रास्ते में अचानक अतीन ने लोहे की राड से हमला कर दिया।

**मिलेगी राहत** आईटीआई से देवकी चौराहा होकर छपेड़ा पुलिया तक लगेंगी लाइट, खंभे लगाने का काम शुरू

# 29 लाख से तीन किमी क्षेत्र की जगमग होंगी सड़कें


एलईडी लाइट लगा रहे कर्मियों से बात करते पार्षद नीरज बाजपेयी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** आईटीआई से देवकी चौराहे होते हुये छपेड़ा पुलिया तक सड़क जल्द रोशनी से जगमग होगी। तीन किलोमीटर के क्षेत्र की सड़क पर वर्षों से अंधेरा था। जिसपर नगर निगम के मार्गप्रकाश विभाग ने 90 नए पोल और एलईडी लाइटें लगाने का कार्य सोमवार से शुरू कर दिया है। नगर निगम मार्गप्रकाश अभियंता आरके पाल के अनुसार रामलला प्राण प्रतिष्ठा से पहले काम पूरा कर लाइटों को जला दिया जाएगा।

क्षेत्रीय पार्षद नीरज बाजपेयी ने बताया कि तीन किलोमीटर के मार्ग पर अंधेरा रहता था। आईटीआई से काकादेव थाने वाली सड़क पर तो अंधेरे की वजह से दुर्घटनाएं तक होती हैं। इसको देखते हुये नगर निगम को प्रोजेक्ट बनाकर दिया था। करीब 29 लाख रुपये से 90 पोल और एलईडी लाइट लगाने की स्वीकृति मिली है।

नगर निगम ने लाइटों को लगाना भी शुरू कर दिया है। नीरज ने बताया कि आईटीआई से देवकी चौराहा और देवकी चौराहा से रेव मोती और छपेड़ा पुलिया तक 90 पोल और लाइट फिटिंग का कार्य शुरू कराया है। पूरा काम समय सीमा के भीतर खत्म हो जाएगी।

**देवकी से रेवमोती तक काम तेज**

देवकी से रेवमोती तक 24 खंभे लग भी गए हैं। आईटीआई जेके मंदिर के आगे काम शुरू कराया है। अगले दो दिनों में काम पूरा कराकर एक साथ ही लाइटों को जला दिया जाएगा। प्रभारी मार्गप्रकाश मुख्य अभियंता आरके पाल ने बताया कि शहर में जहां–जहां अंधेरा है वहां लाइटों को लगाने के लिए बजट मांगा गया है।

**90** पोल और लाइटें लगाई जाएंगी

**24** खंभे लगा दिए गए हैं

**22** जनवरी से पहले पूरा होगा काम

### शहर भर में दो हजार लाइटें लगाने का बनाया प्लान

आरके पाल ने बताया कि 2 करोड़ से शहर की अंधेरी सड़कों पर लाइट लगाने का प्लान है। नगर निगम दो हजार लाइटें आने वाले दिनों में लगाएगा। जीटी रोड, डबल पुलिया से आवास विकास और फूलबाग की सड़कों पर लाइटें लगेंगी।

# आरामदायक जीवनशैली से बढ़ रहे रोग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


कार्यक्रम की शुरुआत करते डॉ.उमेश पॉलीवाल, डॉ.अमित मिश्रा। अमृत विचार

- इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजियोथेरेपिस्ट ने मनाया फिजियो महोत्सव

**अमृत विचार।** इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजियोथेरेपिस्ट और वुमेन सेल ने नए वर्ष के उपलक्ष्य पर शास्त्री नगर स्थित एक होटल में रविवार को फिजियो महोत्सव का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों ने दीप प्रज्वलन से किया। फिजियोथेरेपिस्टो ने परिवार समेत खेल व गीत-संगीत का आनंद लिया।

फिजियोथेरेपिस्टों ने बताया कि अनियमित खानपान व दिनचर्या और आरामदायक जीवनशैली की वजह से लोग कम उम्र में जोड़ों, मांसपेशियों, नसों आदि की समस्या से ग्रस्त हो रहे हैं, जिसमें युवा वर्ग के लोग भी शामिल हैं। इन समस्याओं को अब आधुनिक फिजियोथेरेपी तकनीकों से दूर किया जा सकता है। इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजियोथेरेपिस्ट सेंट्रल ब्रांच के संयोजक डॉ. अमित मिश्रा ने बताया कि आज के आधुनिक दौर में फिजियोथेरेपी चिकित्सा का महत्व तेजी से बढ़ा है। आधुनिक तकनीक से मरीजों को जल्द दर्द से राहत मिलती है। डॉ. स्टेनली ब्राउन ने बताया कि खेलकूद व गलत तरीके से किए गए व्यायाम से समस्याओं में फिजियोथेरेपी चिकित्सा बहुत उपयोगी है। इस दौरान डॉ.उमेश पालीवाल, डॉ.स्मिता सिंह, डॉ. बीके भद्रा, करनाल एसके कौशिक, डॉ. चंद्रशेखर, डॉ.अमित शुक्ला, डॉ.हिना वैश्य, लखनऊ के डॉ. सुदीप सक्सेना व डॉ.योगेश मघ्यान, डॉ.रवि गुप्ता, डॉ.सीपी सक्सेना, डॉ.एके सिंह, डॉ. ऋशिना मिश्रा, डॉ. विजय कुमार, डॉ. मनीष राव, डॉ. आदित्य सेंगर, डॉ.तृप्ति गुप्ता, डॉ. सिया आदि मौजूद रहे।

**आज का मौसम**
शीत लहर के साथ घना कोहरा छाए रहने के आसार है।

| 10.2° | 06.6° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 06 : 58 | सूर्यास्त 05 : 38 |

## एक नजर

### ऑनलाइन जॉब के नाम पर ठगी

**कानपुर।** हनुमंत विहार क्षेत्र के गल्लामंडी निवासी हेमा ठाकुर को व्हाट्सएप पर ऑनलाइन जॉब का मैसेज भेज साइबर ठगों ने 64167 रुपये ठग लिए। खाते से रकम कटने पर ठगी का अहसास होने पर हेमा ने नौबस्ता थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। हेमा ठाकुर ने बताया कि कुछ दिन पूर्व उनके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से व्हाट्सएप पर ऑनलाइन जॉब का मैसेज आया था। लिंक पर क्लिक कर डिटेल भरी तो उनके एसबीआई खाते से रकम पार हो गई। उन्होंने थाने में शिकायत की है।

### बीपीओ ने बरामद किया खोया हुआ बच्चा

**कानपुर।** नौबस्ता थाना क्षेत्र से गुमशुदा हुए नाबालिग बच्चे को बीट पुलिस अधिकारियों (बीपीओ) ने सकुशल किया बरामद। नाबालिग कुछ दिन पूर्व परिजनों को बिना बताए घर से निकल गया था। परिजनों ने आस-पास और नाते-रिश्तेदारों के यहां तलाश की पर कुछ पता नहीं चला। इसके बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। बीट पुलिस अधिकारी कांस्टेबल नरेश और अजय गुमशुदा बच्चे की तलाश में लगाए गए थे। सोमवार को गुमशुदा बच्चे को सकुशल बरामद किया गया। बच्चा वापस मिल जाने पर परिजनों ने नौबस्ता और बीट पुलिस का आभार जताया।

### उंगली मोड़ते और घूसा मारते नजर आए आरोपी

**कानपुर।** कल्याणपुर थानाक्षेत्र के रहने वाले एमसीए छात्र को अगवा कर पीटने और मुंह में पेशाब करने के मामले में सोमवार को एक और वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। जिसमें आरोपी छात्र की उंगली मोड़ते और घूसा मारते हुए नजर आ रहे छात्र आरोपियों से मिन्नतें कर रहा। इसके बाद भी आरोपियों को दिल नहीं पसीजा। हालांकि पुलिस अब तक चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। जबकि छह आरोपी फरार है। साथ ही एलआईयूकर्मी को भी निलंबित कर दिया। हालांकि अमृत विचार वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

---

**इससे पहले 15 जनवरी 2003 को अधिकतम पारा 10 डिग्री सेल्सियस रहा था**

# टूटा रिकॉर्ड: 21 साल बाद 15 जनवरी रही सबसे सर्द

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सोमवार को अधिकतम पारा 10.2 दर्ज किया गया
- लगातार तीसरे दिन दोनों उड़ानें निरस्त की गईं
- अधिकतम तापमान ने 4.4 डि.से. का गोता लगाया

**अमृत विचार।** 15 जनवरी की सर्दी ने पिछले 21 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। सोमवार को अधिकतम पारा 10.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। 24 घंटे के भीतर अधिकतम तापमान ने 4.4 डिग्री सेल्सियस का गोता लगा दिया। इससे दिन में गजब की गलन रही। इससे पहले 15 जनवरी 2003 को अधिकतम पारा 10 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था। चकेरी एयरपोर्ट से लगातार तीसरे दिन दोनों उड़ानं निरस्त रहीं। मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो फिलहाल गलनभरी सर्दी से राहत मिलने की उम्मीद नहीं है।

सर्दी का सितम कम नहीं हो रहा है। सोमवार को लोग दिनभर ठिठुरते रहे। चकेरी एयरपोर्ट से लगातार तीसरे दिन दोनों उड़ानें निरस्त रहीं। 57 ट्रेनें देरी से सेंट्रल आईं। सड़क यातायात भी कोहरे की वजह से प्रभावित रहा। कई सड़कों पर सन्नाटा रहा।

सर्दी व कोहरा अधिक होने से सड़क पर वाहन औसत से कम निकले। शहरवासियों को सुबह से ही घने कोहरे ने परेशान किया। कोहरे के साथ बह रही शीतलहर से लोगों ने घरों में ही रहना सुरक्षित समझा। जरूरी काम से बाहर निकलने वालों को लाइट जलाकर वाहन चलाना पड़ा।

सोमवार को सीएसए के मौसम वैज्ञानिकों ने न्यूनतम पारा 6.6 डिग्री सेल्सियस जबकि अधिकतम पारा 10.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया। मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि अधिकतम पारा 4.4 डिग्री सेल्सियस लुढ़का है जिस कारण दिन में भीषण गलन रही। सीएसए के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एसएन सुनील पाण्डेय ने बताया कि शहर में सोमवार को अतिशीतलहर रिकॉर्ड की गई है। सुबह व शाम को घना कोहरा रहने और शीतलहर चलने की संभावना है।


दिनभर कांपो और तापो, अलाव बड़ा सहारा। अमृत विचार


सब घर में दुबके, बड़ा चौराहा पर दोपहर में इतना सन्नाटा। अमृत विचार

### दिल्ली-मुंबई जाने वाले यात्री निराश

खराब मौसम की वजह से सोमवार को दिल्ली और मुंबई की फ्लाइट नहीं उड़ सकी। इससे 268 यात्री निराश हो गए। शहर से दिल्ली जाने वाली फ्लाइट को ऐन वक्त पर कैंसिल किया गया। इससे दिल्ली जाने वाले यात्रियों को लखनऊ जाकर फ्लाइट लेनी पड़ी।

### 6421 यात्रियों ने टिकट कराए कैंसिल

सेंट्रल पर आने वाली ट्रेनों की लेट लतीफी की वजह से सोमवार को 6421 यात्रियों ने अपने रिजर्व टिकट कैंसिल कराए। सेंट्रल पर सबसे ज्यादा प्रभावित दिल्ली हावड़ा रूट रहा। इस रूट की 29 ट्रेनें देरी से सेंट्रल पहुंचीं। कुल 57 ट्रेनें लेट रहीं। सबसे अधिक देरी से आने वाली ट्रेनों में बिहारसंपर्क क्रांति ने 18 घंटे यात्रियों को इंतजार कराया। सूबेदार सुपरफास्ट 10 .30 घंटे देरी से आई। गोरखधाम एक्सप्रेस 15 घंटे देरी से सेंट्रल पहुंची। पूर्वा एक्सप्रेस 17 घंटे व स्वतंत्रता संग्राम 17 घंटे देरी से आई।

---

### 88 टेनरियों का किया निरीक्षण, बंद मिला उत्पादन

**कानपुर।** माघ मेला-2024 के बन्दी रोस्टर का पालन कराने के लिए सोमवार को चौथे दिन भी डीएम द्वारा गठित टीमों ने 88 टेनरियों का निरीक्षण किया। इस दौरान सभी जगह उत्पादन कार्य बंद पाया गया। चार दिनों में अभी तक आठ टीमों ने कुल 423 जल प्रदूषणकारी इकाइयों का औचक निरीक्षण किया है।

इसके साथ ही जाजमऊ टेनरी उद्योगों से संबद्ध समस्त पंपिंग स्टेशनों, सीवेज पंपिंग स्टेशन के साथ ही बुढ़िया घाट नाला, शीतलाबाजार नाला, वाजिदपुर नाला का भी निरीक्षण किया गया। दौरान नाले से गंगा में अशुद्धियां जाते नहीं मिली।

क्षेत्रीय प्रदूषण अधिकारी अमित मिश्रा ने बताया कि 36 एमएलडी सीईटीपी की इकाईयों का भी टीम ने निरीक्षण किया। टेनरी पंपिंग स्टेशनों के संपों में और 36 एमएलडी सीईटीपी के इन लेट पर औद्योगिक उत्प्रवाह निस्तारित नहीं पाया गया।

---

# सड़क पर लड़ते सांड़ों ने किशोर को गिराया, रौंदकर मार डाला

## बर्रा विश्व बैंक ई ब्लॉक में हादसा, दुकान से सामान लेकर घर लौट रहा था किशोर

**अंधेरनगरी**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- जोरदार टक्कर मारी सांड़ों ने गिरा तो रौंद दिया
- सीसीटीवी कैमरे में पूरी घटना कैद हो गई
- सिर पर भारी चोट लगने से हो गई मौत

**अमृत विचार।** रविवार शाम बर्रा विश्व बैंक ई ब्लॉक में दो साड़ों की लड़ाई में एक किशोर की मौत हो गई। साइकिल से सब्जी लेने जा रहा किशोर चौराहे पर पहुंचा ही था कि तभी गली में लड़ रहे कई सांड़ दौड़ पड़े और किशोर को चपेट में ले लिया। सांड़ों के जोरदार धक्के से किशोर साइकिल समेत गिर गया और सांड़ उसे रौंदते चले गए। बेहोश किशोर को परिजन निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां से उसे हैलट रेफर कर दिया गया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।


मृतक राज।

बर्रा विश्व बैंक ई ब्लॉक निवासी प्राइवेटकर्मी राकेश मिश्रा ने बताया उनके दो बेटे कृष (17) व राज (15) थे। रविवार शाम राज सब्जी खरीदने की बात कह कर साइकिल से घर से निकला था। इस दौरान गली में दो सांड़ लड़ रहे थे, लड़ाई के दौरान साड़ों ने अचानक दौड़ लगा दी और वहां से गुजर रहे राज को टक्कर मार दी। राज गिरा तो सांड़ ने उसे रौंद दिया। राज के सिर में गंभीर चोट आई और वह बेहोश हो गया। मोहल्लेवासियों की सूचना पर मौके पर पहुंचे परिजन राज को प्रिया नर्सिंग होम ले गए, जहां से उसे हैलट रेफर कर दिया गया। हैलट में इलाज के दौरान राज की मौत हो गई। राज की मौत की सूचना पाकर मां अनुपम बेहोश होकर गिर पड़ीं।

| | |
|---|---|
| **15** | माह में सांड़ के हमलों का आतंक बढ़ा |
| **13** | लोग सांड़ के हमले में जान गवां चुके |
| **158** | लोगों की सांड़ों के हमले में हड्डी टूटी |
| **263** | लोग सांड़ के हमले से अस्पताल पहुंचे |
| **438** | सड़क हादसे सांड़ों की वजह से |

### घर से 100 मीटर की दूरी पर हुआ हादसा

हादसा राज के घर से मात्र 100 मीटर की दूरी पर हुआ। क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि मोहल्ले में खाली पड़े प्लॉट पर कूड़ा फेंका जाता है, जिस कारण मोहल्ले में आवारा मवेशियों का जमावड़ा लगा रहता है। मवेशियों के बीच झगड़े में अक्सर लोग चुटहिल होते रहते हैं। लोगों ने बताया कि करीब एक माह पूर्व मोहल्ले में रहने वाली माया श्रीवास्तव मंदिर में पूजा करने गई थीं, इसी दौरान सांड़ ने उनको भी पटक दिया था, जिससे उनके पैर में चोट आई थी।

### और अयोध्या में सांड़ पकड़ रही नगर निगम टीम

**कानपुर।** शहर में आवारा जानवर आतंक मचाए हैं और कानपुर नगर निगम कैटिल कैचिंग विभाग अयोध्या में सांड़ पकड़ रहा है। शहर से दो गाड़ियां और 10 कर्मचारी भेजे गए हैं जो अयोध्या शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में घूम-घूमकर बेसहारा जानवरों को पकड़ रहे हैं। पशुचिकित्साधिकारी आलोक निरंजन ने बताया कि तीन दिन में वहां टीम ने 24 बेसहारा जानवरों को पकड़ा है।

शहर में बेसहारा जानवरों पर काबू करने में फेल नगर निगम को अयोध्या में सांड़ व अन्य जानवरों को पकड़ने भेजा गया है। शासन से मिले निर्देश पर नगर निगम की विशेष कैटिल कैचिंग टीम को दो गाड़ियों के साथ भेजा गया है। आलोक निरंजन ने बताया कि अयोध्या के नरेंद्र देव नगर, अंगूरी बाग, कारसेवकपुरम, पुरा रोड, थीरी बाजार, राम कथा पार्क में अभियान चलाकर बेसहारा गाय को पकड़ा गया है।


बर्रा विश्व बैंक में आवारा जानवरों का आतंक। अमृत विचार

### आवारा जानवर बन रहे काल

- पनकी में बजरंग दल के खंड संयोजक प्रखर की सांड़ के पटकने से मौत
- विजय नगर में महिला पर सांड़ का हमला, मौत
- नौबस्ता में स्वतंत्रता सेनानी को सांड़ ने पटका, मौत
- चकेरी में रिटायर्ड एचएएल कर्मी को सांड़ ने पटका, मौत
- फूलबाग में सब्जी विक्रेता को सांड़ ने पटककर मार डाला
- बंबा रोड गुमटी में बीटेक स्टूडेंट शुभम को सांड़ ने पटका, मौत
- परमट में सांड़ ने वृद्ध को पटककर मार डाला
- बर्रा में सांड़ ने युवक पर किया हमला, मौत

### 30 जनवरी को था जन्मदिन

30 जनवरी को राज का जन्मदिन था। राज के पिता राकेश ने बताया कि कृष व राज एक ही स्कूल में पढ़ते थे। राज कई बार घर से भाग चुका था। शिकायत करने पर पुलिस कई बार उसे बरामद कर चुकी थी। मामले की जानकारी स्कूल में होने पर दोनों भाईयों को स्कूल से निकाल दिया गया था। उस समय राज कक्षा सात का छात्र था, जिसके बाद से दोनों की पढ़ाई बंद थी।

---

# डॉक्टर अपने पर्चे पर लिख रहे राम


कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कॉर्डियोलाजी संस्थान के एसोसिएट प्रो. नीरज कुमार ने की व्यक्तिगत पहल
- अभी डॉक्टरों के पर्चे पर लिखा जाता है आरएक्स

**अमृत विचार।** एलपीएस हृदय रोग संस्थान (कॉर्डियोलॉजी) के एक डॉक्टर अब अपने पर्चों पर आरएक्स की जगह राम लिख रहे हैं। कॉर्डियोलॉजी के एसोसिएट प्रोफेसर नीरज कुमार ने यह फैसला किया है।

रावतपुर स्थित कॉर्डियोलॉजी संस्थान में अभी तक पर्चे पर डॉक्टर अन्य डॉक्टरों की तरह आरएक्स लिखते हैं। आरएक्स का जुड़ाव इजिप्ट के गॉड होरेस से है। जिनकी आंख की बनावट आर जैसी थी। एसोसिएट प्रो. नीरज कुमार ने बताया कि आरएक्स लिखने का मतलब यह होता है कि जो दवाई हम आपको दे रहे हैं, आप वो खाएं और ईश्वर (इजिप्ट के गॉड होरेस) आपको ठीक करें। यह सिंबल पश्चिमी देशों की देन है, जो एक जमाने से चला आ रहा है। लेकिन अब संस्थान में एसोसिएट प्रो.नीरज कुमार ने अपने पर्चे पर आरएक्स की जगह राम लिखना शुरू किया है। उनका कहना है कि इससे लोगों को सनातनी होने का अहसास होगा। इसलिए यह पहल की गई है। उन्होंने बताया कि राम के नाम के साथ उनका धनुष बाण भी बना हुआ है।

> डॉ.नीरज कुमार व्यक्तिगत तौर पर ऐसा कर रहे है। संस्थान की ओर से कोई निर्देश जारी नहीं किया गया है न ही उन्होंने उच्चाधिकारियों से कोई अनुमति ली है। ऐसा करना नियम के विरुद्ध भी है। इस संबंध में उनसे वार्ता की जाएगी।
>
> -प्रो. राकेश वर्मा, निदेशक कॉर्डियोलॉजी संस्थान



डॉक्टर ने पर्चे पर यूं लिखा 'राम' और बनाया बाण। अमृत विचार

### पहले बना चुके हैं राम किट भी



एसोसिएट प्रो. नीरज कुमार ने इससे पहले हृदय रोगियों के लिए 7 रुपये की राम किट बनाई थी। जिसमें हार्ट अटैक के लक्षण दिखने पर ली जाने वाली 3 जरूरी दवाएं रखी गई हैं। उन्होंने बताया कि हार्ट अटैक के लक्षण दिखने पर मरीज को प्राथमिक इलाज मिलना बेहद जरूरी होता है। सर्दी के मौसम में दिल के रोगियों को राम किट जरूर अपने पास रखनी चाहिए, जिसकी कीमत मात्र 7 रुपये है। इस किट में इकोस्प्रिन, सोर्बिट्रेट व रोसुवैस 20 टैबलेट शामिल हैं। हार्ट अटैक के तुरंत बाद मरीज को यह दवाएं देने से जान बचने की संभावना अधिक रहती है। बताया कि इकोस्प्रिन दिल में थक्के बनने से रोकती है। रोसुवैस कोलेस्ट्रोल को कम करने का काम करती है। दोनों को पानी के साथ खाना है। जबकि सोर्बिट्रेट दवा को चूस कर खाना है।

---

### आचमन को गंगा जल तक नसीब नहीं...



गंगा घाटों से दूर हो गई हैं। हालत यह है कि सरसैया घाट पर किनारे नालों का पानी जमा है और लोगों को स्नान के लिए इसे फांद कर जाना पड़ता है। मकर संक्रांति के अवसर पर सरसैया घाट पर गंगा नदी की जल धारा की बजाय नाले का दुर्गंध युक्त काला पानी का जमाव देख श्रद्धालु परेशान हुए। नगर निगम ने सफाई की कोई व्यवस्था नही की। कल ही यहां महापौर झाड़ू लगा रही थीं। शर्मनाक है जिला प्रशासन मकर संक्रांति पर भी सूर्य को अर्घ्य देने व आचमन के लिए श्रद्धालुओं को गंगा जल मुहैया नहीं करा सका। फोटो - मनोज तिवारी

---

# 7.64 करोड़ से रामादेवी हाईवे सुधरेगा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भौंती-जाजमऊ हाईवे पर रामादेवी से जाजमऊ तक पांच किलोमीटर के जर्जर मार्ग की मरम्मत का कार्य जल्द किया जाएगा। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने मरम्मत कार्य के लिए कार्यदायी संस्थाओं से टेंडर मांगे हैं। एनएचएआई ने मरम्मत कार्य के लिए 7.64 करोड़ रुपये का एस्टीमेट तैयार किया है।

भौंती से जाजमऊ तक 23 किलोमीटर लंबे हाईवे पर रोजाना हजारों की संख्या में झांसी, हमीरपुर, महोबा की ओर से गिट्टी, मौरंग लदे ट्रक गुजरते हैं। ओवरलोडिंग के कारण हाईवे जगह-जगह पर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। सबसे ज्यादा खराब हालात रामादेवी से जाजमऊ के करीब पांच किलोमीटर के दायरे में है। सैकड़ों छोटे-बड़े गड्ढे हैं। एनएचएआई की मेंटीनेंस कंपनी की ओर से गड्ढों की भराई का कार्य भी कराया गया, लेकिन कुछ ही समय में समस्या जस की तस हो जाती है।

अब एनएचएआई ने रामादेवी से जाजमऊ तक 5.46 किलोमीटर क्षतिग्रस्त मार्ग की मरम्मत के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू की है। एनएचएआई ने हाईवे के मरम्मत कार्य के लिए 7.64 करोड़ का एस्टीमेट तैयार किया है। टेंडर प्रक्रिया का पूरा होते ही कार्य शुरू कराया जाएगा।



रामादेवी से जाजमऊ तक हाईवे है बदहाल। अमृत विचार

> रामादेवी से जाजमऊ तक ओवरलोड वाहनों के कारण हाईवे क्षतिग्रस्त हो रहा है। मरम्मत के लिए कार्यदायी संस्थाओं से टेंडर मांगे गए है। टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद मरम्मत कार्य शुरू कराया जाएगा।
>
> अमन रोहिला, परियोजना निदेशक, एनएचएआई

---

**पोल खोल** वर्ष 2023 में जेसीआई के सहयोग से कानपुर स्मार्ट सिटी ने बनाया था होम, एक साल ही चल सका

# स्मार्ट शेल्टर होम में लगा है ताला, बाहर ठिठुर रहे बेसहारा लोग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर में ठंड और शीतलहर का भारी प्रकोप है। खुले में सोने वालों के ऊपर तो आफत सी आ गई है। ऐसे में घंटाघर चौराहे पर बना स्मार्ट शेल्टर होम (मोबाइल यूनिट) पर ताला जड़ दिया गया है। जिससे बेसहारा और रात में घंटाघर में उतरने वाले यात्रियों का आसरा छिन गया है। 2023 जनवरी में खोला गया शेल्टर होम सिर्फ एक ठंड ही लोगों को राहत दे सका। स्थानीय लोगों की मानें तो सुविधाओं के अभाव में अधिकारियों ने शेल्टर होम में ताला लगा दिया है।

जेसीआई के सहयोग से घंटाघर पर कानपुर स्मार्ट सिटी ने स्मार्ट शेल्टर होम बनाया था। 10 लाख रुपये से बने शेल्टर होम में 24 लोगों के लेटने की सुविधा है। स्मार्ट शेल के रूप में प्रदेश का पहले 24 बेड्स के मोबाइल यूनिट (स्मार्ट शेल्टर होम) को इन्दौर मॉडल के आधार पर तैयार किया गया था। यह स्मार्ट शेल्टर होम पोर्टेबल बनाया गया था जो किसी भी समय जरूरत पड़ने पर अन्य स्थान पर शिफ्ट किया जा सकता है। इसमें चार्जिंग प्वाइंट्स, वेन्टिलेशन की भी सुविधा है। लेकिन वर्तमान समय में इसमें ताला लगा है।


खुले में लेटने को मजबूर इमरान।



घंटाघर चौराहे पर बने स्मार्ट शेल्टर होम में लगा ताला। अमृत विचार

| | |
|---|---|
| **10** | लाख रुपये से बना था शेल्टर होम |
| **24** | लोगों के लेटने की सुविधा है इसमें |
| **28** | जगहों पर शेल्टर होम बने हैं शहर में |

### अन्य जगहों पर बिना परिचय पत्र प्रवेश नहीं

चुन्नीगंज, काकादेव समेत कई 28 जगहों पर शेल्टर होम बने हैं लेकिन इनमें बिना परिचय पत्र के किसी को प्रवेश नहीं मिलता है। ऐसे में तमाम बेसहारा लोग परेशान हैं क्योंकि उनके पास परिचय पत्र नहीं हैं। वे खुले में ही सोने को मजबूर हैं। बिना परिचय पत्र के यदि कोई शेल्टर होम में जाता है तो वहां उसे उसे लौटा दिया जाता है ,जबकि डीएम का सख्त आदेश है कि जिनके पास परिचय पत्र नहीं हैं उन्हें भी प्रवेश दिया जाए। गोरखपुर निवासी राजा शहर में कबाड़ का काम करते हैं। उनके पास परिचय पत्र नहीं है ऐसे में उन्हें चुन्नीगंज के शेल्टर होम से वापस कर दिया गया। अब वे डीसी लॉ कालेज के पास सड़क किनारे सोने को मजबूर हैं। यही हाल लखनऊ के इमरान का भी है। उनके पास भी परिचय पत्र नहीं है और वे किसी शेल्टर होम में जगह नहीं पा रहे हैं।

### बिना पहचान पत्र मिलेगा प्रवेश: डीएम

डीएम विशाख जी अय्यर का कहना है कि नगर आयुक्त से कहा है कि जिनके पास परिचय पत्र नहीं है उन्हें भी शेल्टर होम में रहने दिया जाए। इस आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाएगा। रात्रि में अधिकारी भ्रमण कर यह देख रहे हैं कि कोई खुले में तो नहीं सो रहा है। वह भी रैन बसेरों का निरीक्षण कर रहे हैं। जो सोते हुए मिलता है उसे शेल्टर होम भेजा जाता है।



अपार्टमेंट की ऊपरी मंजिलों से लोगों को निकालते दमकल जवान। अमृत विचार

## चमनगंज में आग: अपार्टमेंट में बेहोश पड़ी महिला और बिल्ली निकाली गई

# जान बचाने के लिए बेटे को दूसरी मंजिल से फेंका, महिला हुई बेहोश

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चमनगंज थानाक्षेत्र के अति व्यवस्ततम भीड़भाड़ वाले रूपम चौराहा के पास स्थित चार मंजिला अपना पैलेस अपार्टमेंट के बेसमेंट की दुकान में सोमवार देर रात शार्ट-सर्किट से भीषण आग लग गई। अपार्टमेंट की दूसरी मंजिल पर आदिल अपने परिवार के साथ रहते हैं। इस अग्निकांड में वह भी अपनी परिवार के साथ फंस गए। इस दौरान फायर फाइटर्स ने रेस्क्यू शुरू किया। इस दौरान आदिल को लिफ्ट बंद होने से बचाव का कोई रास्ता नहीं दिख रहा था। बेटे आहद को बचाने का कोई रास्ता नहीं दिख रहा था। नीचे खड़े लोगों से मदद मांग कर उसे अपार्टमेंट से फेंकना मजबूरी बन गई थी।

कलेजे पर पत्थर रख उसे दूसरी मंजिल से नीचे फेंका, जिसे नीचे खड़े लोगों ने उसे सकुशल कैच कर लिया। इसके बाद सीढ़ी से फायर फाइटर्स ने आदिल, उसकी बेटी आहद और पत्नी जीनत्तुननिशां को सकुशल उतारा। इसके बाद टीम ने उन्हें सुरक्षित बैठा दिया। इस दौरान फायर फाइटर्स ऑक्सीजन सिलेंडर लेकर किसी के फंसे होने पर अंदर घुसे।

जहां उन्हें अपार्टमेंट में रहने वाली फातिमा नाम की महिला बेहोश मिली। जिन्हें पास के एक निजी अस्पताल भेजा गया। आदिल के अनुसार आग की लपटें इतनी विकराल थीं कि अपार्टमेंट की खिड़कियों तक आ गई थीं।



चार मंजिला अपना पैलेस अपार्टमेंट धुएं की आगोश में। अमृत विचार

### कारखाने को शिफ्ट करने को था कहा

ये बिल्डिंग जावेद और शरीफ की है। पहली मंजिल पर रहने वाले मो. तारिक, तीसरी मंजिल निवासी इमरान और तीसरी मंजिल में रहने वाले रज्जु व इसी अपार्टमेंट में रहने वाले शरीफ, शकील, जावेद, अरशद ने बताया कि कई बार उन लोगों ने जावेद और शरीफ से कहा कि बिल्डिंग में परिवार रहते है। नीचे के कारखाने कहीं और शिफ्ट करा दिए जाएं लेकिन कोई उनकी सुनने को तैयार नहीं है। वहीं फायर ब्रिगेड की टीम की मानें तो इस पूरी इमारत में आग बुझाने के कोई यंत्र मौजूद नहीं थे। नीचे अवैध रूप से सारे कारखाने थे, जिनकी परमिशन भी नहीं ली गई थी। मंगलवार को जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

### आदित्य व सत्येंद्र को सलाम

अपार्टमेंट में रहने वाले 20 परिवारों में करीब 16 फंस गए थे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बिल्डिंग में धुआं इतना भीषण भरा हुआ था कि निकलने का रास्ता ही नहीं मिल रहा था। मौके पर फायर ब्रिगेडकर्मी आए तो राहत महसूस हुई। उन्होने बताया कि फायर ब्रिगेड कर्मी आदित्य पाठक व सत्येंद्र गुर्जर ने जान हथेली पर रख कर बिल्डिंग में मौजूद करीब 16 लोगों को बचाया। बिल्डिंग से बाहर निकले लोगों ने दोनो फायरब्रिगेड कर्मियों को दिल से सलाम बोला।

### दमकलों ने पाया काबू

सूचना पर आसपास के फायर स्टेशन से 11 फायर ब्रिगेड की गाडियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने की कोशिश शुरू की। चप्पल के साथ रेडीमेड का काम होने की वजह से ज्वलनशील पदार्थ रखा था, जिसमें आग बुरी तरह से पकड़ चुकी थी। फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने जहां आग पर काबू पाने की कोशिश शुरू की वहीं एक टीम ने ऊपर की मंजिल में फंसे लोगों को निकालने का काम शुरू किया।

### अतिरिक्त पुलिस बल, क्यूआरटी और पीएसी पहुंची

घनी आबादी वाले इलाके में घटना होने पर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सतर्क हो गया। पीएसी, क्यूआरटी और अतिरिक्त पुलिस बल मौके पर लगा दिया गया। आग बुझने के बाद भी बिल्डिंग के चारों तरफ पुलिस बल तैनात कर दिया गया। आग बुझने के बाद बिल्डिंग के रहने वालों ने एक महिला के गुम होने की जानकारी दी। हालांकि आग से ज्यादा धुएं की वजह से ऊपर रहने वालों को परेशानी हुई।



लोगों को सुरक्षित निकाला गया।




बेसमेंट में खड़ी कार जल गई।

### घटनास्थल पर जेसीपी समेत पहुंचे आलाधिकारी

अग्निकांड की सूचना पर संयुक्त पुलिस आयुक्त आनंद प्रकाश तिवारी, डीसीपी सेंट्रल प्रमोद कुमार, एडीसीपी आरती सिंह, एसीपी सीसामऊ श्वेता कुमारी, मुख्य अग्निशमन अधिकारी दीपक शर्मा, एसीपी अपराध मो मोहसिन समेत ग्वालटोली, कर्नलगंज, सीसामऊ, बजरिया, बेकनगंज समेत कई थानों का फोर्स मौके पर पहुंचे। जिन्होंने वहां फैली अफरातफरी की व्यवस्था को संभाला। रूपम चौराहे और इफ्तिखाराबाद वाले रास्ते पर पुलिस बल तैनात करके अंदर जाने से मना कर दिया गया। जेसीपी ने बताया कि बिल्डिंग में रेस्क्यू करके सभी को सकुशल निकाल लिया गया। घटना में किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई। घटना के कारणों की जांच कराई जाएगी।



बच्चे को उतारता अग्निशमन कर्मी।



धुएं भरी इमारत से निकलते लोग।

## हाइड्रोलिक प्लेटफार्म मशीन बीमार

**कानपुर।** पिछले पांच वर्षों से खराब पड़ी हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म हाल ही में 30 लाख के खर्च से ठीक कराई गई थी। लेकिन एक दिन के ट्रायल के बाद वह फिर से बीमार है। बांसमंडी में उत्तरप्रदेश के सबसे बड़े अग्निकांड में सफेद हाथी साबित हुई थी। इसके बाद बाबूपुरवा चालीस दुकान और एक्सप्रेस रोड पर तीन खंड के शिव प्लाजा और सोमवार को चमनगंज थानाक्षेत्र में अपना अपार्टमेंट के बेसमेंट में लगी आग के बाद चार मंजिल से फंसे लोगों को रेस्क्यू किया गया। खराब मशीन का मामला अमृत विचार अखबार ने बड़ी प्रमुखता से प्रकाशित किया था। जिसका डीजी फायर ने संज्ञान लिया था। इटली से आई इंजीनियरों की टीम ने इसे फिर से चालू कर दिया था। मार्च में जब बांसमंडी की इमारतों में आग धधकी थी लखनऊ, आगरा, प्रयागराज से हाइड्रॉलिक प्लेटफार्म गाड़ी मंगाई गई थीं।

सीएफओ दीपक शर्मा ने बताया था कि हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म को ठीक कराने के लिए लगातार प्रयास जारी था। बीती 17 जुलाई को गाड़ी को डीजी फायर के आदेश पर लखनऊ भेजा गया था। वहीं इटली से आए इंजीनियरों ने इसकी मरम्मत की। इसे दोबारा से चालू करने में करीब 30 लाख रुपये का खर्चा आया था। पिछले ट्रायल के बाद हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म को कानपुर की टीम को सौंप दिया गया। लेकिन वह फिर से डिस्टर्ब है।



ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर ने संभाला मोर्चा। अमृत विचार

- **लखनऊ मुख्यालय में इटली से आई इंजीनियरों की टीम ने किया था ठीक**
- **वर्ष 2015 में इटली से आई और 2019 तक ही चल सकी थी महंगी मशीन**

### फजलगंज फायर स्टेशन में किया गया था तैनात

हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म मशीन को सात करोड़ रुपये में 16 जनवरी 2015 को अग्निशमन विभाग ने शहर के लिए मंगाया था। इसे फजलगंज फायर स्टेशन में तैनात किया गया था। हाईटेक दमकल गाड़ी में पानी भरने की सुविधा नहीं है, बल्कि हौज पाइप से जोड़कर इससे बहुमंजिला इमारतों की आग बुझाई जा सकती है। इसकी सीढ़ी बूम की मदद से 135 फुट तक जाकर आग बुझाने और ऊंचाई पर फंसे लोगों को निकालने में खासतौर पर काम आती है। दमकल अफसरों की उदासीनता ही कहेंगे कि यह मशीन होते हुए भी बांसमंडी अग्निकांड में आग बुझाने के काम नहीं आई। बांसमंडी अग्निकांड के बाद इटली के इंजीनियरों से इसे दुरुस्त कराया गया। आखिरी बार इसका प्रयोग वर्ष 2019 में किया गया था।

### भीड़ ने रेस्क्यू टीम की बढ़ाईं मुश्किलें

चमनगंज थानाक्षेत्र में हुए चार मंजिला अग्निकांड में आग की सूचना पर दमकलों का अलग-अलग फायर स्टेशनों से आना शुरू कर दिया गया। इस दौरान आग लगने के कारण क्षेत्र की लाइट काट दी गई। इसका सीधा फायदा आसपास के लोगों ने उठाया। करीब तीन सैकड़ा से ज्यादा लोग मौके पर पुलिस के साथ वहां पहुंच गए। जिसके बाद वहां पर अफरातफरी की स्थिति बन गई। दमकलों को मोड़ने के लिए जगह नहीं मिल पा रही थी, इस कारण गाड़ी को जाम की बीच से जूझ करना गुजरना पड़ रहा था।

### धुएं के गुबार से बढ़ी लोगों की परेशानी

फायर बिग्रेड की गाड़ियों ने आग पर काबू पाने के लिए प्रयास तेज किए और करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि रात 11 बजे तक बेसमेंट से धुआं निकलता रहा। लेकिन इससे चारों ओर धुएं का गुबार बना हुआ है। इस दौरान आखिरी में एक बिल्ली को रेस्क्यू किया गया। धुएं के गुबार ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी। कुछ लोगों को खांसी की परेशानी हुई। धुएं के कारण घटना वाली बिल्डिंग से जुड़ी बिल्डिंग में भी धुआं भर गया। जिसके बाद वह लोग खिड़की खोलकर नीचे सड़क पर आ गए।

## दहेज के लिए ठंडे पानी से नहलाने का आरोप

**कानपुर।** बिहार में तैनात शिक्षिका ने पति समेत ससुरालीजनों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। पीड़िता का आरोप है कि दहेज न लाने पर ससुरालीजनों ने सर्दी में ठंडे पानी से नहलाया। पीड़िता की शिकायत पर हनुमंत विहार पुलिस ने ससुरालीजनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया।

हनुमंत विहार निवासी हेम प्रिया पांडेय ने बताया कि वर्ष 2022 में उनकी शादी मयंक त्रिपाठी से हुई थी। शादी के बाद ससुरालीजन कार की मांग करने लगे, असमर्थता जताने पर प्रताड़ना दी। आरोप है सर्दी में ठंडे पानी से नहलाया, खाने में पानी मिला देते थे। मारपीट से गर्भ भी गिर गया। इस दौरान उसकी बिहार में अध्यापक के तौर पर नौकरी लग गई तो पति ने वहां पहुंच कर बेइज्जत किया।



प्रेस वार्ता में जानकारी देते आयोजक। अमृत विचार

## 21 को शोभायात्रा, 22 को प्राण प्रतिष्ठा

**कानपुर।** श्री भुवनेश्वर जीर्णोधार समिति 53 वां वार्षिकोत्सव 21 और 22 जनवरी को मनाने जा रहा है। जिसकी तैयारियों को लेकर सोमवार को किदवई नगर स्थित साईं धाम मंदिर में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें होने वाले चार कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। 53 वां वार्षिकोत्सव ज्ञान यज्ञ, श्रीसाई धाम मंदिर का 18 वां स्थापना दिवस, प्राचीन श्री भुवनेश्वर-कल्याणी माता मंदिर में पंच प्रभु की प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियों को बताया गया। कार्यक्रम के तहत 21 जनवरी दिन रविवार को भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। शोभा यात्रा सुबह 10 बजे मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर ई ब्लॉक चौराहा, हनुमान मंदिर, जंगली देवी मंदिर, किदवई नगर चौराहा, बी ब्लॉक, भोलेश्वर मंदिर होते हुए वापस मंदिर प्रांगण में विराम होंगी। 17 से 25 जनवरी तक श्री राम कथा सुनाई जाएगी। प्रेस वार्ता में मिथलेश गुप्ता, गौरव गुप्ता, नरेश सुहाने, अनिल शुक्ला, नवीन अग्रवाल, नरेश गुप्ता, विजय अग्रवाल, आलोक शर्मा आदि थे।

# ओला बुक करके लूटता था सिपाही का बेटा, गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** ओला बुक कराकर लूटने वाले गैंग का सचेंडी पुलिस ने भंडाफोड़ कर दिया है। थाना पुलिस ने कौशांबी में तैनात पुलिस कर्मी के गैंग लीडर बेटे समेत पांच शातिरों को गिरफ्तार कर लिया है। जिनके पास से एक स्विफ्ट डिजायर कार और दो मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। खुलासा करने वाली टीम को डीसीपी ने 25 हजार का पुरस्कार दिया है।

डीसीपी पश्चिम विजय ढुल ने खुलासा करते हुए बताया कि नौबस्ता के आवास विकास निवासी विमल बाथम ने पुलिस को बताया था कि वे कैब कंपनी से टाईअप कर स्विफ्ट डिजायर कार चलाते हैं। 13 जनवरी की रात नौबस्ता बाईपास से भौंती बाईपास के लिए कैब बुक की गई थी। वे सवारी लेने नौबस्ता बाईपास पर पहुंचे। नौबस्ता से बारा देवी जाने वाले रास्ते पर अपना बिहारी ढाबा के सामने बुकिंग कराने वाली सवारी व उसके साथ चार लोग कार में बैठ गए और गाड़ी को भौंती बाईपास चलने के लिए कहा। भौंती बाईपास से पहले तो पांचों ने उन्हें गाड़ी को साइड में लगाने के लिए कहा। इसके बाद पांचों लोगों ने उन्हें पीटना शुरू कर दिया। उनके दो एन्ड्रॉयड मोबाइल फोन व 300 रुपये छीन लिए। ड्राइवर को गाड़ी की सीट से खींचकर पीछे बैठा दिया। उन लोगों में से एक व्यक्ति ड्राइवर की सीट पर बैठ गया और गाड़ी लेकर चल दिए। रनियां के पहले उसे खींचकर उतार दिया और भाग निकले। डीसीपी पश्चिम ने बताया कि मामला दर्ज करने के बाद उन्होंने आरोपियों की गिरफ्तारी और कार की बरामदगी के लिए सर्विलांस टीम समेत और टीमों को सक्रिय किया। ओला कंपनी से भी सहयोग लिया गया। एक शातिर की मोबाइल लोकेशन फतेहपुर मिली। पुलिस कार की लोकेशन पर पहुंची तो कुछ सीसीटीवी फुटेज भी मिल गए। सर्विलांस की मदद से पुलिस ने एक-एक कर पांचों लुटेरों को धर दबोचा । उन्होंने बताया कि पकड़े गए शातिरों में जिला फतेहपुर के थाना राधानगर जयराम नगर जुनियहा निवासी अनुज गुप्ता और आकाश कुमार दुबे, शिवदत्तपुर निवासी तरुण गौतम उर्फ गोलू, जिला लखनऊ के गुडंबा सेकेंड फ्लोर टेढ़ी पुलिया वारसी रेजीडेंसी निवासी नुमान खान, जिला फर्रुखाबाद के थाना जलालाबाद के ग्राम महाराई हाल पता गुजैनी अर्पित शर्मा है। डीसीपी ने बताया कि इस गैंग का लीडर तरुण कुमार गौतम है जिसके पिता राम कुमार गौतम जिला कौशांबी में सिपाही हैं। जांच में पता चला है कि तरुण दिल्ली में नौकरी करता था। पकड़ा गया दूसरा लुटेरा आकाश उसका रूम पार्टनर था।

दिल्ली में जब फतेहपुर का नुमान मिला तो तीनों साथ रहने लगे। इसी बीच तरुण व आकाश की नौकरी छूट गई। तंगहाली में पूरा गैंग कानपुर आ गया। यहां आकर स्वाती के नाम से मेल आईडी बनाई और ओला लूटने की योजना बनाई। ओला लूटने की योजना सफल हो गई। टोल प्लाजा के कैमरों से बचने के लिए घाटमपुर होते हुए फतेहपुर पहुंच गए। फजल कबाड़ी से गाड़ी बेचने की बात भी कर ली। जिस आईडी से मेल भेजी गई थी, उसके आईपी एड्रेस की मदद से पुलिस को सुराग मिल गया। उन्होंने बताया कि अन्य लोगों के बारे में भी पता लगाया जा रहा है।




कार के साथ पकड़े गए शातिर अपराधी। अमृत विचार

- **गैंगलीडर समेत पांच शातिर गिरफ्तार, एक कार और दो मोबाइल बरामद किए**

## महिला सशक्तिकरण की मिसाल डिंपल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नवीन मार्केट स्थित सपा कार्यालय में सपा की राष्ट्रीय नेता व मैनपुरी सांसद डिंपल यादव का जन्मदिन मनाया गया। सपा पदाधिकारियों ने दुकानदारों व लोगों को मिष्ठान वितरण कर उनके दीर्घायु की ईश्वर से प्रार्थना की। जिलाध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा कि सांसद डिंपल यादव महिला सशक्ति की एक मिसाल है। वह महिलाओं के साथ हो रहे अत्याचार व उत्पीड़न का विरोध कर महिलाओं को न्याय दिलाने में अपनी अग्रणी भूमिका निभाती है।

सीसामऊ व गोविंद नगर विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष ने मकर संक्रांति पर अपने क्षेत्र में खिचड़ी वितरित की। साथ ही फुटपाथ पर सोने वालों को कंबल पहुंचाने और उनके लिए अलाव की व्यवस्था की। बताया कि 23 जनवरी से वार्ड अध्यक्ष अपने बूथों प्रभारियों के साथ नई मतदाता सूची लेकर मतदाताओं के द्वार जाकर निरीक्षण करेंगे। सपा महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर ने कहा कि चुनाव में सौ दिन बचे हैं, सभी कार्यकर्ता मतदाताओं से संपर्क कर उनको शिक्षा नीति से अवगत कराते हुए मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जुटे। वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू ने कहा कि भाजपा सरकार देश में अच्छे कामों का डिडोरा पीट रही है, जबकि लोग महंगाई से परेशान है। केके शुक्ला, महेंद्र सिंह, परमवीर सिंह गंभीर, नंदलाल जायसवाल, आनंद शुक्ला, मुमताज मंसूरी आदि थे।

- **जन्मदिवस पर सपाइयों ने बांटी मिठाई**

बड़ी दिक्कत | तीन टीएसआई, 34 कांस्टेबल व हेडकांस्टेबल स्थानांतरित, शहर में भीषण जाम

# 37 ट्रैफिक पुलिसकर्मियों का तबादला हुआ

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** 40 ट्रैफिक पुलिसकर्मी वीआईपी ड्यूटी पर गोरखपुर और अयोध्या जाने के बाद सोमवार को 37 और ट्रैफिक पुलिसकर्मियों का गैर जनपद तबादला कर दिया गया। इसके बाद शहर में ट्रैफिक व्यवस्था संभालने के लिए ट्रैफिक पुलिसकर्मियों की भारी संख्या में कमी हो गई है। इसका असर सोमवार शाम से ही देखने को मिला। शहर के अधिकांश प्रमुख चौराहे जाम से कराह उठे। जाम में दो स्थानों पर एंबुलेंस फंस गईं।

शहर में लंबे समय से तैनात 37 ट्रैफिक पुलिसकर्मियों का यातायात निदेशालय की ओर से गैर जनपद ट्रांसफर कर दिया गया था, लेकिन उनकी रवानगी नहीं की गई थी। सोमवार को पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने यातायात निदेशालय के आदेश पर मुहर लगाते हुए तीन टीएसआई मनोज कुमार श्रीवास्तव, योगेंद्र द्विवेदी व रमाकांत यादव समेत 34 ट्रैफिक कांस्टेबल व हेड कांस्टेबलों की रवानगी कर दी गई। शहर में 85 टीएसआई, 450 कांस्टेबल व हेड कांस्टेबल व 700 होमगार्ड यातायात व्यवस्था संभालने के लिए तैनात हैं। जिनमें से 40 ट्रैफिक पुलिसकर्मी पहले ही अयोध्या व गोरखपुर वीआईपी ड्यूटी पर गए हुए हैं।

सोमवार को ट्रैफिक पुलिसकर्मियों के तबादले के बाद शहर की यातायात व्यवस्था बुरी तरह से चरमरा गई। शहर के अधिकांश प्रमुख चौराहे व मार्ग से ट्रैफिक पुलिसकर्मी गायब दिखे। जिससे सोमवार शाम विजय नगर से जरीब चौकी तक लोगों को भीषण जाम की समस्या का सामना करना पड़ा। वहीं फजलगंज से जेके मंदिर तक वाहनों की लंबी-लंबी कतारें देखने को मिली। फजलगंज से गोविंदपुरी पुल पूरी तरह से भीषण जाम से कराह उठा। पांडु नगर व कालपी रोड पर एंबुलेंस भी जाम में फंस गई।



सोमवार शाम शहर में कई जगह लगा जाम। अमृत विचार

> वीआईपी ड्यूटी व गैर जनपद तबादले के कारण ट्रैफिक पुलिसकर्मियों की शहर मंक भारी कमी हो गई है। वैकल्पिक तैयारी की जा रही है। स्थानीय पुलिस थानों से मदद लेकर यातायात व्यवस्था सुचारू कराई जाएगी।
>
> **सृष्टि सिंह, एसीपी ट्रैफिक**

## मुफ्त में गोलगप्पे न खिलाने पर की हत्या

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चकेरी थानाक्षेत्र में रविवार रात मुफ्त में गोलगप्पे न खिलाने पर दबंगों ने चार साथियों के साथ मिलकर दुकानदार को पीट-पीट कर मार डाला। मृतक के परिजनों ने आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी है।

कानपुर देहात के मूसानगर निवासी 40 वर्षीय प्रेमचन्द्र निषाद पत्नी शशि देवी, बेटा अनुज, बेटी मानसी, प्रियांशी दिव्यांशी के साथ रहते थे। पिछले 15 वर्षों से सफीपुर में कैलाश चन्द्र के मकान पर किराये पर रहकर वह गोल गप्पे बेचकर परिवार का पालन पोषण करते थे। परिजनों ने पुलिस को बताया कि रविवार की रात को वह ठेला लेकर वापस लौट रहे थे तभी सफीपुर मोड़ के पास इलाके का दबंग अपने चार साथियों के साथ नशे की हालत में खड़ा था। आरोपी ने उन्हें रोका और मुफ्त में गोलगप्पे खिलाने को कहा। प्रेमचन्द्र ने मना किया तो आरोपियों ने प्रेमचन्द्र को बेरहमी से मारापीटा। परिजन उन्हें निजी अस्पताल ले गए। जहां से उन्हें उर्सला रेफर कर दिया गया। वहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सोमवार को घटना की जानकारी होने पर मौके पर पुलिस पहुंची और जांच पड़ताल की। परिजनों ने दबंग समेत उसके साथियों के खिलाफ प्रार्थना पत्र दे दिया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार दुबे ने बताया कि परिजनों की ओर से तहरीर दी गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

- **चकेरी के सफीपुर में रविवार रात हुई वारदात**

# राम-लखन-जानकी के वस्त्रों की कानपुर में मांग की

◆ अयोध्या के कारोबारी कर रहे मांग, बाजार में उत्साह ◆ थोक बाजारों में तैयारी शुरू, कपड़ों में भी वैरायटी ◆ कारोबारियों में खुशी




कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर के कारोबार पर श्रीराम की कृपा बरसने लगी है। शहर की थोक कपड़ा मंडियों में अयोध्या के कारोबारियों की ओर से मांग आने लगी है। पहली मांग श्रीराम के वस्त्रों की आई है। पहले यह बाजार मथुरा, वृंदावन और पुरी तक सीमित था।

शहर की शिवाला बाजार में वस्त्रों का थोक कारोबार होता है। मथुरा के बाद भगवान के वस्त्रों का सबसे बड़ा कारोबार शहर में होता है। कारोबारियों ने बताया कि अब अयोध्या के व्यापारियों ने शहर आकर वस्त्रों की क्वालिटी और वैराइटी देखी है। वहां के व्यापारियों ने यहां से सैंपल भी मंगवाएं हैं। इनमें पीले और केसरिया रंग के कपड़ों की मांग सबसे अधिक है। जरी और रेशमी कपड़ों पर लिखे श्रीराम की मांग बढ़ी है।

इसके अलावा राम दरबार का पूरा सेट भी मांगा जा रहा है। शहर के कारोबारियों ने बताया कि मथुरा में रेट अधिक होने से अयोध्या के कारोबारी यहां का रुख कर रहे हैं।

### 100 रुपये से लेकर दस हजार की तैयारी

शिवाला बाजार में राम के वस्त्रों को बनाए जाने का काम तेजी से हो रहा है। यहां पर सौ रुपये से लेकर दस हजार रुपये तक कपड़े तैयार हो रहे हैं। प्रतिमा के साइज और वस्त्रों में होने वाली कारीगरी के अनुसार रेट कम या ज्यादा हैं। थोक बाजार में इस समय नेट, एम्ब्राइड्री, सिल्क, शिफान, सिल्क और प्लेन कपड़ों की वैराइटी में कपड़े मौजूद हैं।

### शहर में भी बढ़ी मांग

कारोबारियों ने यह भी बताया कि 22 जनवरी को लेकर भी राम परिवार के वस्त्रों की मांग बढ़ी है। पहले जहां महीने में दो या तीन वस्त्र बिकते थे, अब रोजाना दस से बारह वस्त्र बिक रहे हैं। रिटेल कारोबारियों की ओर से भी खरीदारी तेज हो गई है।

### सीधी रेल कनेक्टिविटी का असर भी

कारोबारी अयोध्या से शहर की सीधी रेल कनेक्टिविटी को भी बाजार बढ़ने में मददगार मान रहे हैं। उनका कहना है रेल से सीधा जुड़ाव उनके कारोबार को और अधिक आसान कर रहा है। कारोबारी यह मान कर चल रहे हैं कि मार्च से उनके पास अयोध्या से बड़े स्तर पर ऑर्डर आ सकते हैं।

### कुशल कारीगरों की अधिकता

मथुरा से अयोध्या के कारोबारी इसलिए भी निराश हैं क्योंकि वहां पर अधिकतर काम कृष्ण को लेकर होता है। अयोध्या के कारोबारियों की मांग राम, सीता, लखन के वस्त्रों की है। यहां पर पहले से ही राम दरबार और छोटे रामलला के वस्त्रों का कारोबार होता रहा है। यहां के कारीगरों को उस तरह के वस्त्रों का बनाए जाने का अनुभव है।



धार्मिक वस्त्रों का कारोबार करने वाले व्यापारी अयोध्या के रूप में एक नया बाजार देख रहे हैं। वहां के कारोबारी यहां आकर वस्त्रों की मांग कर रहे हैं। जैसे-जैसे आम भक्त वहां पर बढ़ेंगे, यहां कारोबार भी बढ़ेगा।

– **बलराम ओमर**, संगठन मंत्री शिवाला व्यापार मंडल



मथुरा में शुरू से कृष्ण से जुड़े वस्त्रों का कारोबार अधिक है। वहां के कारीगर श्रीराम और राम दरबार के वस्त्रों का बारीक काम बेहतर नहीं कर पाते हैं। यहां पर शुरू से प्रभु राम के वस्त्र बनते हैं।

–**विनोद मिश्रा**, अध्यक्ष शिवाला व्यापार मंडल



व्यापारियों ने राम पोस्टर बांटे। अमृत विचार

### एक हजार राम पोस्टर बांटे गए

**कानपुर।** व्यापारियों की ओर से 22 जनवरी की तैयारियों को लेकर पोस्टर व स्टीकर वितरित किए गए। इसके साथ ही यह भी आह्वान किया गया कि 22 को शहर की सभी बाजारों में रामधुन बजाकर उत्सव मनाया जाए। कलक्टरगंज व शक्कर पट्टी की बाजार में चले अभियान में भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की ओर से चले अभियान में 'हमारे व सबके प्रभु श्रीराम' जैसे नारे भी लगाए गए। अभियान के दौरान प्रदेश वरिष्ठ महामंत्री ज्ञानेश मिश्र, महानगर युवा अध्यक्ष आशीष मिश्र, कलक्टरगंज उद्योग व्यापार मंडल के संयोजक अनुराग जायसवाल व महामंत्री पवन गुप्ता मौजूद रहे।

## 108 दीप जला मनाया गया महोत्सव



सनातन हनुमान मंदिर में दीप जलाए गए। अमृत विचार

अयोध्या में श्रीराम क विराजमान होने के उत्साह में सोमवार को 108 दीपक प्रज्वलित कर महोत्सव मनाया गया। श्रीराम भक्तों की ओर से श्री सनातन हनुमान मंदिर में हुए कार्यक्रमों में भजन व सत्संग भी आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मंदिर सभा प्रधान राजेश भल्ला, पं. विनोदा नन्द, अशोक गेरा, मदन सचदेवा, पं. महेन्द्र शुक्ला, सीटी बाबू, दुर्गेश झा, सुनील नारंग, आशिता, चांदनी, निधि झा, सुषमा नारंग सहित अन्य भक्त मौजूद रहे।

### बाजारों में घूमी महापौर की पदयात्रा

श्रीराम लला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के जनजागरण के लिए सोमवार को महापौर प्रमिला पांडेय ने मूलगंज चौराहे से पदयात्रा की शुरुआत की। जो मनीराम बगिया, इलेक्ट्रॉनिक मार्केट, घुमनी बाजार, चौक सर्राफा, गया प्रसाद लेन पर जाकर समाप्त हुई। पदयात्रा को राम भक्तों की तरफ़ से अपार स्नेह और समर्थन पर महापौर ने हृदय से आभार जताया है। महापौर ने शहरवासियों से अपील है कि 22 जनवरी को होने वाले राम उत्सव के लिए सभी बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। इस दौरान पार्षद आकर्ष बाजपेई, पवन पांडे, अभिनव शुक्ला, पार्षद अमित गुप्ता समेत बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।




फजलगंज में भजन संध्या का आयोजन हुआ। अमृत विचार

### भजनों में भी रहे राम की गूंज

श्रीकृष्ण तुलसी परिवार की ओर से रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उत्साह में सोमवार को फजलगंज में भजन संध्या आयोजित हुई। शताब्दी टर्मिनल परिसर में हुए आयोजन में प्रभुराम का गुणगान किया गया। भजन संध्या में प्रभुराम दरबार को फूलों से सजाया गया था। भजन गायकों ने राम-लखन-जानकी के भजन सुनाए। समारोह में चंद्र कुमार गंगवाली लालू, ने सभी भक्तों को अयोध्या चलो अभियान से भी जोड़ा। समारोह में शांति स्वरूप भटनागर, पूर्व सांसद जगतवीर सिंह द्रोण, विधायक सुरेंद्र मैथानी, पंकज गंगवानी सहित अन्य मौजूद रहे।

# हेयर ट्रांसप्लांट का मेगा लकी ड्रा 22 को

HEALTH LINE CLINICS
Complete Hair Solutions
अमृत विचार
मीडिया पार्टनर

- विजेता का होगा निशुल्क ट्रांसप्लांट, पांच लोगों को 50 प्रतिशत डिस्काउंट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** 22 जनवरी को अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर डॉक्टरों में भी उत्साह है। इस दिन हेल्थ लाइन क्लीनिक्स में हेयर ट्रांसप्लांट के संबंध में एक लकी ड्रा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें मीडिया पार्टनर अमृत विचार समाचार पत्र है। इसके लिए लाजपत नगर में मरियमपुर स्कूल के सामने स्थित क्लीनिक में आप पंजीकरण करा सकते हैं।

लाजपत नगर स्थित हेल्थ लाइन क्लीनिक्स के एमडी डॉ. कुंवर विजितेंद्र सिंह ने बताया कि लोगों में बाल झड़ने व गंजेपन की समस्या अधिक बढ़ गई है। उम्र से पहले पुरुषों के बाल सिर से झड़ जा रहे हैं। इसकी मुख्य वजह अनियमित जीवनशैली, गलत खानपान और पौष्टिक युक्त चीजों का सेवन नहीं करना है। इसके साथ ही केमिकल युक्त साबुन और शैम्पू के इस्तेमाल से बाल झगड़ने और गंजेपन की समस्या लोगों को हो रही है। झड़ते बालों को रोकने और गंजेपन से छुटकारा पाने के लिए हेल्थ क्लीनिक्स में पीआरपी, जीएफसी, हेयर ट्रांसप्लांट आदि की सुविधा है। हेयर ट्रांसप्लांट का लाभ निशुल्क लेने के लिए 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन एक लकी ड्रा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रथम विजेता का निशुल्क हेयर ट्रांसप्लांट किया जाएगा। जबकि पांच अन्य विजेताओं का हेयर ट्रांसप्लांट 50 प्रतिशत डिस्काउंट में किया जाएगा। इसके लिए मरियमपुर स्कूल के सामने स्थित क्लीनिक में पंजीकरण कराना होगा।

# विवि में दीपों से बनेगा 101 फीट चौड़ा मंदिर

नीरज मिश्र, कानपुर

**अमृत विचार।** रामकाज के लिए छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय के फाइन आर्ट्स विभाग के विद्यार्थी भूमि पर दीपों का मंदिर निर्मित कर रहे हैं। यह मंदिर 101 फीट चौड़ा और 175 फीट लंबा होगा। खास बात यह है कि इस तीन खंड के मंदिर को हूबहू अयोध्या में नवनिर्मित मंदिर की तरह बनाया जा रहा है। 51 हजार दीपों से इसको जगमग किया जाएगा। दीपों से जगमग इस मंदिर को देखने पर हर व्यक्ति अपने आप को राम की नगरी में होना महसूस करेगा। इस संकल्प को लेकर छात्र-छात्राएं दिन रात काम में लगे हुए हैं।



सीएसजेएमयू स्टेडियम में दीपों का मंदिर बनाए जाने के लिए लेआउट तैयार करते फाइन आर्ट्स विभाग के विद्यार्थी और शिक्षक। अमृत विचार

सीएसजेएमयू के फाइन आर्ट्स विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राज कुमार सिंह के निर्देशन में विद्यार्थियों ने इसकी 15 दिनों पहले से तैयारियां शुरू कर दी हैं। दीपों के मंदिर के लिए विश्वविद्यालय के स्टेडियम को चुना गया है जिसमें सोमवार को नाप जोख की गई है। पहले इसके लिए लेआउट तैयार किया जा रहा है जिसपर दीपों को रखा जाएगा। डा. मिठाई लाल ने बताया कि ऐसा दृश्य किसी भी विवि में पहले कभी नहीं देखा गया होगा। फाइन आर्ट्स के छात्र-छात्राएं तैयारियों में लगे हैं।

### 24 घंटे चलेगा अखंड पाठ

22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने विवि. परिवार के साथ बैठक की। जिसमें 51000 दीप प्रज्ज्वलित किए जाने के लिए कहा है। साथ ही परिसर में स्थित सर्वेश्वर महादेव मंदिर पर 21 जनवरी को राम चरित मानस का अखंड पाठ आयोजित किया जाना है जिसका समापन 22 को प्रसाद वितरण के साथ होगा।



भाजपाइयों ने मंदिरों की सफाई की। अमृत विचार

### मंदिरों और घाटों पर चलाया स्वच्छता अभियान

**कानपुर।** अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाली रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले भाजपा शहर के सभी मठ, मंदिरों, गुरुद्वारों, घाटों के किनारे बने मंदिरों को साफ सुथरा करने में जुटी है ताकि 22 जनवरी को जब मंदिरों में भजन कीर्तन के कार्यक्रम में शामिल होने लोग मंदिरों में पहुंचे तो उन्हें मंदिरों के आस पास गंदगी का सामना न करना पड़े। सोमवार को दक्षिण कानपुर में कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश पाल और भाजपा दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह के नेतृत्व में छावनी, जूही, गोविंद नगर क्षेत्र समेत कई जगह स्वच्छता अभियान चलाया गया। लोगों ने 22 जनवरी को दीपावली मनाने की अपील की। गोलाघाट शिव मंदिर, मैस्कर घाट, कोयला घाट, डबकेश्वर घाट, बारादेवी मंदिर, भुवनेश्वर मंदिर, दुर्गा मंदिर, हनुमान मंदिर, गोविंद नगर एवं जूही गुरुद्वारा, जालपा देवी मंदिर, झूलेलाल मंदिर, फूलमती मंदिर, हनुमान मंदिर, आनंदी माता मंदिर, संतोषी माता मंदिर, काली माता मंदिर सहित 37 मठ, मंदिरों एवं घाटों के किनारे स्वच्छता अभियान चलाया गया। मठ, मंदिरों के मुख्य द्वार और चौराहों को रंग, बिरंगी रंगोली से सजाया गया। क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल एवं जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने मकर संक्रांति पर पशुओं को सब्जियां खिलाई। उन्होंने 21 गरीब लोगों को कंबल वितरित किए। शिवराम सिंह ने जिले के सभी मठ, मंदिरों, गुरुद्वारों की साफ सफाई कर स्वच्छ और सुंदर बनाने को कहा। उन्होंने कहा कि स्वच्छता को देव कार्य मानकर हम सभी अपने घर, गली, मोहल्लों, पार्क, मठ, मंदिर, जैन मंदिरों में स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने कहा कि पांच सौ वर्षों के इंतजार के बाद अयोध्या में प्रभु श्रीराम के दिव्य, भव्य मंदिर में मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है। यह उत्सव केवल अयोध्या का नहीं बल्कि सभी देशवासियों का है। नरेश कठेरिया, रमाकांत शर्मा, विनोद मिश्रा, जसविंदर सिंह, हरि स्वरूप तिवारी, अर्जुन बेरिया, शिव पूजन सविता मौजूद रहे।



शोभायात्रा में भक्त जयकारे लगाते चले। अमृत विचार

# शहर में पहली बार निकली जानकी की शोभायात्रा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- तपेश्वरी मंदिर से निकली शोभा यात्रा
- भक्तों ने लहराईं 1100 पताकाएं, प्रसाद बंटा

**अमृत विचार।** तपेश्वरी देवी मंदिर से सोमवार को माता सीता व लवकुश की शोभा यात्रा निकाली गई। रामलला के अयोध्या में विराजमान से पूर्व निकली यात्रा का कई जगहों पर स्वागत किया गया। शहर से पहली बार निकली माता सीता की शोभायात्रा का भक्तों ने भावविभोर होकर दर्शन किया।

शोभा यात्रा की शुरुआत महापौर प्रमिला पाण्डेय ने पूजन कर की। उन्होंने कहा कि ऐसी मान्यता है कि सीताजी ने बिठूर स्थित वाल्मीकि आश्रम में समय बिताया था। उस वक्त लवकुश का मुंडन संस्कार तपेश्वरी मंदिर में ही हुआ था। शोभा यात्रा में नंदी पर सवार महादेव, वीर हनुमान शोभा बढ़ा रहे थे। मुख्य रथ पर महर्षि वाल्मीकि, माता सीता अपने पुत्र लव और कुश के साथ विराजमान थीं।

तपेश्वरी देवी मंदिर से शुरू हुई शोभायात्रा बृहस्पति मंदिर होते हुए बिरहाना रोड, गीता मंदिर, फीलखाना, कमला टॉवर, श्याम मंदिर, सालासर बालाजी मंदिर, द्वारिकाधीश रोड, सिरकी मोहाल, काहूकोठी, नयागंज, कैनाल रोड होते हुए मन्नी लाल पार्क दवा मार्केट में पहुंची। रास्ते में भक्तों की ओर से शोभा यात्रा का फूल बरसाकर स्वागत किया गया। इस पार्क में बनने वाले प्रभुराम मंदिर के लिए भक्तों की ओर से भूमि पूजन भी किया गया।

यात्रा में भाजपा अध्यक्ष दीपू पाण्डेय, सुरेश अवस्थी, विकास जायसवाल, रमापति झुनझुनवाला, ज्ञानेंद्र विश्नोई, गोपी ओमर, सोम गुप्ता, अंकित जायसवाल, विरेन्द्र दुबे आदि मौजूद रहे।

### 22 जनवरी को लेकर शुरू हुई सजावट

22 जनवरी को लेकर शहर में सजावट शुरू हो गई है। शहर को भगवा करने के लिए झंडियां लगाए जाने का काम शुरू हो गया है। मेस्टन रोड, टोपी बाजार, चौक, बिरहाना रोड सहित अन्य व्यापारिक इलाकों में सजावट का काम दिनरात जारी है। इसके अलावा फूलबाग के पास राम प्रवेश द्वार भी सजाए जाने शुरू हो गए हैं।



सज रहा मेस्टन रोड मंदिर। अमृत विचार

शुभ दिन आए | सर्दी के कारण घाटों पर श्रद्धालुओं की रही कम संख्या, जगह-जगह हुआ खिचड़ी भोज, मंदिरों में भी आयोजन

# मकर संक्रांति पर गंगा स्नान और खिचड़ी दान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मकर संक्रांति का पर्व सोमवार को शहर में धूमधाम के साथ मनाया गया। भक्तों ने मान्यता के तहत गंगा में स्नान व पूजन किया। पर्व पर मौसम का भी असर रहा। यही वजह रही कि पिछले वर्षों की तुलना में इस बार गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं की कम संख्या रही। विभिन्न स्थानों पर खिचड़ी भोज आयोजित हुए। मंदिरों में भी श्रृंगार के साथ खिचड़ी प्रसाद वितरित किया गया।

अटल घाट, सरसैया घाट, ड्योढ़ी घाट, सिद्धनाथ घाट, मेस्कर घाट सहित अन्य घाटों पर श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान किया। मान्यता के तहत पूजन व दान भी दिया। भक्तों ने सूर्य उपासना की। घरों में भी पारंपरिक पूजन और खिचड़ी दानकर खिचड़ी स्वरूप प्रसाद ग्रहण किया गया। परमट स्थित आनंदेश्वर महादेव मंदिर में विशेष श्रृंगार किया गया। मंदिर परिसर में खिचड़ी भोज हुआ। अशोकनगर दुर्गा मंदिर में श्रृंगार किया गया।

काली मठिया शास्त्री नगर में भी मां काली को खिचड़ी का भोग लगाकर प्रसाद बांटा गया।



गंगा स्नान कर सूर्य को अर्घ्य दिया गया। अमृत विचार

### मांगलिक कार्य हुए शुरू

मकर संक्रांति पर्व के साथ ही मांगलिक कार्य भी शुरू हो गए। एक महीने से इंतजार कर रहे लोग अब शुभ कार्य कर सकेंगे। ज्योतिषाचार्य पं. मनोज द्विवेदी ने बताया कि खरमास की वजह से रुके हुए मांगलिक कार्य मकर संक्रांति से शुरू हो गए।



हर-हर गंगे...। अमृत विचार

### शोभा यात्रा निकाली

पंडित राम प्रसाद त्रिपाठी आदर्श हिंदू धर्मशाला नौ ब्लॉक गोविंद नगर से शोभा यात्रा निकाली गई। इसमें शामिल राम दरबार की झांकी सभी को आकर्षित कर रही थी। सैनिक का रूप धारण किए बच्चे सभी को देशप्रेम का संदेश देते हुए चल रहे थे। कार्यक्रम में विधायक महेश त्रिवेदी, भूपेश अवस्थी, राजेंद्र सिंह भदोरिया, सुशील त्रिपाठी, नरसिंह दुबे, अनिल त्रिपाठी, हरिशंकर सिंह, राजेश बाजपेई सहित अन्य मौजूद रहे।



महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। अमृत विचार



बंबा रोड पर खिचड़ी वितरण हुआ। अमृत विचार



कोयला नगर में भी खिचड़ी बांटी गई। अमृत विचार

### वरिष्ठजनों का हुआ सम्मान

**कानपुर।** संकल्प समर्पण ' संस्था की ओर से बंबा रोड पर खिचड़ी भोज का आयोजन हुआ। इस दौरान संस्था के अध्यक्ष राजेंद्र गुप्ता एडवोकेट ने वरिष्ठजनों को सम्मानित भी किया। शुरुआत पनकी मंदिर के महंत महामंडलेश्वर कृष्णदास जी महाराज व भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश अवस्थी ने की। कार्यक्रम में विधायक सुरेंद्र मैथानी, एमएलसी अरुण पाठक, कानपुर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमोद द्विवेदी सहित अन्य मौजूद रहे।

**उधर,** मकरसंक्रांति पर अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र स्थित महाराजपुर हनुमान मंदिर, भीतरगांव जगन्नाथ मंदिर व घाटमपुर कूष्मांडा जी देवी मंदिर में खिचड़ी भोज आयोजित हुए। भाजपा नेता जीत प्रताप सिंह की ओर से हुए भोज में अशिमत यादव, बीएल वर्मा, धर्मेंद्र यादव, श्रीपाल, कृष्णा सचान, सचिन वर्मा, अधिराज गुप्ता सहित अन्य मौजूद रहे।

### खिचड़ी भोज में हजारों लोगों ने ग्रहण किया प्रसाद

**कानपुर।** मकर संक्रांति पर कोयला नगर स्थित शिव ट्रेडर्स पर समाचार पत्र वितरक समाज ने खिचड़ी भोड का आयोजन किया। सुबह से चालू हुआ भोज शाम तक चला जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद लिया। पत्र वितरक समाज के संरक्षक शंकर मिश्रा ने इसका आयोजन किया। इस अवसर पर जयशंकर मिश्रा, पूर्व विधायक रघुनंदन सिंह भदौरिया, कुंवर साहब तिवारी, क्षत्रपाल सिंह, हृदय नारायण पाल, नीरज चौरसिया, आलोक वर्मा, प्रमोद कुमार, गोविंद पाण्डेय, हरी ओम पाण्डेय, संजीव त्रिपाठी, दीपक पाण्डेय, सुमित यादव, रमाशंकर, राजकुमार पाण्डेय, दिनेश पांडेय, वीरेन्द्र मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# बारातशाला नगर निगम की, मलाई खा रहे कब्जेदार

## 42 में सिर्फ 5 का संचालन कर रहा नगर निगम, महापौर के निर्देश पर खुली पोल, कब्जेदारों को भेजी जा रही नोटिस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नगर निगम के 42 बारातशाला और कम्युनिटी सेंटर में सिर्फ 5 का संचालन ही विभाग कर रहा है। जबकि अधिकतर पर कब्जेदार मलाई काट रहे हैं। महापौर के निर्देश पर जोन वार सर्वे में यह बात सामने आई है। जिसके बाद महापौर ने सभी कब्जेदारों को नोटिस जारी करने के साथ ही खाली कराकर उसका संचालन करने के निर्देश जारी कर दिया है।

नगर निगम के बारातशाला और कम्युनिटी सेंटर पर कब्जे हैं। केवल पांच बारातशाला से नगर निगम को इनकम आ रही है। जबकि 32 ऐसे सेंटर है जिनकी इनकम का कोई रिकार्ड तक निगम के पास नहीं है। जबकि यहां पर बारातों के लिए हाल किराए पर दिये जा रहे हैं। बाकायदा इसकी वसूली भी हो रही है।

अधिकारियों के मुताबिक नगर निगम जिन पांच बारातशाला की बुकिंग व संचालक करता है उससे लाखों रुपये की इनकम सालाना होती है। अगर नगर निगम के बाकी बारातशाला व कम्युनिटी सेंटर के संचालक की जिम्मेदारी विभाग से की जाए तो यह इनकम कई गुना बढ़ सकती है।



### इन पांच बारातशाला से आ रही इनकम

- जोन 4–प्रेम नगर धर्मशाला
- जोन 4–उत्सव स्थल (कमला नेहरू पार्क बारातशाला)
- जोन 4–गीता पार्क कमेटी हॉल
- जोन 6–दीपचंद्र बारातशाला विष्णूपुरी
- जोन 3–मुंशी पुरवा बारातशाला

### लाखों रुपये मेटीनेंस पर किए खर्च

शहर के कई बारातशाला व कम्युनिटी सेंटर ऐसे भी हैं जिनके मेंटीनेंस व सौंदर्यीकरण में लाखों रुपये नगर निगम ने खर्च किए। इसके बाद भी नगर निगम को उससे होने वाली इनकम का एक रुपये भी नहीं मिल रहा है। जिन बारातशाला व कम्युनिटी सेंटर के पिछले कुछ वर्षो से मेंटीनेंस के लिए लाखों रुपये खर्च किया गया उसकी फाइल भी तलब की जा रही है, ताकि जांच हो सके।

### जागा नगर निगम, भेजी जा रही नोटिस

महापौर प्रमिला पांडेय ने इस मामले में अपर नगर आयुक्त से रिपोर्ट मांगी तो विभागीय अधिकारियों में हड़कंप मच गया। जोनल वार रिपोर्ट तैयार की गई तो ज्यादातर बारातशाला और कम्युनिटी सेंटर में कब्जा पाया गया। जिसका संचालक कब्जेदार कर रहे, उससे होने वाली इनकम नगर निगम तक नहीं पहुंच रही है। रिपोर्ट तैयार के बाद सभी जोन के जोनल अधिकारी व एक्सईएन को निर्देश दिए गए कि कब्जेदारों को नोटिस देकर कब्जा वापस लें।

"बारातशाला व कम्युनिटी सेंटर की जोन वाइज सर्वे कराया गया है। सभी जोनल अधिकारी व एक्सईएन को निर्देश दिया गया है कि जिन लोगों के पास बारातशाला व कम्युनिटी सेंटर कब्जा है उन्हें नोटिस देकर खाली कराया जाए।

**– प्रतिपाल सिंह, अपर नगर आयुक्त, नगर निगम**

"नगर निगम की संपत्ति को लोगों के हित में प्रयोग में लाया जाएगा। बारातशाला व कम्युनिटी सेंटर का केंद्रीय प्रणाली के तहत संचालन किया जाएगा। उसके लिए अपर नगर आयुक्त को निर्देश दिया गया है कि उसकी रिपोर्ट तैयार कर उसे कब्जा मुक्त कराया जाएगा।

**–प्रमिला पांडेय, महापौर**

### बारातशाला और कम्युनिटी सेंटरों की स्थिति

**जोन 1 की स्थिति**

वार्ड 105–भूसाटोली बारातशाला
श्रेणी–बारातशाला
स्थिति–अवैध कब्जा
( रिपोर्ट–बारातशाला बुक होती है)

वार्ड 105–कैनाल रोड बारातशाला
श्रेणी–बारातशाला
स्थिति–अवैध कब्जा
(केडीए कर रहा संचालन)

वार्ड 97– मालवीय पार्क हरवंश मोहाल बारातशाला
श्रेणी–बारातशाला
स्थिति–अवैध कब्जा
(रिपोर्ट के अनुसार बारातशाला की बुकिंग होती है)

वार्ड 84–चीन पार्क कम्युनिटी सेंटर
श्रेणी–कम्युनिटी सेंटर
स्थिति–अवैध कब्जा
(पूर्व पार्षद के कब्जे में)

वार्ड 21–कम्युनिटी सेंटर, रायपुरवा
स्थिति–अवैध कब्जा

**जोन 2 की स्थिति**

वार्ड 58–तिवारीपुर में बारातघर, ग्राउंड व फस्ट फ्लोर
श्रेणी– बारातशाला (दो मंजिला इमारत व फ्रंट लॉन)
कब्जा–बारातशाला का संचालन क्षेत्रीय पार्षद द्वारा किया जा रहा

वार्ड 74–श्याम नगर बारातघर
स्थिति – बारातशाला
(नगर निगम जोन द्वारा संचालित)

वार्ड 63–बूढ़पुर मछरिया में बारातशाला
श्रेणी–बारातशाला
स्थिति–संचालित नहीं
(चाभी मुन्नी देवी के पास है)

वार्ड 58–तिवारीपुर में कम्युनिटी सेंटर
श्रेणी– कम्युनिटी सेंटर
स्थिति–संचालिका आशा सिंह सीडीएस अध्यक्ष, मेन गेट की चाबी रोहित के पास

वार्ड 11–घाऊखेड़ा में कम्युनिटी सेंटर
श्रेणी–कम्युनिटी सेंटर
स्थिति–भवन जर्जर होने के चलते उपयोग में नहीं

वार्ड 12–हरिजन बस्ती, चकेरी गांव
श्रेणी–कम्युनिटी सेंटर
स्थिति–2008 से आंगनबाड़ी केंद्र संचालित है

वार्ड 24–सहदुल्लापुर में कम्युनिटी सेंटर
श्रेणी–कम्युनिटी सेंटर
स्थिति–आंगनबाड़ी का संचालन

वार्ड 24–गंगागंज कम्युनिटी सेंटर
श्रेणी–कम्युनिटी सेंटर
स्थिति–प्राथमिक स्कूल का संचालन

वार्ड 24–शिवकटरा में कम्युनिटी सेंटर
श्रेणी–कम्युनिटी सेंटर
स्थिति–प्राथमिक स्कूल का संचालन

वार्ड 66–पशुपति नगर कम्युनिटी सेंटर
श्रेणी–कम्युनिटी सेंटर
स्थिति–राज किशोर के पास चाभी

**जोन 5 की स्थिति**

वार्ड 53–गणेश शंकर विद्यार्थी नगर
श्रेणी–कम्युनिटी सेंटर
स्थिति–नगर निगम की तलाश नहीं पा रहा कहां है जगह

वार्ड 48–नौ ब्लाक गोविंद नगर राम प्रसाद त्रिपाठी धर्मशाला
श्रेणी–बारातशाला
स्थिति–प्रोग्राम होते है, पर इनकम नगर निगम को नहीं मिलती

वार्ड 81–बम्बा रोड धर्मशाला
श्रेणी–बारातशाला
स्थिति–बुकिंग होती है, इनकम नगर निगम को नहीं मिलती है



पुलिस अफसरों के साथ बैठक करते एडीजी आलोक सिंह।

# बार्डरों पर होगी नाकेबंदी अपराधियों पर पैनी नजर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- लोकसभा चुनाव को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अफसरों के साथ की गई गोष्ठी

**अमृत विचार।** आगामी लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण और सकुशल संपन्न कराने के लिए एडीजी कानपुर जोन आलोक कुमार सिंह के नेतृत्व में मध्यप्रदेश के सीमावर्ती जनपदों से संबंधित वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ कमिश्नरेट सभागार झांसी में गोष्ठी की गई।

सीमावर्ती राज्यों के वरिष्ठ अधिकारियों से समन्वय स्थापित करने, बॉर्डरों की नाकाबंदी, सीमावर्ती क्षेत्र के अपराध और अपराधियों, शराब माफियाओं, एक राज्य से दूसरे राज्य में चले जाने वाले अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई के संबंध में गोष्ठी में चर्चा की गई। इस दौरान सीमावर्ती प्रमुख मार्गों, आवागमन के रास्तों, टोल प्लाजा, रेल मार्ग, प्रमुख नदियों की पेट्रोलिंग, जनपद झांसी तथा मध्य प्रदेश के सीमावर्ती गांवों, थानों आदि से संबंधित विषयों पर चर्चा की गई। गोष्ठी में सीमावर्ती मध्य प्रदेश के चंबल, ग्वालियर, सागर एवं छतरपुर के डीआईजी, डीआईजी कानपुर परिक्षेत्र जोगेंद्र कुमार, पुलिस उप महानिरीक्षक झांसी जिलाधिकारी झांसी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद झांसी के अतिरिक्त मध्य प्रदेश के जनपद सागर, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, शिवपुरी, अशोकनगर, दतिया, भिण्ड तथा सागर के जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक मौजूद रहे।

# ताइक्वांडो में कानपुर का जलवा

**कानपुर।** लखनऊ में आयोजित हुई दो दिवसीय उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो चैंपियनशिप में कानपुर टीम का जलवा रहा। सब जूनियर बालक वर्ग में प्रथम स्थान और बालिका वर्ग में द्वितीय स्थान हासिल किया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी फरवरी माह में जयपुर में होने वाली नेशनल चैंपियनशिप में प्रतिभा करेंगे। कानपुर के संयोजक सतीश कुमार ने बताया कि आदित्य राकेश ने गोल्ड मेडल, मांडवी पाठक ने गोल्ड मेडल, अभय पाल ने कांस्य पदक, राजीव नागर ने सिल्वर मेडल, पलक सरोज ने सिल्वर मेडल, सैवी स्वर्णकार ने सिल्वर मेडल, अर्चिसा कुशवाहा ने कास्य मेडल, अनन्या वर्मा ने कांस्य पदक, कल्पना यादव ने सिल्वर मेडल, मोहित कश्यप ने गोल्ड मेडल, शिखर सिंह ने सिल्वर मेडल हासिल किए।




विजयी खिलाड़ी। अमृत विचार



आईआईटी पहुंचे जम्मू कश्मीर के विद्यार्थियों और शिक्षकों को साथी पोर्टल की जानकारी देते निदेशक एस गणेश। अमृत विचार

# जम्मू कश्मीर के विद्यार्थियों ने रोबोटिक्स और एआई जाना

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- जम्मू-कश्मीर के स्टूडेंट ने देखा-जाना आईआईटी

**अमृत विचार।** पांच दिवसीय दौरे पर आईआईटी आए जम्मू-कश्मीर के छात्र-छात्राओं ने पूरे परिसर का भ्रमण किया। एक्सपोजर यात्रा में जम्मू-कश्मीर के सरकारी स्कूलों के 98 छात्रों और 15 शिक्षकों के दल ने तीन दिनों तक प्रवास किया। आईआईटी में प्रवास में सभी ने नवीनतम तकनीकों जैसे रोबोटिक्स, आईटी क्षेत्र, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सुपर कंप्यूटर, विमान प्रौद्योगिकी के साथ आईआईटी द्वारा किए जा रहे अनुसंधानों के बारे में जानकारी हासिल की।

छात्रों ने इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विभिन्न करियर अवसरों का भी पता लगाया। एक्सपोजर यात्रा के तहत स्कूल समग्र शिक्षा जम्मू-कश्मीर ने आईआईटी कानपुर के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। आईआईटी कानपुर के निदेशक एस गणेश ने बताया कि सभी को साथी पोर्टल के बारे में जानकारी दी गई, जो एनईईटी और जेईई परीक्षाओं के लिए परिक्षार्थियों को मुफ्त तैयारी करता है। वापसी पर छात्र नई दिल्ली में इंडिया गेट, राष्ट्रपति भवन, लाल किला और अन्य ऐतिहासिक स्थानों का भी दौरा करेंगे।

# तेज रफ्तार बाइक दीवार से टकराई

**कानपुर।** रावतपुर थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार बाइक सवार अपना संतुलन खो बैठा जिससे बाइक दुकान के शटर से टकरा गई वहीं चालक का चेहरा दीवार से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि युवक का चेहरा बुरी तरह क्षति ग्रस्त हो गया जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई वहीं बाइक के पीछे बैठा युवक भी गंभीर रूप से घायल हो गया जिसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची रावतपुर पुलिस ने घायल को हैलट इलाज के लिए भेजा है वहीं मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

थाना रावतपुर सैनिक स्कूल सैयद नगर निवासी कुलदीप गौतम उर्फ गुड्डू हलवाई (28) मोहल्ले के ही निवासी घायल मित्र शिवम के साथ हलवाई का काम कर वापस घर लौट रहा था।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बाइक गुड्डू चला रहा था। बाइक की गति काफी तेज थी जिससे घर से कुछ दूरी पर इकराम बाइक सेंटर के पास बाइक अनियंत्रित होकर दुकान के शटर से टकरा गई स्पीड से गिरने पर गुड्डू का चेहरा दीवार से टकरा गया जिससे गुड्डू की मौके पर मौत हो गई। वहीं शिवम भी गंभीर रूप से घायल हो गया।

## सार-संक्षेप



समाचार पत्र विक्रेताओं को चाय बांटी। अमृत विचार

### ठंड से राहत के लिये जलवाया अलाव, वितरित की चाय

**कानपुर।** सेंट्रल स्टेशन पर ठंड को देखते समाचार पत्र विक्रेताओं के लिए हुए चाय, नमकीन के वितरण के साथ अलाव भी जलाया गया। वरिष्ठ वितरक नेता अखिलेश यादव ने ठंड में तमाम समस्याओं के बाद भी सभी के घरों में आखबार पहुंचाने और पत्र विक्रेताओं के कार्य की सराहना की। सभी को माला और साल पहनार स्वागत किया। जिससे समाचार पत्र विक्रेताओं को राहत मिली। जिसमें प्रमुख रूप से अमृत विचार के वरिष्ठ प्रबंधक करुनाकर द्विवेदी, मुन्ना यादव, सुशील मिश्रा, मुन्ना गुप्ता, अनूप पांडेय, ज्ञान प्रकाश व सभी समाचार पत्र विक्रेता उपस्थित रहे।



गंगा सेवा समिति ने परमट में चाय बांटी। अमृत विचार

### बाबा आनंदेश्वर का जलाभिषेक कर चाय बांटी

**कानपुर।** मकर संक्रांति पर ऊं गगा सेवा समिति ने सर्व प्रथम बाबा आनंदेश्वर का जलाभिषेक किया गया। जिसके बाद सुबह 5 बजे से समिति के पदाधिकारियों ने चाय और टोस के वितरण का कार्य शुरू किया। जिसका हजारों भक्तों ने लाभ लिया। समिति के लोगों ने गाय को चना गुड़ और हरी सब्जियों को खिलाया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, संतोष वाजपेयी, अनिल सिंह, दिनेश ठेकेदार, महेंद्र ठेकेदार, जमुना सिंह, पुत्तन सिंह, दीपू शुक्ला, अनुमय ओमर, बरुवा गुप्ता, नितिन ओमर, राजू, मोनू, शिवम के साथ अन्य लोग उपस्थित रहे।

### मेमू के बेपटरी होने की जांच शुरू

**कानपुर।** रविवार की रात नयापुल के नीचे मेमू रैंक के बेपटरी होने के बाद लगभग 11 घंटे बाद लाइन का संचालन बहाल हो सका। रेलवे के संयुक्त ज्वाइंट नोट में ट्रैक खामी से ट्रेन के बेपटरी होने का पता चला है। अंतिम फैसला उच्चस्तरीय जांच कमेटी की रिपोर्ट से होगा। रविवार की रात लगभग 7 .42 बजे मेमू शेड वावूपुरवा से ट्रायल को 7 .40 बजे निकली। शेड से निकलने के छह मिनट बाद नयापुल के नीचे उसके दो कोच पटरी से उतर गए। सूचना पर सेक्शन की ओएचई काट मरम्मत काम शुरू हुआ। वैसे तो रात 1 .40 बजे एक लाइन क्लीयर हुई पर पूरी तरह से ट्रैक पर ट्रेन संचालन सुवह पीने सात बजे शुरू हो सका। एसीएम संतोष त्रिपाठी घटना की जानकारी के बाद एआरटी और अन्य राहत काम शुरू कराया। तीन सदस्यीय कमेटी ने घटना की जांच शुरू कर दी है।



बसपा नेताओं का माल्यार्पण करते पदाधिकारी अमृत विचार

### भाजपा नहीं दे सकी युवाओं को नौकरी : नौशाद अली

**कानपुर।** मैनावती मार्ग स्थित एक लॉन में सोमवार को बसपा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती का 68 वां जन्मदिवस जन कल्याणकारी दिवस के रूप में मनाया। कानपुर मंडल प्रभारी नौशाद अली ने बताया कि बसपा के कार्यकाल में कई विकास कार्य हुए। कानपुर में पेयजल व्यवस्था सुदृढरण करने के लिए गंगा बैराज का निर्माण, मान्यवर कांशीराम स्मारक अस्पताल, पनकी हनुमान मंदिर का जीर्णोद्धार आदि कार्य कराए गए है। कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने दो करोड़ युवाओं को रोजगार देने का वादा किया था, लेकिन कोई भी रोजगार नहीं दिया। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में मायावती को जीताकर देश का प्रधानमंत्री बनाना है। जिलाध्यक्ष राम शंकर कुरील, मंडल प्रभारी रमेश कुमार कमल, ताराचंद कुरील, पूर्व महापौर प्रत्याशी अर्चना निषाद, पूर्व महानगर अध्यक्ष राम नारायण निषाद, पूर्व महानगर अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार कुशवाहा, एडवोकेट जिला महासचिव हरिनारायण कुशवाहा, बबलू चौधरी, जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद आमीन मुन्ना, जिला कोषाध्यक्ष मोहन मिश्रा, देवी प्रसाद तिवारी, बृजमोहन गौतम, एसपी टेकला, राम आसरे कुरील, ओमप्रकाश प्रजापति आदि मौजूद रहे।

**वाहे गुरु, वाहे गुरु** — गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व पर निकला नगर कीर्तन, कीर्तन में पंजाबी फौजी बैंड ने बढ़ाई शान

# कीर्तन में गूंजा, सब गोबिंद है सब गोबिंद, गोबिंद बिन नहीं कोय

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- गोबिंद सिंह के प्रकाशोत्सव पर नगर कीर्तन निकला

**अमृत विचार।** खालसा पंथ के संस्थापक श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज का प्रकाश पर्व महोत्सव शुरू हो गया। पहले दिन सोमवार को लाटूश रोड गुरुद्वारा से नगर कीर्तन निकला गया। यह कीर्तन विभिन्न इलाकों से होता हुआ मोतीझील पहुंचा। रास्ते में कई जगह पर कीर्तन का स्वागत भी हुआ। पंजाबी फौजी बैंड ने कीर्तन की शान बढ़ाई। दशमेश दल के सदस्यों की ओर से किया गया गतका सभी के आकर्षण का केंद्र रहा।

नगर कीर्तन की शुरुआत गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा लाटूश रोड से हुई। नगर कीर्तन में सबसे आगे खालसा का प्रतीक 'निशान साहिब' व पंज प्यारे कर रहे थे। दशमेश शस्त्र दल के सेवादार सिख मार्शल आर्ट 'गतका' का प्रदर्शन करते हुए चल रहे थे। इस दल की ओर से किए गए तलवारबाजी का प्रदर्शन सभी के आकर्षण का केंद्र रहे। उधर नगर कीर्तन के लिए पंजाब से आया फौजी बैंड अपनी धुन से कीर्तन की शान बढ़ा रहा था।

वाद्ययंत्रों पर 'सूरा सो पहचानिए जो लरे दीन के हेत, पुर्जा पुर्जा कट मरे कभूं न छाड़ें खेत' व 'सब गोबिंद है सब गोबिंद, गोबिंद बिन नहीं कोय' जैसी धुन पर माहौल में उत्साह भरा। कीर्तन में गुरु गोबिंद सिंह जी की जीवन झांकी के प्रति भी लोगों का आकर्षण रहा। कीर्तन जहां से भी गुजरा फूल बरसाकर स्वागत किया गया। खासतौर पर कबाड़ी बाजार, गुमटी, अशोक नगर व मोतीझील में श्रद्धालुओं की ओर से कीर्तन में शामिल हुए लोगों के लिए प्रसादी भी वितरित की गई। मोतीझील में कीर्तन धार्मिक आयोजन में बदल गया।



नगर कीर्तन में आगे चलीं छात्राएं। अमृत विचार



ढोल और बिगुल भी बजता रहा। अमृत विचार

### इनका रहा योगदान

श्री गुरु सिंह सभा के अध्यक्ष हरविंदर सिंह लार्ड, सुखविंदर सिंह भल्ला लाडी, मोहन सिंह झास, ज्ञानी मदन सिंह, हरमिंदर सिंह लोंगोवाल, करमजीत सिंह, जसवंत सिंह भाटिया, तरलोचन सिंह नारंग, दया सिंह गांधी, मनमीत सिंह राजू, हरप्रीत सिंह भाटिया, राजू खंडूजा, अमनजोत सिंह रौनक सहित अन्य।

### आज यह होंगे आयोजन

तीन दिवसीय गुरु पर्व समारोह के दूसरे दिन मंगलवार को पंथ के रागी जत्थे व प्रचारक संगत को गुरुवाणी से निहाल करेगें। लंगर की सेवा भी शुरू होगी। मुख्य समारोह 17 को होंगें।

### यहां से गुजरा कीर्तन

नगर कीर्तन गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा लाटूश रोड से शुरू होकर अपने परंपरागत मार्ग बांसमंडी, डिप्टी का पडाव, जरीब चौकी, कालपी रोड, फजलगंज, गुरु तेग बहादुर मार्ग, हरबंस सिंह भल्ला चौक, कबाड़ी बाजार, गुरु गोबिंद सिंह चौक।



गतका में दिखाया साहस। अमृत विचार

# रणजी ट्रॉफी : यूपी और बंगाल का मैच ड्रॉ

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कोहरा और खराब रोशनी बनी बाधक
- मोहम्मद कैफ बने मैन ऑफ द मैच

**अमृत विचार।** ग्रीन पार्क में रणजी ट्रॉफी का यूपी और बंगाल के बीच खेला जा रहा मैच चौथे दिन सोमवार को खराब रोशनी की भेंट चढ़ गया। बिना गेंद फेंके ही मैच को कॉल ऑफ करार दिया गया। जिसके कारण मैच ड्रा हो गया। प्रदर्शन के आधार पर दोनों ही टीमों को अंक दे दिए गए हैं। इस मैच में बंगाल को तीन अंक और यूपी को एक अंक से संतोष करना पड़ा। जिसके बाद दो अंकों से आगे चल रही यूपी की टीम बंगाल के बराबर में आ पहुंची। एलीट ग्रुप बी की यूपी और बंगाल चार-चार अंकों पर पहुंच गई है।

रणजी ट्राफी के एलीट ग्रुप बी के ग्रीन पार्क में खेले गए चार दिवसीय मैच में घना कोहरा सबसे बड़ी दिक्कत बनकर उभरा। जिसके कारण पहले दिन ही मैच करीब दो घंटे 40 मिनट देरी से शुरू हुआ था। ओस के कारण पिच में नमी भी काफी थी। चौथे दिन दोनों टीमों के खिलाड़ी होटल लैंडमार्क से ग्रीनपार्क स्टेडियम सुबह करीब 8:30 बजे आ गए थे। लेकिन खराब रोशनी के चलते मैदान पर नहीं उतर सके। ग्रीन पार्क में खेले गये इस मुकाबले में बंगाल की तरफ से अपना दूसरा रणजी मैच खेल रहे टीम इंडिया के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के छोटे भाई मोहम्मद कैफ का बेहतरीन प्रदर्शन रहा है। कैफ ने इस मुकाबले में 7 विकेट लिए और नाबाद 45 रन बनाए हैं। जिसके आधार पर उनको इस मैच में मैन ऑफ द मैच चुना गया। पहली पारी में कैफ ने 4 और दूसरी पारी में 3 आवश्यक विकेट झटके हैं।

मैच में बंगाल की टीम ने टॉस जीतकर यूपी की टीम को पहले बल्लेबाजी करने का मौका दिया था। यूपी 20 ओवर में महज 60 रन ही बना सकी थी। बंगाल के मो. कैफ ने घातक गेंदबाजी कर 4 विकेट झटके थे। बंगाल ने 58.2 ओवर में 188 रन बनाए थे। भुवनेश्वर कुमार ने पहली पारी में 25 रन देकर 5 विकेट झटके लेकिन काम नहीं आ सके। 128 रनों की लीड के लक्ष्य को हासिल करने उतरी यूपी की टीम दूसरी पारी में कुछ खास नहीं कर सकी थी। तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक 52 ओवर में चार विकेट पर 178 रन बनाकर 50 रन की बढ़त हासिल कर ली थी। कप्तान नितीश राणा नाबाद 47 और अक्सदीप नाथ 11 रन बनाकर नाबाद रहे।

# संपत्ति में हिस्सा मांगने पर की गई हत्या

## हत्यारोपी के मां से थे अवैध संबंध, 10 लाख रुपयों की मांग कर रही थी ममता, पत्नी ने रची पूरी साजिश

**वरुण हत्याकांड**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 10 हजार रुपये का लालच देकर दोस्तों को बनाया मोहरा
- हत्या से इंकार करने पर अमित ने खुद चाकू से रेता था गला

**अमृत विचार:** संपत्ति में हिस्सेदारी की मांग करने पर आदित्य उर्फ वरुण (12) की गला रेत कर हत्या की गई थी। घटना के मुख्य आरोपी अमित राजपूत उर्फ पंचू के आदित्य की मां ममता से अवैध संबंध थे। ममता संपत्ति में 10 लाख रुपये की मांग कर रही थी। इसी वजह से अमित और उसकी पत्नी गुड़िया ने वरुण की हत्या करने की साजिश रची। अमित ने वरुण की हत्या की सुपारी दी थी। ऐन वक्त पर इंकार करने पर खुद अमित ने सनिगवां बंबा के पास वरुण के सीने में बैठ कर गला रेता था। फिर बाल आपचारियों ने बंबा में फेंका था। यह खुलासा सोमवार को एडीसीपी साउथ अंकिता शर्मा ने किया।


आदित्य उर्फ वरुण।

स्वर्ण जयंती विहार निवासी आदित्य उर्फ वरुण (12) चार जनवरी को बिस्कुट लाने की बात कहकर घर से निकला था। इसके बाद लापता हो गया था। वरुण की मां ममता गुप्ता ने सेन पश्चिम पारा थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। 10 जनवरी को वरुण का शव सनिगवां बंबा में मिला था। पोस्टमार्टम में गला रेतने से मौत की पुष्टि हुई थी। एडीसीपी अंकिता शर्मा ने बताया कि पुलिस ने आसपास पूछताछ की तो पता चला कि पड़ोस में रहने वाले कबाड़ व बाइक रिपेयरिंग का काम करने वाले 15 व 12 वर्षीय दो किशोरों के साथ वरुण को आखिरी बार देखा गया था।

यह क्लू मिलने के बाद रविवार को पुलिस ने दोनों किशोरों को पकड़ा। पूछताछ में दोनों ने बताया कि गणेशपुर का अमित राजपूत के घर आता-जाता था। अमित की पत्नी गुड़िया ने बताया कि वरुण की मां ममता जबरन अमित को अपना पति मानती थी और वरुण के लिए 10 लाख रुपये और संपत्ति में हिस्सा देने का दबाव डाल रही थी। हिस्सा नहीं देने फंसाने की धमकी देती थी, जिससे अमित खासा परेशान था।

सारी झंझटों से छुटकारा पाने के लिए गुड़िया ने ही अमित को तरकीब बताई थी कि अगर वह वरुण को रास्ते से हटा दे तो मामला खत्म हो जाएगा। वरुण की हत्या के लिए गुड़िया ने ही 10 हजार रुपये देने का लालच दिया था।

### हत्या के लिए वरुण के दोस्तों को बनाया मोहरा

एडीसीपी के मुताबिक अमित ने वरुण की हत्या के लिए उसके दोस्तों को ही मोहरा बनाया था। बाल आपचारियों ने बताया कि वह वरुण के साथ खेलते थे। वरुण को ले जाने के लिए अमित ने उन्हें अपनी बाइक दी थी। दोनों वरुण को बाइक से बिठूर ले जाकर हत्या करना चाहते थे। वह कल्याणपुर पहुंचे थे, तभी अमित के साले का उनके पास फोन आया और उसने हत्या करने से रोका। इसके बाद दोनों वरुण को लेकर रामा देवी पहुंचे और अमित को फोन कर हत्या करने से मना कर दिया।

### बेटी के मोबाइल से खुला अवैध संबंधों का राज

एडीसीपी अंकिता शर्मा ने बताया कि वरुण की मां ममता अपनी बेटी और बेटे वरुण के साथ अमित के भाई सुमित के घर पर किराये पर रहती थी। ममता ने पुलिस को अमित के साथ संबंधों के बारे में कुछ नहीं बताया। पुलिस ने ममता की बेटी के मोबाइल की जांच की तो उसमें अमित का नंबर चाचा के नाम से सेव था। बेटी से अकेले में पूछताछ करने पर पुलिस को दोनों के अवैध संबंधों की जानकारी हुई, लेकिन तब तक अमित और गुड़िया फरार हो चुके थे।

### कोलार्ज बनाकर पति पर जताया था शक

एडीसीपी ने बताया कि वरुण के लापता होने पर उसकी मां ममता को अपने ही पति मनोज पर शक था। उसे आशंका थी कि मनोज ने ही वरुण को गायब किया है। शक के आधार पर उसने वरुण और मनोज का कोलार्ज बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया था, जिसमें उसने पति मनोज पर बेटे को अगवा करने का शक जाहिर किया था।

### ब्रेनवॉश करने के लिए गुड़िया ने बुलाया घर

बाल आपचारियों ने बताया कि हत्या से इंकार करने के बाद गुड़िया ने उन्हें अपने घर बुलाया। एक बाल आपचारी गुड़िया के घर गणेशपुर गया तो गुड़िया ने सब्जी-पूड़ी बनाकर दी और वरुण की हत्या करने को तैयार किया, लेकिन उसने रामादेवी वापस लौटने के बाद हत्या करने से मना कर दिया। इसके बाद अमित ने वरुण को सनिगवां बंबा के पास लाने को कहा। वह वरुण को लेकर वहां पहुंचे, तो अमित बेदर्दी से वरुण के सीने पर बैठ गया और चाकू से गला रेत कर हत्या कर दी। फिर दोनों किशोरों ने 200 मीटर दूर बंबा में शव फेंका और फरार हो गए। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद कर लिया है।

### गुड़िया के मायके वाले भी शामिल, घर से फरार

एडीसीपी अंकिता शर्मा ने बताया कि अमित की पत्नी गुड़िया ने हत्या की साजिश रची, जिसमें चौबेपुर निवासी उसके मायके वालों ने भी पूरा सहयोग किया। पुलिस ने चौबेपुर स्थित घर में दबिश डाली तो सभी आरोपी घर में ताला लगाकर फरार हो चुके थे। पुलिस अभी भी उनकी तलाश कर रही है।

## सार-संक्षेप


पत्रकारों को कार्यक्रम की जानकारी देते आयोजक। अमृत विचार

### 31 जनवरी को बैदानी गांव पहुंचेंगे धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री

**बिठूर।** बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री 31 जनवरी की सुबह चौबेपुर विकास खंड के बैदानी गांव पहुंचेंगे और सावित्री नगर में स्थित दक्षिणमुखी बालाजी धाम मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होंगे। यह जानकारी दक्षिणमुखी बालाजी धाम सेवा समिति के अध्यक्ष विमल सिंह चौहान ने दी। उन्होंने बताया कि मंदिर में मूर्ति स्थापना के पहले 21 जनवरी को भव्य कलश यात्रा शुरू होकर बिठूर ब्रम्हावर्त घाट जाएगी। इसके बाद 22 जनवरी से राम कथा का आयोजन होगा, जिसमें प्रसिद्ध कथावाचक चंद्र भूषण पाठक कथा की अमृत वर्षा करेंगे। राम कथा 30 जनवरी तक चलेगी। इसके बाद 31 जनवरी को धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री के हाथों से मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कराई जाएगी। पहली फरवरी को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### संत पथिक की जयंती पर छात्राओं ने सजाई रंगोली

**घाटमपुर।** श्री शक्ति डिग्री कॉलेज साखाहरी में संत पथिक जी की जयंती सोमवार को धूमधाम से मनाई गई। कॉलेज प्रबंधक विनय त्रिवेदी, बीसीए विभागाध्यक्ष लेफ्टिनेंट विवेक त्रिवेदी ने शुभारंभ किया। प्रबंधक विनय त्रिवेदी ने कहा कि संत पथिक जी समाज में भेदभाव को समाप्त कर सामाजिक समरसता तथा मानव कल्याण में जीवन बिताने वाले संत थे। संत पथिक जी ने युवाओं और महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए स्वलिखित भजनों और उपदेशों से मार्गदर्शन किया। अनेक विद्यालय भी खुलवाए। छात्र-छात्राओं ने निबंध लेखन, रंगोली, क्विज, 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, कविता, मेहंदी, चित्रकला, बैडमिंटन प्रतियोगिताओं में भाग लिया, जिसमें प्रथम व द्वितीय स्थान पाने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया।


रंगोली सजातीं छात्राएं। अमृत विचार

### शिवराजपुर पुलिस ने जिला बदर अपराधी को भेजा जेल

**शिवराजपुर।** क्षेत्र के मक्कापुरवा निवासी जिला बदर एवं इनाम घोषित अभियुक्त सनी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। सनी को जिलाबदर कर 10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। सनी पुलिस को चुनौती देते हुए गांव में ही घूम रहा था। पुलिस ने उसे एक तमंचा और दो कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।

### शराब बेचने की सूचना पर ढाबों में छापेमारी

**चौबेपुर।** क्षेत्र के ढाबों में चोरी छिपे शराब की बिक्री की सूचना पर सोमवार देर रात एसीपी बिल्हौर अजय त्रिवेदी ने ढाबों में छापेमारी की। मामले की भनक लग जाने से किसी भी ढाबे पर शराब बरामद नहीं हुई। ढाबों में शराब की अवैध बिक्री होने की खबर सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी। इसको लेकर एसीपी अजय त्रिवेदी ने सोमवार देर रात क्षेत्र के कुछ चर्चित ढाबों पर छापेमारी की। एसीपी ने बताया कि किसी भी ढाबे में शराब बरामद नहीं हुई है। ढाबा संचालकों को हिदायत दी गई है।

### कनपटी पर तमंचा लगाकर बाइक और नकदी लूटी

**चौबेपुर।** बेला रोड पर जादेपुर घस्सा मोड़ के पास रविवार देर रात बदमाशों ने युवक की कनपटी पर तमंचा लगाकर नकदी और बाइक लूट ली। सोमवार को धीरेंद्र यादव ने तहरीर देकर बताया कि रविवार रात वह दिलीप नगर में रामलीला देखने गया था। देर रात घर लौटते समय मोड़ के पास बाइक सवार चार बदमाशों ने उसे रोक लिया और कनपटी पर तमंचा लगाकर गालीगलौज व मारपीट की। बदमाश डेढ़ हजार रुपये और बाइक लूट ले गए। प्रभारी थानाध्यक्ष गौतम सिंह ने बताया कि मामला संदिग्ध है।

# कोहरे के बीच तेज रफ्तार कार दुकान में घुसी, पांच घायल

संवाददाता, बिधनू

- कोरियां चौकी क्षेत्र के सूबेदार चौराहे के पास हुआ हादसा
- घायलों को ट्रामा सेंटर भेजा गया, दो की हालत नाजुक

**अमृत विचार:** सेन पश्चिम पारा थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर दुकान में जा घुसी, जिसमें सवार पांच लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची 108 एम्बुलेंस ने घायलों को ट्रामा सेंटर पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

कोरियां चौकी क्षेत्र के नगवा सूबेदार चौराहा के पास सोमवार भोर पहर भीषण कोहरे के बीच तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पिलर तोड़ते हुए दुकान में घुस गई। तेज धमाके के साथ हुए हादसे के बाद मौके पर भीड़ जुट गई। हादसे में कार सवार तौधकपुर तुलसियापुर निवासी कुणाल पासवान, पड़ोसी दोस्त मोहित, आकाश, अमन और अभिषेक घायल हो गए। पांचों युवक सोमवार भोर पहर करीब तीन बजे कार से कोरियां तिराहे की ओर जा रहे थे, तभी नगवा गांव में सूबेदार चौराहे के पास भीषण कोहरे की वजह से पिलर तोड़ते हुए एक दुकान में घुस गई।


हादसे में क्षतिग्रस्त कार। अमृत विचार

टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार सवार पांचों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद पिलर टूटने से भरभराकर गिरे छत के मलबा की आवाज सुनकर स्थानीय लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घायलों को काशीराम ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया, जहां दो की हालत नाजुक बनी हुई है। हादसे को लेकर सेन पश्चिम पारा थाना प्रभारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां फिलहाल उनका इलाज चल रहा है।

# भाजपा के मंडल अध्यक्ष घोषित

**बिल्हौर/घाटमपुर।** भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष दिनेश कुशवाहा ने सोमवार को सभी 16 मंडल अध्यक्षों की घोषणा कर दी। युवाओं पर भरोसा जताया गया है।

बिल्हौर ग्रामीण में शुभांशु कटियार, बिल्हौर नगर की कमान सौरभ शर्मा को दी गई है। ककवन में शानू राठौर, पूरा में नील कुमार पाल को कमान दी गई है। शिवराजपुर में अनुराग शुक्ला को दोबारा मौका मिला है। चौबेपुर में जितेंद्र राजपूत, बिठूर में पुष्कर शुक्ला, मझावन में कमल कुशवाहा, बिधनू में श्याम सिंह चंदेल, सचेंडी में गोविंद कुशवाहा, भीतरगांव में विनय शुक्ला, घाटमपुर नगर में अनूप अवस्थी, पतारा में कुलदीप सिंह, रेउना में सौरभ कुशवाहा, नौरंगा में संदीप पाल, बरीपाल में ब्रजेंद्र कुमार निषाद को कमान सौंपी गई है।

# दो पक्षों में विवाद के बाद चले ईंट-पत्थर

संवाददाता, बिधनू

- नशेबाजी के दौरान गालियां देने से शुरू हुआ विवाद, तहरीर दी

**अमृत विचार:** सेन पश्चिम पारा थाना क्षेत्र में रविवार देर रात शराब के लिए रुपये न देने पर दो पक्षों के बीच गालीगलौज के बाद जमकर ईंट-पत्थर चले। सोमवार को घटना का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद पुलिस सक्रिय हुई। एक पक्ष ने शराब के लिए रुपये वसूलने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। पुलिस जांच में जुट गई है ।

दीनदयालपुरम केडीए कॉलोनी में रविवार की रात मजदूर रामबहादुर विश्वकर्मा के बेटे शिवम और सत्यम हैंडपंप में पानी भरने गए थे। हैंडपंप के पास पड़ोसी नितिन अपने साथी गोलू यादव, गैंठू, अद्दू के साथ शराब पी रहा था। नशे में नितिन पुराने विवाद को लेकर गालीगलौज करने लगा। जब शिवम और सत्यम ने विरोध किया तो नितिन अपने साथियों के साथ दोनों भाइयों को पीटने लगा। मारपीट होता देखकर रामबहादुर की पत्नी अपने दोनों बेटों को समझाकर घर ले गई। आरोप है कि तकरीबन आधे घंटे बाद नितिन करीब 10 साथियों के साथ दरवाजे पर आकर गालीगलौज करते हुए पथराव शुरू कर दिया। विरोध में शिवम और सत्यम ने भी परिवार समेत छत से पथराव शुरू कर दिया। एसओ राकेश कुमार सिंह ने बताया कि एक पक्ष से तहरीर मिली है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# महिलाएं राजभवन में होंगी सम्मानित

**घाटमपुर।** स्वयं सहायता समूह की चार महिलाओं को गणतंत्र दिवस के अवसर पर राजभवन में उत्कृष्ट कार्यों के लिए राज्यपाल के हाथों सम्मानित किया जाएगा।

जो महिलाएं सम्मानित होंगी, उनमें गोपालपुर के नीलम स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष पप्पी सचान नमकीन के साथ बुकनू, बेसन, मिलेट्स उत्पादन कर रही हैं। सजेती के अलियापुर के स्वदेशी स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष गीता देवी द्वारा हल्दी, धनिया, मिर्च आदि पिसे मसाले, सरसों के तेल का उत्पादन कर रही है। डोहरू के जय बालाजी समूह की राधा देवी को टोस्ट और बिस्कुट उत्पादन और सरगांव के जय कामतानाथ समूह की कीर्ति देवी को जैविक खेती, वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन, मिलेट्स उत्पादन, बीज संरक्षण एवं फल प्रसंस्करण के लिए सम्मान मिलेगा।

# स्नान, ध्यान के साथ खिचड़ी दान

संवाददाता, शिवराजपुर

**अमृत विचार:** सोमवार को मकर संक्रांति पर्व पर खेरेश्वर गंगा घाट पर आस्था का जमघट लगा। यहां भोर पहर से स्नानार्थियों के पहुंचने और गंगा में आस्था की डुबकी लगाने का सिलसिला शुरू हो गया। श्रद्धालुओं ने स्नान, ध्यान के बाद खिचड़ी का दान किया और पुण्य कमाया। लोगों ने पुरोहितों को खिचड़ी, तिल, गुड़ का दान दिया।

मान्यता है कि मकर संक्रांति से ही सूर्य उत्तरायण हो जाते हैं। वाणों की सैया पर लेटे भीष्म पितामह ने मकर संक्रांति के बाद सूर्य उत्तरायण होने पर ही अपने प्राण त्यागे थे। ऐसा कहा जाता है कि सूर्य उत्तरायण होने पर मनुष्य स्वर्गगामी होता है। भीष्म पितामह ने सूर्य उत्तरायण होने का इंतजार छह महीने तक किया था। पौराणिक मान्यता के अनुसार जिस दिन सूर्य नारायण अपने पुत्र शनि के घर जाते हैं, उसे मकर संक्रांति कहा जाता है।


मकर संक्रांति पर राह चलते लोगों को खिचड़ी खिलाई। अमृत विचार

- मकर संक्रांति पर गंगा तट पर स्नानार्थियों का जमघट

मकर संक्रांति पर गंगा में आस्था की डुबकी लगाने वालों का उत्साह देखते ही बना। शीतलहर और कड़ाके की सर्दी भी लोगों का उत्साह कम नहीं कर सकी। लोगों ने खेरेश्वर मंदिर पहुंचकर आस्था की डुबकी लगाई और फिर दान आदि कर पुण्य कमाया। मकर संक्रांति पर कस्बे और आसपास ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिरों खेरेश्वर, कस्बे के भूतेश्वर मंदिर, शिवली तिराहा आदि जगहों पर खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। जगह-जगह कंबल वितरित किए गए। इस मौके पर रामू रावत, धनीराम टक्कू, अंशू वर्मा, रविन्द्र वर्मा, मनीष गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे।




**सर्दी का सितम** | ठंड के प्रकोप से जीटी रोड के साथ दूसरे मार्गों पर शाम ढलने से पहले ही पसरा सन्नाटा

# शीतलहर ने गलन बढ़ाई, नहीं छूट रही रजाई

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचार:** सर्दी का सितम बढ़ता जा रहा है। भीषण गलन के चलते अब लोगों का घरों से बाहर निकलना दूभर हो गया है। सोमवार को सुबह से शाम तक सूरज के दर्शन नहीं हुए। इस दौरान बर्फीली हवाओं ने लोगों को कंपा दिया। ऐसी ठिठुरन कि लोगों की रजाई नहीं छूट रही है। ठंड से बचाव के लिए लोगों को आग का सहारा लेना पड़ रहा है। वही ठंड के प्रकोप के चलते जीटी रोड के साथ क्षेत्र के प्रमुख मार्गों पर शाम ढलने से पहले ही सन्नाटा पसर गया।

ठंड का प्रकोप दिन-ब-दिन बढ़ता ही जा रहा है। सोमवार को सुबह से छाया घना कोहरा दोपहर बाद कम तो हुआ, लेकिन आसमान में छाए बादलों के कारण सूर्य देव के दर्शन पूरे दिन नहीं हुए। इस दौरान चली बर्फीली हवाओं ने लोगों को घरों के अंदर ही कैद रहने को विवश कर दिया। मजबूरीवश घर से बाहर निकले लोग जगह-जगह आग का सहारा लेते नजर आए।


ठंड से बचाव के लिए आग का सहारा लेते लोग। अमृत विचार

### सर्दी से बचने के लिए सावधानी जरूरी

सीएचसी के अधीक्षक डॉ. यशोवर्धन सिंह का कहना है कि तापमान में तेजी से गिरावट सेहत के लिए समस्या पैदा कर सकती है। भीषण ठंड से सर्दी, फ्लू और सांस संबंधी बीमारियां बढ़ने के साथ माइग्रेन व उच्च रक्तचाप के मरीजों के लिए मुसीबत पैदा कर सकती है। अत्यधिक ठंड में रक्त वाहिकाएं संकीर्ण होने के कारण रक्तचाप बढ़ जाता है। छोटे बच्चों, वृद्ध अथवा कमजोर लोगों को भी खास ऐहतियात बरतने की आवश्यकता है। कोशिश करें कि घरों के अंदर ही रहकर आग का सहारा लें। बाहर निकलने पर शरीर को गर्म (ऊनी) कपड़ों से अच्छी तरह ढककर रखें। किसी भी तरह की समस्या पर तत्काल अस्पताल पहुंचें।

तेजी से बढ़ रही गलन से जनजीवन पूरी तरह से प्रभावित है । ठंड का आलम यह है कि हाथ-पैरों की उंगलियां अब सुन्न पड़ने लगी हैं। हफ्ते भर से कड़ाके की सर्दी ने सबसे अधिक समस्या दिहाड़ी मजदूरों के समक्ष उत्पन्न कर दी है। काम की तलाश में मजदूर सुबह से शाम तक इधर से उधर भटकते दिखाई दे रहे हैं। वहीं मौसम के इस रुख से बाजार में पसरे सन्नाटे के कारण दुकानदारों में निराशा हैं। सोमवार को जबरदस्त गलन के चलते जीटी रोड, बेला रोड व बंदीमाता मार्ग पर शाम चार बजे के बाद सन्नाटा पसर गया। हाड़कंपाऊ गलन से परेशान दुकानदार भी जल्द शटर गिराकर घर चले गए।

### ग्राम प्रधान ने बांटे कंबल

सोमवार को चौबेपुर ग्राम प्रधान ने अब्दुलपुर गांव में जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए। ग्राम प्रधान अरविंद उर्फ कल्लू यादव ने ग्राम पंचायत के मजरा अब्दुलपुर में आधा सैकड़ा गरीब,असहाय व जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए। इस मौके पर अंजू त्रिपाठी, संतोष यादव, राजकुमार, संजू सिंह, भैय्यन शुक्ला, सचिन सिंह, श्याम बाबा, संदीप सिंह आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# गंगा में लगाई पुण्य की डुबकी

## पूजन-अर्चन के साथ श्रद्धालुओं ने बांटे कंबल, खिलाई खिचड़ी, अलाव भी जलाया

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** सूर्य के उत्तरायण होने पर स्नान, दान व पुण्य का त्योहार मकर संक्रांति जिले में उत्साह के साथ मनाया गया। घरों में एक दिन पहले ही दही-बड़े व मंगौड़े आदि बनाकर तैयार किए गए। वहीं सोमवार सुबह लोगों ने गंगा नदी सहित घरों में स्नान कर दान पुण्य किया। शहरी व कस्बा इलाकों सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी भंडारे का आयोजन हुआ। राहगीरों को खिचड़ी व तहरी भोज कराया गया।

महिलाओं ने रविवार दोपहर तक घरेलू कामकाज निपटने के बाद खिचड़ी पर्व के लिए पकवान खासकर बड़े व मंगौड़े बनाने की तैयारियां शुरू कर दीं। घंटों मशक्कत के बाद पकवान बनाए। सोमवार सुबह जल्दी उठकर लोगों ने स्नान किया। खिचड़ी का दान मंदिरों के पुजारियों व पुरोहित के पास पहुंचाया। लोगों ने दान में उपयोग होने वाले वस्त्र आदि भी दिए। कुछ लोगों ने गंगा में स्नान किया। पंडों से पूजन कराकर दान दिया। मकर-संक्रांति पर दान-पुण्य किए जाने का खास महत्व है। सार्वजनिक खिचड़ी-तहरी भोज का भी आयोजन किया जाता है। शहर के बड़ा चौराहा, आईबीपी चौराहा, मोतीनगर, आवास विकास कालोनी, आदर्शनगर, सिविल लाइंस व मोहारीबाग आदि स्थानों पर भंडारा हुआ। कुछ लोगों ने चाय वितरण भी कराया।



खिचड़ी वितरित करते लोग। अमृत विचार

### बेटियों के परिवार बने मेहमान

मकरसंक्रांति से दो दिन पहले ही जहां लोगों ने मान्य (बेटी-दामाद) के यहां खिचड़ी पहुंचाने का सिलसिला शुरू किया। वहीं बड़ी संख्या में लोगों ने बेटियों के परिवार को त्योहार पर घर में भोजन के लिए आमंत्रित किया। त्योहार पर बने परांपरागत व्यंजन खिलाकर उन्हें विदा करते हुए दान-दक्षिणा भी भेंट की।

## असहायों को बांटे गए कंबल

**उन्नाव।** मकर संक्रांति के पर्व पर ब्लॉक क्षेत्र के गांव मगरायर में अवस्थी परिवार ने द्वतीय मातृ शक्ति व वृद्ध जन सेवा सम्मान समारोह किया। जिसमें गांव व आसपास के निर्धन, असहाय, महिलाओं, वृद्ध, विकलांगों को कंबल दिए। समारोह में आयोजक श्यामू अवस्थी ने कहा कि पूर्वजों, बुजुर्गो व मातृ शक्ति की कृपा एवं आशीर्वाद से यह सेवा का अवसर मुझे प्राप्त हुआ है। इस अवसर पर रामू अवस्थी ने कहा कि यह सेवा भाव का आयोजन है और समाज के हर समर्थ व्यक्ति को ऐसे पुनीत कार्य करने चाहिए। कबल पाकर असहाय लोगों के चेहरे खिल गए। इस दौरान पूर्व प्रधान बृज कुमार, प्रधान बेहटा भवानी रामजी पांडेय, बीडीसी निर्मल साहू, अमरनाथ सैनी, पवन पासवान आदि मौजूद रहे।

## बौनामऊ व जमुका में बांटे गर्म कपड़े

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** सिकंदरपुर सरोसी ब्लाक के बौनामऊ स्थित निजी ब्रिक फील्ड पर सपा जिलाध्यक्ष राजेश यादव ने मकर संक्रांति पर अपने पिता स्व. गुरु दयाल यादव की पुण्यतिथि पर ज़रूरतमंदों को कंबल, ऊनी वस्त्र देकर खिचड़ी भोज कराया। बिछिया के जमुका गांव में भी कंबल बांटे गए। लोगों को गरम वस्त्र भेंट किए व खिचड़ी भोज का आयोजन किया।

सपा जिलाध्यक्ष ने सभी से मुलाकात कर भरोसा दिलाया कि वह समस्याओं के निराकरण के लिए कभी भी उनसे मिलकर अपनी समस्याएं बता सकते हैं। इस मौके पर संजय कुमार, अरुण कुमार, आर्यन यादव, सौर्य यादव, आयुष्मान यादव, समर व सम्राट सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



बच्चे को जैकेट देते सपा जिलाध्यक्ष। अमृत विचार

उधर, पुरवा विधानसभा के बिछिया ब्लाक स्थित जमुका गांव में स्व. जमुना देवी शुक्ला की पत्नी स्व शिवधर शुक्ला की याद में बनवाए गए द्वार पर कंबल वितरण हुआ। इस दौरान चयनित 150 जरूरतमंदों को कंबल दिए गए। कार्यक्रम संयोजक सावित्री शुक्ला व राजकिशोर शुक्ला ने भरोसा दिलाया कि मकर संक्रांति पर कंबल वितरण का सिलसिला जारी रखा जाएगा। इस मौके पर आलोक निगम, उमादत्त शुक्ला, हरिकिशोर शुक्ला, रामदत्त शुक्ला, जगदीश प्रसाद त्रिपाठी, आदित्य चौरसिया, अंकित शुक्ला, जय निगम, अभिषेक शुक्ला, विकास शुक्ला, जितेंद्र शुक्ला, महेश तिवारी, अरुण शुक्ला, शैलेंद्र चौरसिया, जगदम्बा शुक्ला, शशिकांत चौरसिया, विवेक शुक्ला, पिंकी शुक्ला, मीनाक्षी शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# तीन युवकों ने फांसी लगाकर दी जान

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** अलग-अलग थाना क्षेत्रों में लकड़ी कारोबारी सहित तीन युवकों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पुलिस ने जांच के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घटना के बाद से परिजनों में कोहराम मचा है।



दिवंगत



बिलखते परिजन। अमृत विचार

**केस 01**

**सफीपुर कोतवाली** क्षेत्र के मोही खेड़ा गांव निवासी लकड़ी कारोबारी मुकेश (45) ने अपने कमरे का दरवाजा बंद कर पंखे के कुंडे से फांसी लगा ली। किसी काम से पत्नी सावित्री कमरे में गईं तो दरवाजा बंद देख पति को आवाज दी। कोई जवाब न मिलने पर खिड़की से झांक कर देखा तो उनके होश उड़ गए। चीख सुनकर परिजन पहुंचे और दरवाजा तोड़कर शव नीचे उतारा। सीएचसी में मौजूद डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कारोबारी के चार बेटे व एक बेटी है। परिजन रो-रोकर बेहाल हैं। कारोबारी के दो बेटे बाहर रहकर नौकरी करते हैं।

**केस 02**

**मौरावां थानाक्षेत्र** के गांव मवई के मजरे चौनखेड़ा निवासी अनुज कुमार (20) पुत्र दयाराम पासवान ने रविवार रात को कमरे में फांसी लगा ली। युवक ने दरवाजा अंदर से बंद कर रखा था। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को फंदे से उतारा। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भेजा है। इंस्पेक्टर भवन सिंह मौर्य ने बताया कि युवक की मां रामरती का कहना है कि बेटा मानसिक रूप से बीमार था। जिसका इलाज कराया जा रहा था। युवक का बड़ा भाई सुनील लुधियाना में नौकरी करता है। भाई को मौत की खबर दी गई है।

**केस 03**

**अजगैन कोतवाली क्षेत्र** के धाराखेड़ा गांव निवासी देशराज का 21 वर्षीय पुत्र सचिन रावत ने देर शाम गांव के बाहर अंगद यादव के खेत में पेड़ पर फांसी लगा ली। देर शाम उधर से निकले ग्रामीणों ने पेड़ पर शव लटका देखा तो भीड़ लग गई। जानकारी पर परिजन पहुंचे और सूचना पुलिस को दी। युवक तीन भाइयों में बड़ा था। छोटा भाई राम नरेश, श्यामलाल, बहन रोशनी सहित मां प्रेमा का रो-रो कर बुरा हाल है। युवक लखनऊ के नादरगंज में मजदूरी करता था। चर्चा है कि वह बीती 12 जनवरी को एक गैर जातीय युवती को लेकर चला गया था।

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** दही-पुरवा मार्ग पर रविवार देर रात ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल हो गया। सूचना पर पुलिस ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मोबाइल नंबर के आधार पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। सोमवार को शव का पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।



राजीव।

शाहजहांपुर जिले के गांठ थाना क्षेत्र के तिलियनपुर गांव निवासी राजीव चौधरी (25) पुत्र श्यामलाल एक वर्ष से दही थाना क्षेत्र के शिव नगर मोहल्ले में किराए के मकान में अपनी पत्नी के साथ रहता था। वह औद्योगिक क्षेत्र दही में एक चर्म फैक्ट्री में मजदूरी करता था। रविवार रात किसी काम से वह घर से निकला था। पुरवा-दही मार्ग पर सुंदर वाटिका के पास तेज रफ्तार ट्रक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। राहगीरों की सूचना पर पुलिस पहुंची ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके पास मिले मोबाइल से पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। मौत की खबर पाकर गर्भवती पत्नी माधुरी अचेत हो गई। सोमवार को उसके गांव से पिता सहित अन्य परिजन पहुंचे। बड़े भाई विकास ने बताया राजीव की बीती मई में शादी हुई थी। वह तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर था।

### हादसे में युवक घायल

**नवाबगंज।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के जालिम खेड़ा गांव निवासी शिवपूजन (19) पुत्र विजय शंकर बाइक से सोमवार को सोहरामऊ जा रहा था। तभी नवाबगंज नहर के पास तेज रफ्तार डंपर ने टक्कर मार दी। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने उसे उपचार के लिए नवाबगंज सीचसी में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत नाजुक होने पर चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## आज समस्याओं के समाधन को जनसुनवाई

**उन्नाव।** सरकार व शासन के निर्देशों पर जनसमस्याओं के प्रभावी निराकरण के लिए मंडलायुक्त रोशन जैकब आज कलक्ट्रेट के पन्नालाल हाल में आम जनमानस से मुलाकात करेंगी। वह सुबह 11 से दो बजे तक फरियादियों से मिलते हुए उनकी समस्याएं सुनेंगी। समस्या का त्वरित निस्तारण होगा। शासन के निर्देश पर मंडलायुक्त स्वयं जनसुनवाई करने पहुंच रही हैं। वह 11 बजे पन्नालाल हाल में बैठकर फरियादियों से मुलाकात करेंगी। कब्जा, बिजली, पानी व जल निकासी से जुड़ी समस्याएं सुनकर संबंधित अधिकारियों के माध्यम से उनका निराकरण कराएंगी। इस दौरान लोग आवास योजना व दैवी आपदा से संबंधित प्रकरणों का निराकरण भी करा सकेंगे। इसके अलावा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से खाद्यान्न प्राप्त होने संबंधी समस्याएं भी मंडलायुक्त के सामने उठाई जा सकेंगी। लेखपालों ने शिविर में आने के लिए जागरूक किया।

## सार-संक्षेप

### बाइकें टकराई, तीन घायल

**आसीवन।** सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के गोड़िया बाग निवासी दिनेश सोमवार को बाइक से अपने ससुर श्यामलाल को आसीवन के बाकरखेड़ा गांव छोड़ने जा रहे थे। वह कनिगांव सरकारी स्कूल के पास पहुंचे थे तभी सामने से आ रहे बाइक सवार शिवकुमार उर्फ करन निवासी मल्हीमऊ ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों बाइक पर सवार तीन लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को मियागंज सीएचसी में भर्ती कराया। डाक्टर ने तीनों को जिला अस्पताल रेफर किया है।

### चेयरमैन ने मंदिर में लगाई झाड़ू

**फतेहपुर चौरासी।** मकर संक्रांति के अवसर पर कस्बा में संचालित कान्हा गोशाला में चेयरमैन, राष्ट्रीय गोरक्षक दल के जिला उपाध्यक्ष ने गोपूजन कर गोवंशों को गुड़ व चना खिलाया। इसके बाद उन्होंने कस्बा स्थित मंदिर में झाड़ू लगाकर सफाई की। सोमवार को कान्हा गोशाला में चेयरमैन मिथलेश जायसवाल और राष्ट्रीय गौरक्षक दल के जिला उपाध्यक्ष पवन पांडेय, व्यापार मंडल अध्यक्ष अमित मिश्रा, पशु चिकित्सक सुरेश कुमार ने गायों का पूजन किया। गुड़ और चना, हरा चारा खिलाया। इसके बाद मंदिर में झाड़ू लगाकर सफाई की। इस मौके पर नितिन जायसवाल, नातेदार, अनभूति स्वरुपाचार्य, अवधेश शुक्ला, गोविंद बाजपेई, शिवानुज पांडेय आदि रहे।

### चोर ले गए बोलेरो, मोबाइल व लैपटाप

**फतेहपुर चौरासी।** कस्बा स्थित एक इंटर कालेज के प्रांगण में खड़ी बोलेरो व दो मोबाइल, एक लैपटॉप चोर ले गए। नगर पंचायत फतेहपुर चौरासी के मोहल्ला फिरोज नगर स्थित आरबीएस इंटर कॉलेज के प्रबंधक महेंद्र सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि कालेज के प्रांगण में बोलेरो खड़ी थी। कालेज में ही उनका बेटा गुलशन सिंह व भांजा आकाश सिंह सो रहे थे। सोमवार सुबह दोनों जागे तो देखा कि कालेज का गेट खुला था। बोलेरो, मोबाइल व लैपटॉप गायब था। प्रभारी निरीक्षक राजेश पाठक ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है।

### स्कैटिंग कर अयोध्या जा रहा 10 वर्षीय बालक

**नवाबगंज।** अयोध्या में भगवान राम के मंदिर की 22 तारीख को प्राण प्रतिष्णा है। जिसमें शामिल होने के लिए देश के कोने-कोने से लोग जा रहे हैं। एक 10 वर्षीय बालक राजस्थान के कोटपुतली गांव से अयोध्या के लिए स्केटिंग करते निकल है। उसके पिता पीछे से गाड़ी लेकर चल रहे हैं। राजस्थान के कोटपुतली गांव से 10 वर्षीय बालक हिमांशु सैनी पुत्र अशोक सैनी घर से 704 किमी स्कैटिंग करके अयोध्या पहुंचेगा। बालक का सोमवार को नवाबगंज के युवाओं राजमानिक, पर्व मिश्रा, आदेश गुप्ता, यशराज ने स्वागत किया और उसके हौसले को प्रणाम किया और बधाई दी।

### प्राण प्रतिष्ठा के दिन मंदिरों में होंगे सुंदरकांड

**नवाबगंज।** आगामी 22 तारीख को अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा है। जिसके लिए पूरा देश राममय हो गया है। 22 तारीख को मंदिरों में सुंदरकांड पाठ के साथ ही प्रसाद वितरण किया जाएगा। जिसकी तैयारी जोरों पर चल रही है। कस्बा के राधाकृष्ण मंदिर में सुंदरकांड पाठ के साथ प्रसाद वितरित होगा और संतोषी माता के मंदिर में भी यही कार्यक्रम है। दुर्गा कुशहरी मंदिर में माता के दरबार को सजाने के साथ ही आसपास के मंदिरों को भी दुर्गा मंदिर सेवा समिति सजवाएगा। सोहरामऊ स्थित जगन्नाथ मंदिर मे भी भव्य सजावट के साथ प्रसाद वितरित होगा। भाजपा नेता अखिलेश गुप्ता, राजेंद्र द्विवेदी, विनोद मिश्रा ने बताया की उनका प्रयास होगा कि हर मंदिर को सजाया जाए और पूजा अर्जना के साथ कीर्तन हो।

### मानवीय संस्कार आज भी जीवित : विधायक

**नवाबगंज।** विधायक बृजेश रावत ने सोमवार को ग्राम चमरौली में मक्रर संक्रांति पर खिचड़ी भोज कराया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि गांव में आज भी लोगों के अंदर मानवीय संस्कार हैं। एक दूसरे के सुख-दुख में शामिल होते हैं। कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रवि सिंह ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम हमें अपनी संस्कृति की याद दिलाते हैं। इस अवसर पर प्रधान समर बहादुर, जगदीशपुर रिषी सिंह, अंशु सिंह, रजनीश साहू, राकेश दीक्षित, मनोज कुमार मौजूद रहे।

### हादसे में घायल युवक की मौत

**फतेहपुर चौरासी।** थानाक्षेत्र निवासी विजय कुमार सिंह रविवार सुबह करीब 10 .30 बजे घर से दुकान पैदल जा रहे थे। काली मिट्टी शिवराजपुर मार्ग पर रामनरेश यादव के घर के समीप पहुंचते ही बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गए। आसपास के लोगों ने उन्हें सीएचसी पहुंचाया। जहां से जिला अस्पताल फिर कानपुर रेफर किया गया है। जहां सोमवार को उनकी मौत हो गई। खबर पाकर परिजनों में कोहराम मच गया।

# बदमाशों ने छात्रा का छीना मोबाइल और पर्स, रिपोर्ट

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

- कोहरे का लाभ उठाकर भागने में सफल हुए बदमाश
- पहले धक्का देकर गिराया फिर की लूटपाट

**अमृत विचार।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र में घर लौट रही युवती का बाइक सवार बदमाशों ने मोबाइल, पर्स व अन्य सामान छीनकर फरार हो गए। पीड़िता ने पीआरवी और अजगैन कोतवाली पहुंचकर लूट की सूचना दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सोहरामऊ थानाक्षेत्र के गांव खैलामऊ निवासी सीमा पत्नी प्रकाश ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसकी बेटी रूबी रविवार को हसनगंज गई थी। लौटते समय हाईवे से पैदल गांव जा रही थी। इसी बीच गौरा कठेरवा-जैतीपुर रजबहा के समीप पीछे से आए बाइक सवार बदमाशों ने उसे रोककर जबरदस्ती की। बेटी को धक्का देकर मोबाइल, पर्स व अन्य सामान छीनकर नवाबगंज जैतीपुर संपर्क मार्ग की तरफ भाग गए। रूबी के शोर मचाने पर पहुंचे लालखेड़ा निवासियों ने बदमाशों की खोजबीन की, लेकिन कोहरे के कारण बदमाश भागने में सफल रहे।

महिला के अनुसार इस पर उनकी बेटी सोहरामऊ थाने पहुंची। जहां से उसे अजगैन कोतवाली क्षेत्र भेज दिया गया। सूचना पर अजगैन पुलिस मामले की जांच में जुट गई। अपराध निरीक्षक राम नारायण ने बताया कि घटना की जानकारी है। कार्रवाई की जा रही है।

## नकदी- जेवर के साथ पुलिस ने पकड़े चोर

**पुरवा।** असोहा थानाक्षेत्र के पैंथर में तीन दिन पहले हुई चोरी के मामले में नामजद आरोपियों को पुलिस ने पकड़ लिया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी के 73 हजार रुपये व जेवर बरामद किए हैं।

पैंथर गांव निवासी महेंद्र के घर में 11 जनवरी की रात चोरों ने रुपये, जेवर पार किए थे। पीड़ित की पत्नी बबली ने गांव के ही सोनू व मंजीत के विरुद्ध तहरीर दी थी। रविवार रात असोहा पुलिस ने सोनू व मंजीत को पकड़ लिया।

पुलिस की पूछताछ में दोनों ने चोरी स्वीकार की। पुलिस ने चोरों के पास से रुपये व दोनों की निशानदेही पर गांव से एक किमी दूर जंगल में जमीन में छुपाए गए जेवर बरामद किए गए। एसओ राजबहादुर ने बताया कि आरोपियों को जेल भेजा गया हैं।

# ट्रेन की चपेट में आए युवक की मौत

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- पत्नी से विवाद के बाद नाराज होकर घर से निकला था युवक
- घटना के बाद घर में मचा कोहराम, सांत्वना देने जुटे रहे लोग

**अमृत विचार।** घर में विवाद के बाद ट्रैक्टर चालक ने कानपुर-लखनऊ रेलमार्ग पर ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली। प्वाइंट मैन ने शव पड़ा देख रेलवे पुलिस को सूचना दी। ड्राइविंग लाइसेंस के आधार पर पुलिस ने परिजनों को सूचना दी।

अजगैन कोतवाली क्षेत्र के रहमतगंज गांव निवासी विनोद (38) गांव के ही रामकुमार के यहां ट्रैक्टर चालक था। रविवार को गांव में एक कार्यक्रम के बाद शामियाना व अन्य सामान लादकर टेंट हाउस में उतारने गया था। लौटने पर उसका पत्नी से कहासुनी हो गई। शराब के नशे में होने के कारण वह घर से चला गया। परिजन उसकी तलाश कर रहे थे।

बताते है कि नाराजगी में उसने कानपुर-लखनऊ रेल मार्ग पर कुसुंभी व जैतीपुर रेलवे स्टेशन के बीच ट्रेन के आगे छलांग लगा दी। प्वाइंट मैन ने उसका शव पड़ा देख स्टेशन मास्टर को सूचना दी। आरपीएफ ने शव को ट्रैक से हटवाकर रूट साफ कराया। जामा तलाशी में उसके पास मिले ड्राइविंग लाइसेंस से पहचान कर परिजनों को घटना की जानकारी दी। पति की मौत से पत्नी सुनीता सहित बेटे अमन, गोलू व बेटी नंदनी रो-रोकर बेहाल है। लोग सांत्वना देने के लिए जुटे रहे।



युवक की मौत से गमगीन परिजन। अमृत विचार

## अश्लील फोटो और वीडियो भेजकर किया ब्लैकमेल

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के कलक्टरगंज के एक मोहल्ला निवासी किशोर कक्षा दस का छात्र है। उसके पिता ने बताया कि बेटा काफी दिनों से डरा-सहमा रह रहा था। स्कूल-कोचिंग जाने से घबराने लगा। पूछने पर उसने बताया कि वह दो अक्टूबर 2023 को कोचिंग गया था। कोचिंग से छूटने के बाद बाकरगंज निवासी साथी उसे गाड़ी में बैठाकर नवीन मार्केट के पीछे ले गए। वहां उसका मोबाइल छीनकर पासवर्ड लेकर परिवार की फोटो, वीडियो अपने मोबाइल में ले ली। बेटे के मोबाइल में अश्लील वीडियो व आपत्तिजनक फोटो अपलोड कर दी। इसके बाद उसे धमकाया कि यह सब उसके परिजनों व रिश्तेदारों को बता देंगे। अगर वह चाहता है इसे छिपाया जाए तो 50 हजार रुपये देने होंगे। रुपये न देने पर गायब करने की धमकी भी दी।

श्रद्धांजलि | हिंदुस्तान ट्रांसपोर्ट कंपनी में बतौर बस चालक करते थे नौकरी

# मुनव्वर को दादा की कर्मस्थली से था प्यार

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

- साहित्य भारती व भारती परिषद के मंचों से सुनाते रहे शायरी

**अमृत विचार।** वैसे तो ऊपर वाले के करम और स्वयं दशकों किए गए प्रयासों ने मुनव्वर राना को शायरी के जरिए शख्सियतों में शुमार कराया, लेकिन मां पर गढ़ी गई शायरी का इसमें अहम मुकाम रहा। किसी को घर मिला हिस्से में या कोई दुकां आई, मैं घर में सब से छोटा था मिरे हिस्से में मां आई, पंक्तियां सहजता से दिल में उतरकर दिमाग पर राना साहब की मातृ भक्ति वाली तस्वीर को गहरा कर देती हैं।

राना साहब जहां लंबे समय तक शहर की साहित्यिक संस्थाओं साहित्य भारती व भारती परिषद के कवि सम्मेलनों में मंचों की शोभा बढ़ाते रहे। वहीं उनके दादा (पिता के पिता) शहर में संचालित होते रहे हिंदुस्तान ट्रांसपोर्ट कंपनी में बतौर चालक अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। मुनव्वर साहब काव्य समारोहों के दौरान कभी-कभी जहां उन्नाव से अपने इस रिश्ते को सार्वजनिक तौर पर स्वीकार करते थे। वहीं मोहाजिर नामा पुस्तक में दादा को याद करते हुए उन्होंने उन्नाव के रास्तों सहित रिश्तों की ओर भी इशारा किया है। यही कारण है कि उनके इंतकाल की खबर ने हिंदी साहित्य के श्रेष्ठ रचनाकारों में शामिल सूर्यकांत त्रिपाठी निराला व डा. शिवमंगल सिंह सुमन के जिले के न सिर्फ साहित्य सेवियों, बल्कि अन्य लोगों को अपनी अतीत की स्मृतियों में डुबोए रखा। साहित्य भारती के चंद्र प्रकाश शुक्ल छुन्ना व डा. मनीष सिंह सेंगर ने निधन पर दुख जताते हुए बताया कि राना साहब के साथ बिताया गया समय अविस्मरणीय इसलिए है, क्योंकि वह लगातार संवाद स्थापित रखते थे। उनके नजदीक पहुंचने वाला इंसान उनसे स्वयं को शिद्दत से जुड़ा महसूस करने लगता था। बीते विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने बेटी हूं लड़ सकती हूं की पोस्टर गर्ल राना साहब की बेटी उरुषा राना को जिले की पुरवा विधानसभा सीट से चुनाव मैदान में उतारा था। हालांकि उनको चुनाव में मिली शिकस्त इसलिए बहुत मायने नहीं रखती, क्योंकि प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री गोपीनाथ दीक्षित की दशकों से राजनीति से जुड़ी बेटी आरती बाजपेई को अपने पिता की पारंपरिक सीट पर पराजय का सामना करना पड़ा। वहीं पहली बार उन्होंने अपनी बदौलत करीब दो हजार वोट प्राप्त किए।

## डंपर ढाबे में घुसा चार लोग घायल

**नवाबगंज।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ-कानपुर राजमार्ग पर मिश्रीगंज गांव स्थित एक ढाबा पर संचालक अपने परिजन समेत अलाव ताप रहे थे। तभी कानपुर की ओर जा रहा डंपर अनियंत्रित होकर ढाबे में घुस गया। रफ्तार इतनी तेज थी कि वह ढाबे के आगे मंदिर के चबूतरे से भिड़कर रुक गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल श्यामपाल व उसकी पत्नी विद्यावती, पोता तरुण पाल व पोती आयुषी पाल निवासी मिश्रीगंज कोतवाली अजगैन को नवाबगंज स्वास्थ्य केंद्र भेजा।

बताते हैं कि हादसे में ढाबे में रखा सिलिंडर भी डंपर की चपेट में आकर जलने लगा। जिसे देख पुलिस के होश उड़ गए। पुलिस ने तत्काल दमकल विभाग को सूचित कर गाड़ी मंगवाई। प्राथमिक उपचार के बाद मासूम तरुण व उसकी वृद्ध दादी को दूसरे अस्पताल रेफर किया गया है।

# बर्फीली हवाओं से बेहाल रहे लोग



कोहरे के बीच से निकलते लोग। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** इस बार मकर संक्रांति पर लोग गुनगुनी धूप के लिए तरसते रहे। बर्फीली हवाएं दिनभर बेहाल करती रहीं। घर पहुंचते ही लोग सर्दी से निजात पाने के लिए आंच तलाशते रहे।

आमतौर पर संक्रांति से मौसम में सुधार के साथ ठंड से राहत मिलने लगती थी, लेकिन इस बार बर्फीली हवाओं से दिन की शुरूआत हुई। पूरा दिन लोग सूरज की गुनगुनी धूप के लिए तरसते रहे। लोगों का कहना है कि इस त्योहार के साथ खेतों में खड़ी फसल तेजी से तैयार होने लगती और किसान आगे की तैयारियों को अंजाम दिया।

### विद्यालयों में दो दिन बढ़ा अवकाश

सचिव बेसिक शिक्षा के आदेश पर डीएम अपूर्वा दुबे की संस्तुति पर बीएसए संगीता सिंह ने परिषदीय व मान्यता प्राप्त विद्यालयों में दो दिन का अवकाश घोषित किया है। इस संबंध में जारी आदेश में कहा गया है कि शीत लहर के मद्देनजर 16-17 जनवरी को सभी विद्यालय बंद रहेंगे।

### ठंड ने कपकपाया, नहीं हुए सूर्य के दर्शन

**शुक्लागंज उन्नाव।** कई दिनों से पड़ रही कड़ाके की सर्दी ने हर किसी को झकझोर दिया है। सोमवार को पूरे दिन बर्फीली हवाएं चलती रहीं। सूर्य के दर्शन न होने से हर कोई आग के पास बैठा रहा। रविवार रात से ही सर्दी व कोहरे से आम जनमानस हलकान रहा। सोमवार सुबह और शाम बर्फीली हवाओं से लोग परेशान रहे। रात में आने-जाने वाले लोग ठिठुरते दिखे। सुबह के समय कोहरा छाया रहा।



शव के पास रोते बिलखते परिजन। अमृत विचार



जय श्री राम के झंडे लेकर हंगामा करते क्षेत्रीय लोग। अमृत विचार

### अर्थी उठते ही लगे श्रीराम के जयकारे

शाम करीब पौने पांच बजे जैसे ही किसान नेता की अर्थी उठी तो हिंदू जागरण मंच के प्रांतीय मंत्री विमल द्विवेदी और सपा नेता वीरेंद्र शुक्ला ने कंधा दिया। इस बीच जय श्रीराम के जयकारे लगे। लोगों ने विनोद कश्यप अमर रहे के भी नारे भी लगाए।

### वीडियो काल कर दिखाया काले को

परिजन हत्यारोपी की गिरफ्तारी को लेकर संशय मान रहे थे और बवाल करने के साथ ही हंगामा काट रहे थे। जिस पर एसडीएम और सीओ परिजनों को बंद कमरे में ले गए, जहां उन्होंने वीडियो काल से पुलिस हिरासत में मौजूद काले को दिखाया। तब परिजनों का गुस्सा शांत हुआ।

### आरोपी के घर पर बुलडोजर चलाने की मांग

किसान नेता की हत्या के बाद से ही परिजन हत्यारोपी के घर पर बुलडोजर चलाने के साथ ही उसका एनकाउंटर करने की मांग करते रहे। कई बार प्रशासन ने उन्हें समझाया, लेकिन आक्रोशित लोग किसी की बात सुनने को तैयार नहीं हुए।

### प्रशासन को दी चेतावनी

किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष किरन सिंह पटेल, मंडल अध्यक्ष निधि शुक्ला, रहबर आलम, राज श्रीवास्तव मृतक के घर पहुंचे थे। उन्होंने परिवार की सुरक्षा और आर्थिक मदद और नौकरी की मांग न पूरी होने तक शव न उठने की चेतावनी दी। जिसके बाद प्रशासन ने सभी मांगों को मान लिया और सादे कागज में मोहर लगाकर परिजनों को दिया।

### पुलिस ने दुकानों के गिरवाए शटर

पुलिस ने भीड़ को हटाने के लिए डंडा पटका। जिस पर मौजूद भीड़ इधर उधर भागने लगी। इसी बीच कई दुकानें खुली थी। जिस पर पुलिस ने सभी दुकानों को बंद करा दिया और मामला शांत होने के बाद दुकानें खोलने के निर्देश दिए। वहीं सोमवार को आक्रोशित लोगों ने पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए आरोपी के एनकाउंटर करने के साथ ही घर में बुलडोजर चलवाने की मांग की।

# भीड़ के आक्रोश पर पुलिस ने पटकीं लाठियां

- परिजनों ने शर्तों पर उठाने दिया किसान नेता का शव, किया अंतिम संस्कार
- चंपापुरवा इलाके में हिस्ट्रीशीटर ने की थी विनोद कश्यप की हत्या
- मौके पर चार क्षेत्राधिकारी समेत दस थानों का पुलिस बल रहा तैनात

**विनोद हत्याकांड**

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव



पत्नी को समझातीं एसडीएम नमृता सिंह। अमृत विचार



किसान नेता के परिजनों को ढांढस बंधाते विमल द्विवेदी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** श्रीराम के नारे लगाने पर रविवार को विशेष समुदाय के गैंगस्टर और हिस्ट्रीशटर ने किसान नेता विनोद कश्यप की हत्या कर दी थी। किसान नेता के परिजनों और क्षेत्रीय लोगों में घटना को लेकर जबरदस्त आक्रोश है। लोग आरोपियों पर सख्त कार्रवाई और किसान नेता की पत्नी को नौकरी देने की मांग पर सोमवार दिनभर अड़े रहे। अर्थी भी नहीं उठने दी। दिनभर मानमनौव्वल के बाद एसडीएम, सीओ सिटी ने परिजनों की सभी शर्तें मानी तब शव उठने दिया गया। किसान नेता का मिश्रा कालोनी स्थित श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार हुआ।

चंपापुरवा निवासी रामकृपाल कश्यप के बेटे भारतीय किसान यूनियन के सक्रिय सदस्य विनोद कश्यप की गोताखोर निवासी विशेष समुदाय के गैंगस्टर व हिस्ट्रीशीटर शमशेर उर्फ काले खा ने अपने साथियों संग ईंट-पत्थर, कट्टे की बट और तलवार से हमला कर हत्या कर दी थी। उनके छोटे भाई दुर्गा शंकर उर्फ बउवा को पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। घटना के बाद से ही क्षेत्र में आक्रोश है। सोमवार दोपहर कानपुर हैलट में शव का पोस्टमार्टम कराया गया। इधर गुस्साएं लोगों ने जय श्रीराम के जयकारे और हाथों में श्रीराम के झंडे लेकर नवीन पुल पर जाम लगाने पहुंच गए। जिस पर सीओ सदर विजय आनंद, बांगरमऊ सीओ अरविंद कुमार, हसनगंज सीओ संतोष सिंह, सफीपुर सीओ ऋषिकांत शुक्ला ने मोर्चा संभाला और जाम लगाने जा रहे सैकड़ों लोगों को चेतावनी दी।



मौके पर मौजूद पुलिस फोर्स। अमृत विचार

इसके बावजूद सभी लोग बढ़ते हुए गंगाघाट रेलवे क्रासिंग पर पहुंच गए। तो पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए लाठियां पटकीं। इस पर लोग इधर से उधर भागने लगे। कोई अप्रिय घटना न हो, इसके लिए दस थानों की फोर्स और कई चार सीओ मौके पर मौजूद रहे। दोपहर सवा तीन बजे विनोद का शव घर पहुंचा तो परिजनों ने अपनी शर्तें रखी और कहा कि पत्नी प्रीती को नौकरी, बेटी अंशिका (14), कृष्णा (10), देवांश (5) के भरण पोषण, बेटी के विवाह की व्यवस्था की जाए। आरोपी काले को एनकाउंटर की सजा दी जाए। हमले में शामिल महिलाओं व क्षेत्रीय पुलिस पर कार्रवाई की जाए। इस पर काफी मंथन के बाद एसडीएम सदर नमृता सिंह, पूर्व सपा जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र शुक्ला ने परिजनों को किसी तरह मनाया।

जिसके बाद एसडीएम ने लेखपाल मनोज यादव से सादे कागज में मृतक की पत्नी को पालिका में नौकरी, बेटी की शादी की व्यवस्था के अलावा बच्चों के परवरिश व मुख्यमंत्री राहतकोष से आर्थिक मदद की बात कही। तब परिजन माने और शव उठने दिया। जिसके बाद उनका अंतिम संस्कार कराया गया।



12 शव आने पर घर के बाहर भीड़ व मौजूद पुलिस। अमृत विचार

### हेडइंजरी और कोमा में जाने से हुई मौत

**शुक्लागंज उन्नाव।** किसान नेता विनोद कश्यप की हत्या निर्ममता से की गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार सिर पर भारी वस्तु से प्रहार के कारण हेड इंजरी और कोमा में जाने से मौत हुई है। हमलावरों ने किसान नेता पर ईंट, पत्थर, लाठी डंडा, तमंचे की बट और तलवार से हमला किया था। किसान नेता का पोस्टमार्टम कल्याणपुर सीएचसी के डॉक्टर अवधेश, डॉक्टर उमर की टीम के पैनल से हुआ है। पोस्टमार्टम के दौरान उन्नाव के अधिकारियों ने वीडियोग्राफी की मांग की तो डॉक्टर कानपुर के कैदी का पीएम करने लगे। जिसके बाद दोपहर दो बजे डाक्टरों के पैनल ने किसान नेता का पीएम किया।

### मॉनीटरिंग करते रहे एएसपी

सोमवार सुबह से ही एएसपी अखिलेश सिंह और सिटी मजिस्ट्रेट अरुणमणि गंगाघाट कोतवाली पहुंचे। जिसके बाद कोतवाली से पल-पल की खबर लेते रहे।

### हत्यारे गैंगस्टर समेत चार गिरफ्तार

**शुक्लागंज उन्नाव।** चंपापुरवा निवासी किसान नेता विनोद कश्यप की हत्या की सूचना पर डीएम, एसपी समेत पूरा प्रशासन सक्रिय हो गया। देर रात घटनास्थल से लेकर मृतक के परिजनों से पूछताछ की गई। एसपी के निर्देश पर हत्यारे को पकड़ने के लिए विशेष टीमें लगाई गई। देर रात पुलिस ने मुख्य आरोपी समेत चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। किसान नेता विनोद कश्यप की हत्या के मुख्य आरोपी हिस्ट्रीशीटर काले खान व उसके साथी छोटू खान, सुहेल व जमशेद को पुलिस ने देररात गिरफ्तार कर लिया। इसके साथ ही पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर हत्या की धारा भी बढ़ाई। सूत्रों की माने तो पुलिस ने मुख्य आरोपी को फर्रुखाबाद के फरेदा गांव के पास तालाब के किनारे बनी झोपड़ी से गिरफ्तार किया है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। इस बाबत अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश सिंह ने बताया कि मुख्य आरोपी समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ की जा रही है।

# क्रिकेट में हार जाने पर युवक को बेदम किया

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर



मारपीट में घायल युवक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** क्रिकेट मैच हारने पर एक दलित युवक को कुछ लोगों ने लाठी, डंडे से जमकर पीटा। परिजनों उसे जिला अस्पताल ले गए जहां से उसे कानपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

गाजीपुर थाना क्षेत्र के कस्बा निवासी मुकेश क्षेत्रीय युवकों के साथ क्रिकेट खेलने गया था। मैच में दूसरी टीम हार गई। हार से नाराज एहशान और उसके साथियों ने मुकेश को बैट व लाठी, डंडे से जमकर पीटा और भाग गए। आरोपी युवकों के जाने के बाद मुकेश के साथी उसे घर लेकर पहुंचे। गंभीर रूप से घायल मुकेश को उसके परिजनों ने नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने गले की हड्डी टूटने की वजह से युवक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने उसे कानपुर हैलट के लिए रेफर किया है। कानपुर जाने से पहले मुकेश के पिता हरिश्चंद्र व भाई अखिलेश कुमार ने आरोप लगाया कि पुलिस को तहरीर दी है।

# बांटे कंबल और खिचड़ी भोज कराया



राजधानी मार्ग पर होता खिचड़ी वितरण। अमृत विचार



जरूरतमंदों को बांटी गई शाल। अमृत विचार

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

- कंबल पाकर गरीबों के चेहरे पर छाई खुशी
- लोगों ने खिचड़ी के साथ अन्न का दान भी किया

**अमृत विचार।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी नेहरू नगर स्थित कीर्ती ज्वैलर्स की ओर से मकर संक्रांति पर कंबल और शाल वितरण किया गया। नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में खिचड़ी वितरण कराया गया।

मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में नेहरू नगर स्थित कीर्ती ज्वैलर्स की ओर से कीर्ती बाजपेई ने कंबल वितरण कराया। जहां नगर व आसपास क्षेत्र में रहने वाले जरूरतमंद कंबल और शाल लेने पहुंचे। कंबल पाकर उनके चेहरे खिल उठे।

इस मौके पर केडी त्रिवेदी, अरविंद पांडेय, वीरेंद्र शुक्ला, सुनील दीक्षित, आशीष द्विवेदी, उमाशंकर यादव, बृजेंद्र दीक्षित, डा. रामेश्वर वर्मा, संतोष दीक्षित, केदार सिंह समेत तमाम लोग मौजूद रहे। इसके साथ ही राजधानी मार्ग पर अमरेंद्र गुप्ता, रंजीत गुप्ता ने खिचड़ी वितरण कराया। इसके अलावा राजधानी मार्ग पर कई स्थानों पर खिचड़ी भोज कराया गया। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी कई स्थानों पर समाज सेवियों ने खिचड़ी वितरण कराया।

## सार-संक्षेप

### झुलसी महिला की मौत

**पाटन उन्नाव।** बिहार थानाक्षेत्र के सहिला गांव में अलाव से झुलसी महिला की मौत हो गई। सहिला गांव निवासी सरस कुमारी (45) अलाव ताप रही थी। इसी दौरान साड़ी में आग लग गई। जब तक लोग आग बुझाते वह लगभग 60 प्रतिशत झुलस गईं। परिजन उसे सुमेरपुर ले गए, जहां से डाक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। उपचार के दौरान सोमवार को महिला की मौत हो गई। महिला की मौत से दोनों बेटे शिवा व शुभम रो-रोकर बेहाल हैं।

### दबंगों ने घर में घुसकर की मारपीट

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के झब्बूपुरवा गांव में रविवार रात दबंगों एक घर में घुसकर मौजूद लोगों से मारपीट की। जिससे कई लोगों को चोटें आईं। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर दी है। झब्बूपुरवा निवासी गंगा देवी पत्नी राम प्रसाद ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि रविवार रात वह परिवार के साथ आग ताप रही थी, तभी गांव के दबंग युवकों ने घर में घुसकर गालीगलौज की और विरोध पर उनके बेटे विनोद, बेटी, बहू को पीटा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### ई-रिक्शा चालक को पीटकर रुपये छीने

**बांगरमऊ।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मदार नगर निवासी तौहीद सोमवार दोपहर नानामऊ मार्ग तिराहे से चार युवकों को ई-रिक्शा पर बैठाकर नौबतगंज जा रहा था। तभी रास्ते में ई-रिक्शा सवार चारों युवकों ने चालक तौहीद की जमकर पिटाई की और चालक से भाड़े के 500 रुपये छीन लिए। चालक ने किसी तरह गुहार मचाकर राहगीरों के सहयोग से एक युवक को दबोच लिया। जबकि अन्य तीन युवक मौके से भाग निकले। पुलिस युवक से पूछताछ कर रही है।

**राहत और आफत** — शहर व कस्बों के बाद गांवों में बना रहा इको फ्रेंडली आवागमन का साधन

# ई-रिक्शा : स्वरोजगार मिला पर जाम भी बढ़ा

संवाददाता सफीपुर उन्नाव



ई-रिक्शा में बैठीं सवारियां।

**अमृत विचार।** ई-रिक्शा जाम के लिए दोषी भले ठहराए जाते हैं, लेकिन यह कम पूंजी का बेहतर स्वरोजगार का विकल्प साबित हो रहे हैं। यही कारण है कि शहर व कस्बों में ही नहीं गावों में भी इनकी संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। हालांकि इससे जाम और हादसे भी बढ़ गए हैं।

केंद्र में मोदी सरकार के गठन के साथ स्वास्थ्य व पर्यावरणीय लिहाज से इसे बेहतर विकल्प बताते हुए ई रिक्शा की महानगरों में शुरुआत हुई थी। देखते ही देखते यह पहले अपेक्षाकृत छोटे शहरों से होते हुए कस्बों में भी अपनी आवक बनाने में सफल रहे। कोविड काल में अन्य काम-धंधे बंद होने पर आमदनी का दूसरा विकल्प तलाशते हुए लोगों ने ई रिक्शा खरीदकर चलाना शुरू कर दिया। अव्वल तो उस समय 60-70 हजार रुपये में पहले ही दिन से आमदनी देने वाला कोई अन्य काम लोगों की समझ में नहीं आया। बड़े पैमाने पर ई रिक्शा सड़कों पर आ रहे हैं पर इससे जाम भी खूब लग रहा है। स्थिति यह है कि बड़े पैमाने पर किशोर भी ई रिक्शा चला रहे हैं जो हादसे को दावत देते हैं।

### पैडल रिक्शा गुजरे जमाने की बात



चालक रामकुमार।

**सफीपुर।** रफ्तार के इस युग में लोग पैडल रिक्शों पर बैठना नहीं चाहते हैं। इसके चलते घंटी की ट्रिन-ट्रिन आवाज के साथ गलियों में घूमने वाले पैडल रिक्शा प्रचलन से बाहर हो चुके हैं। हालांकि शहर व कस्बों में इक्कादुक्का पैडल रिक्शा दिखते हैं। ई-रिक्शा चालक राजकुमार ने कहा कि वह पहले पैडल रिक्शा चलाते थे, लेकिन अब सभी को जल्दी रहती है। इसलिए पैडल रिक्शा कोई पूछता नहीं है। उसे बेचकर ई-रिक्शा खरीदना पड़ा। बताया कि पैडल रिक्शा चलाने में शारीरिक मेहनत अधिक लगती थी, लेकिन अब सारा काम एक्सीलेटर से ही हो जाता है। वहीं, पैडल रिक्शा चलाने वाले अजीत बताते हैं कि उनके परिवार में तीन लोग पैडल रिक्शा चलाते थे। इससे रोज होने वाली 200-300 रुपये आमदनी से परिवार का खर्च आराम से चल जाता था। लेकिन अब पूरे दिन मेहनत करने के बाद भी मात्र 40-50 रुपये ही आमदनी हो पाती है।

### साइकिल मरम्मत से पल रहा परिवार



रिक्शा मैकेनिक मंजूर।

कोतवाली के पास पैडल रिक्शा की मरम्मत करने वाले मंजूर ने कहा कि कुछ दिन पूर्व तक दुकान पर ग्राहकों की भीड़ रहती थी। किसी को नया रिक्शा तैयार कराना होता था तो कोई पुराने रिक्शे की मरम्मत कराने आता था। लेकिन अब पैडल रिक्शा काफी कम हो जाने से भूले-भटके ही कोई आता है। इसलिए अब साइकिल की मरम्मत कर परिवार पालना पड़ रहा है।

# ठंड से किसान की मौत, कोहराम

**जाफरगंज।** गेहूं की फसल में पानी लगाकर घर लौटते समय किसान रास्ते में गिर गया। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि किसान की ठंड लगने से मौत हुई है।

थाना क्षेत्र के गहरुखेड़ा गांव निवासी सोनू उर्फ मोनू किसानी करता था। परिजनों ने बताया कि रविवार शाम वह खेत में पानी लगाए था। देर शाम खेत से लौट रहा था। तभी रास्ते में वह गिर पड़ा। कुछ देर बाद उठकर घर जाने के लिए निकला, लेकिन कुछ दूरी पर जाकर फिर गिर गया। जिसके बाद वह दोबारा नहीं उठ सका। वहीं से गुजर रहे ग्रामीणों ने इसकी जानकारी परिजनों को दी। मौके पर पहुंचे परिजन उसे इलाज के लिए सीएचसी बिंदकी ले गए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया।

# स्नान और दान के साथ किया दर्शन



मकर संक्रांति पर गंगा स्नान करते श्रद्धालु। अमृत विचार

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** मकर संक्रांति पर्व पर गंगाघाट के गंगातटों पर चहलपहल रही। पर्व धूमधाम से मनाया गया। श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाकर सूर्य भगवान की आराधना की। जिसके बाद जगह-जगह पर खिचडी भोज का अयोजन हुआ। गरीबों में खिचड़ी, वस्त्र बांटे गए। इस दिन भगवान सूर्य को अर्घ्य देकर प्रार्थना की जाती है।

सोमवार को गंगा स्नान करने वाले लोगों का घाटों पर तांता लगा रहा। वहीं सुबह अधिक सर्दी होने के कारण इस बार गंगा स्नान में श्रद्धालुओं की संख्या कुछ कम रही। सर्दी अधिक होने के बावजूद अधिकांश लोग गंगा स्नान करने के लिए घाटों पर पहुंचे। जब लोग गंगा स्नान कर बाहर निकले तो पूजा अर्चना कर घाट पर बैंठे पंडों को दान दिया। सोनिक, अचलगंज, रायबरेली, बालामऊ, लखनऊ, जैतीपुर, उन्नाव, कानपुर समेत तमाम दूर दराज से आने वाले स्नानार्थियों ने भी गंगा स्नान में आस्था की डुबकी लगाई। इस पावन पर्व पर आनंद घाट पर खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया।

इसी तरह नगर में कई स्थानों पर खिचड़ी भोज किया गया। जहाँ पर लोगों ने खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण किया। वहीं पालिका की ओर से श्रद्धालुओं के स्नान की समुचित व्यवस्था कराई गई थी। घाटों पर पुलिस फोर्स और गोताखोर तैनात रहे।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

न हृष्यत्यात्मसम्माने नावमानेन तप्यते।
गाङ्गो ह्रद ईवाक्षोभ्यो य: स पण्डित उच्यते ॥

जो व्यक्ति न तो सम्मान पाकर अहंकार करता है और न अपमान से पीड़ित होता है। जो जलाशय की भांति सदैव क्षोभरहित और शांत रहता है, वही ज्ञानी है।

## संपादकीय

# पीएम-जनमन का उद्देश्य

देश तभी विकास कर सकता है जब समाज में कोई भी पीछे न छूटे और सरकारी योजनाओं का लाभ सभी तक पहुंचे। सरकार जनजातीय समूहों की जिंदगी बेहतर बनाना चाहती है। इसी के चलते वित्त वर्ष 2023-24 के बजट में केंद्र सरकार की ओर से इस बात का ऐलान किया गया था कि प्रधानमंत्री विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) विकास मिशन की शुरुआत करके कमजोर जनजातीय समूहों की आर्थिक और सामाजिक स्थिति को सुधारा जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि पीएम-जनमन योजना का उद्देश्य जनजातीय समुदायों को मुख्यधारा में लाना है। योजना के तहत सुरक्षित आवास, स्वच्छ पेयजल तक पहुंच, बेहतर स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा, पोषण, सड़क एवं दूरसंचार कनेक्टिविटी के साथ-साथ स्थायी आजीविका के अवसर सहित विभिन्न क्षेत्र शामिल हैं। साल 2011 में हुई जनगणना में सामने आए आंकड़ों के अनुसार देश में अनुसूचित जनजाति की आबादी 10.45 करोड़ थी जिसमें अब तक काफी वृद्धि हो गई होगी। इनमें से 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश अंडमान और निकोबार द्वीप पर रहने वाले ऐसे 75 समुदायों के बारे में जानकारी सामने आई थी, जिन्हें विशेष रूप से कमजोर वर्गीकृत किया था, जो शैक्षिक, आर्थिक और सामाजिक कमजोरियों से जूझ रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के लगभग 190 जिलों में सबसे पिछड़े आदिवासी समुदाय रहते हैं। सरकार ने दो महीने के भीतर 80,000 से अधिक आयुष्मान कार्ड वितरित करने का बड़ा काम किया है। इसी तरह सरकार ने अत्यंत पिछड़े आदिवासी समुदाय के लगभग 30,000 किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि से जोड़ा है और 40,000 लाभार्थियों के बैंक खाते खोले गए हैं। वास्तव में आदिवासी समुदायों की सभी इच्छाएं अब पूरी होंगी क्योंकि सरकार ने पीएम-जनमन मेगा अभियान पर 23,000 करोड़ रुपये से अधिक खर्च करने की योजना बनाई है। पीएम-जनमन महाअभियान के तहत सरकार ने उन सभी नियमों को बदल दिया है, जो बाधा पैदा करते थे। विशेष रूप से पीवीटीजी के उत्थान के उद्देश्य से यह पहल उनकी अनूठी चुनौतियों का समाधान करने तथा उज्ज्वल भविष्य के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचा प्रदान करने की क्षमता रखती है। परंतु इसके कार्यान्वयन में आने वाली चुनौतियों को दूर किए बिना जनजातीय समूह के लोगों की जिंदगी को बेहतर बनाकर उनका विकास करना थोड़ा मुश्किल है। इसके लिए मुख्यधारा के समाज और राज्य में पीवीटीजी द्वारा सामना किए जाने वाले कलंक और भेदभाव तथा हितधारकों एवं जनता के बीच संवेदनशीलता और जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है। साथ ही केंद्र और राज्य सरकारों की मौजूदा योजनाओं और कार्यक्रमों के साथ योजना का समन्वय, अभिसरण तथा संसाधनों व सेवाओं का प्रभावी एवं कुशल वितरण और उपयोग सुनिश्चित करना आवश्यक है।

# कैसा हो विकास के राजनीतिक एवं प्रशासनिक तंत्र का मॉडल



अनिल त्रिगुणायत
लखनऊ

प्रश्न उठना लाजिमी है कि लगभग 142 करोड़ जनता के भोजन-पानी व बेहतर जीवन स्तर मुहैया कराने की बात करने वाली सरकार अपने को कितना सहज पा रही है? क्या न्यायपालिका, विधायिका व कार्यपालिका अपनी सकारात्मक भूमिका सही रूप में निभा रही है? इतनी बड़ी जनसंख्या को प्रत्येक स्वरूप में नियंत्रित करने को सरकारी सिस्टम अपने को कहां खड़ा पा रहा है?

संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनडीपी)-2023 की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत की जनसंख्या 142 करोड़ से ज्यादा हो गई है। जनसंख्या के मामले में चीन को पछाड़ने वाले भारत के एक राज्य उत्तर प्रदेश की कुल जनसंख्या तो 25 करोड़ पार है। बढ़ती जनसंख्या कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के अलावा सुरक्षा व कानून-व्यवस्था को भी सीधे प्रभावित करती है। वर्ष 1951 में भारत की जनसंख्या 36.1 करोड़ थी। देश का प्राकृतिक संसाधन कमोबेश उतना ही है जितना करीब सात दशक पहले था।

प्रश्न उठना लाजिमी है कि लगभग 142 करोड़ जनता के भोजन-पानी व बेहतर जीवन स्तर मुहैया कराने की बात करने वाली सरकार अपने को कितना सहज पा रही है? क्या न्यायपालिका, विधायिका व कार्यपालिका अपनी सकारात्मक भूमिका सही रूप में निभा रही है? इतनी बड़ी जनसंख्या को प्रत्येक स्वरूप में नियंत्रित करने को सरकारी सिस्टम अपने को कहां खड़ा पा रहा है? सात दशक पहले बने व समय-समय पर संशोधित होते राजनीतिक व प्रशासनिक माडल कितना कारगर हो पा रहे हैं? देश में प्राकृतिक संसाधन सीमित मात्रा में हैं,जबकी उनका दोहन तीव्र गति से हो रहा है। 'उत्तम खेती मध्यम बान,निकृष्ट चाकरी,भीख निदान' वाली भारतीय किवदंती अब अप्रासंगिक सी हो गई है। गांवों में अब युवा कम ही रहते हैं,अर्थ अर्जन व बेहतर जीवन स्तर के लिए वे शहरों में ही रहना पसंद करने लगे हैं। भारत की आर्थिक-सामाजिक स्थिति में व्यापक परिवर्तन आ गया है। ऐसे में विश्व की सर्वाधिक जनसंख्या का तमगा पाने वाले भारत में राजनीतिक व प्रशासनिक सुधारों के माडल पर चर्चा अवश्यंभावी है। नीति-नियंताओं व नौकरशाहों के क्रियाकलापों की समीक्षा भी अब समीचीन हो गई है। देश के विकास व जनकल्याणकारी नीति-नर्माण व क्रियान्वयन में नौकरशाही की भूमिका थी अब प्रासंगिक हो गई है।

देश के चहुंमुखी विकास के लिए अब सक्रिय,कल्पनाशील, प्रौद्योगिकी-प्रेमी, सक्षम नौकरशाही की आवश्यकता है। यह अलग बात है कि देश की नौकरशाही में बदलाव की बात भी होने लगी है। केंद्र सरकार के संयुक्त सचिव स्तर के पदों पर बाहर से भी प्रतिभाओं को नियुक्ति देना यानी

पूंजीवादी व समाजवादी मॉडल बाजार अर्थव्यवस्था या पूंजीवाद के बीच चयन युद्ध आपूर्ति और मांग के बाजार प्रहसन पर निर्भर करता है। पूंजीवादी मॉडल में केवल उन उपभोक्ता वस्तुओं का उत्पादन किया जाता है,जो मांग में हैं।

लेटरल एंट्री के दरवाजे खोलना उसी की एक कड़ी मानी जा रही है। लगभग 25 केंद्रीय सेवाओं में हजारों पद हैं। हो सकता है राजनीतिक दुरभिसंधियों के चलते भारतीय नौकरशाही दुनिया की 'भ्रष्टतम, कामचोर,अक्षम,असंवेदनशील व्यवस्था मानी जाने लगी है। इसकी क्षमता में सुधार 'लेटरल एंट्री' जैसी प्रक्रिया से संभव हो सकता है। घिसे-पिटे पुराने राजनीतिक व प्रशासनिक मॉडल से हम अति वंचितों को परेशानियों से बाहर नहीं निकाल पा रहे हैं। समय आ गया है कि इस बात पर चर्चा हो कि भारत को नियोजित विकास का कौन सा मॉडल अपनाना चाहिए?

पूंजीवादी व समाजवादी मॉडल बाजार अर्थव्यवस्था या पूंजीवाद के बीच चयन युद्ध आपूर्ति और मांग के बाजार प्रहसन पर निर्भर करता है। पूंजीवादी मॉडल में केवल उन उपभोक्ता वस्तुओं का उत्पादन किया जाता है,जो मांग में हैं। समाजवाद मॉडल के तहत वितरण इस पर आधारित माना जाता है कि लोगों को क्या चाहिए,न कि इस पर कि वे क्या खरीद सकते हैं। पूंजीवादी और समाजवादी माडलों में कुछ कमियां व सीमाएं हैं। मिश्रित अर्थव्यवस्था में सरकार और बाजार मिलकर इस सवाल का जवाब देते हैं कि क्या और कैसे उत्पादन किया जाए,जो उत्पादित होता है उसका वितरण कैसे किया जाए? भारत में महालनोबिस मॉडल अपनाया गया। यह आर्थिक विकास का एक नव मार्क्सवादी माडल था। जिसे 1928 में समाज के अर्थशास्त्री जीए फेडमैन और 1953 में भारतीय सांख्यिकीविद प्रशांत चंद्र महालनोबिस द्वारा स्वतंत्र रूप से बनाया गया था। डीडी धर वह व्यक्ति थे जिन्होंने पांचवीं पंचवर्षीय योजना (1974-79) का प्रस्ताव रखा था जिसका मुख्य उद्देश्य गरीबी हटाना,आत्मनिर्भरता लाने के अलावा विकास दर को ऊंचा करना था। लाख टके का प्रश्न है कि देश को आजाद हुए सात दशक से ज्यादा हो गए हैं, लेकिन असंतुलित विकास की धारणा से हम अब भी नहीं उबर पा रहे हैं। आर्थिक विकास का ढिंढोरा पीटने के बाद भी भारत आठ प्रतिशत से अधिक की उच्च बेरोजगारी दर का सामना कर रहा है, जो दर्शाता है कि रोजगार सृजन श्रम बल वृद्धि के अनुरूप नहीं है। सेवा क्षेत्र मुख्य रूप से कम मूल्यवर्धित,कम कौशल वाले क्षेत्रों में नौकरियां पैदा कर रहा है,न कि उच्च तकनीक सेवाओं में,जो अधिक शिक्षित कार्यबल की उच्च आकांक्षाओं को पूरा करने में विफल हो रहा है। योजना आयोग को समाप्त कर स्थापित नीति आयोग कितना कारगर हो पा रहा है यह किसी से छिपा नहीं है।

भारत के लगभग सभी राजनीतिक एवं प्रशासनिक तंत्र ब्रिटिशकालीन मॉडल से निकले जिनमें समय-समय पर कुछ परिवर्तन तो हुए,लेकिन इसकी दशा और दिशा विधायी एवं प्रशासनिक मॉडल को उस मुकाम तक नहीं ले जा सकी जहां पर उन्हें पूर्ण रूप से जमीनी स्तर पर प्रभावी माना जा सके। तब सवाल उठता है कि राजनीतिक एवं प्रशासनिक तंत्र का नया मॉडल कैसा होना चाहिए? सुधार के लिए जरूरी मॉडल को लागू करने के लिए राजनीति और प्रशासन के बारे में हमारे सोचने के तरीके में व्यापक बदलाव की जरूरत है। समय आ गया है कि लोगों को राजनीतिक और प्रशासनिक प्रणालियों के केंद्र में रखा जाए,क्योंकि दशकों से हम पर्यावरणीय, सांस्कृतिक, सामाजिक, आर्थिक या राजनीतिक क्षेत्रों में समान द्वंद्व देख रहे हैं। सुधार की वास्तविक राजनीति प्रचलित राजनीतिक व्यवस्था सत्ता और संसाधनों की संरचनाओं से रहित नहीं हो सकती है,जो राजनेताओं और नौकरशाहों के बीच, केंद्र और इलाकों के बीच और कार्यपालिका और विधायिका के बीच संस्थागत बातचीत को निर्धारित करती है। बदलाव के पक्ष और विपक्ष की ताकतें राजनीति, नौकरशाही और समाज के क्षेत्रों में अंततः सुधार लाने या बिगाड़ने के लिए परस्पर क्रिया कर रही हैं। 'सर्वे सुखिना भवन्तु' से लेकर 'सर्वोदय' तक के श्लोकों और 'गरीबी हटाओ', 'समावेशी विकास' और 'जैसे नारों के बावजूद,सर्वांगीण प्रगति और कल्याण प्राप्त करने में असमर्थता का क्या कारण है? सबका साथ,सबका विकास की परिकल्पना कितनी कारगर हो पा रही है? क्या समाज के अंतिम लोगों तक हम योजनाओं का लाभ दे पा रहे हैं? न्याय पालिका की बाते करें तो यह कटु सत्य है कि असहाय, लाचार व गरीब आदमी आज भी अपने को न्याय से वंचित पाता है।

सरकारी सिस्टम बातें चाहें जितनी बड़ी-बड़ी कर ले,लेकिन सुधार की बातें पूरी तरह भ्रामक हैं,मिथ्या हैं। आमजन को सर्व सुलभ न्याय दिलाने का दंभ भरने वाले "मूदहु आंख कतहुं कुछ नाहीं" की कहावत ही केवल चरितार्थ करते हैं। देश में सरकारी व प्रशासनिक तंत्र के मॉडल को प्रभावी बनाने के लिए हमें कुछ मूलभूत बिंदुओं पर विचार करना होगा। जैसे विषय विशेषज्ञ व नागरिक सेवा- आजादी के बाद हमने उधार के राजनीतिक, विधायी एवं प्रशासनिक तंत्रों में इसको सिर्फ ग्रामीण क्षेत्र तक ही सीमित करके रख दिया। सहभागी लोकतंत्र-नागरिक जुड़ाव वाला तंत्र बनाने की आवश्यकता है। इसमें विचार-विमर्श करने वाली सभाएं, नागरिक जूरी और समुदाय की जरूरतों को सीधे संबोधित करने के लिए स्थानीय परिषदों को सशक्त बनाना शामिल हो सकता है। विकेंद्रीकरण-केंद्रीकृत सत्ता संरचनाओं को तोड़ना और निर्णय लेने का अधिकार क्षेत्रीय और स्थानीय स्तरों पर वितरित करना। यह विविध समुदायों की विशिष्ट जरूरतों के अनुरूप अधिक प्रतिक्रियाशील नीतियों की अनुमति देता है। पारदर्शिता व जवाबदेही-खुलेपन और जवाबदेही की संस्कृति को बढ़ावा दें, जहां सार्वजनिक अधिकारी सवालों के जवाब देने और अपने निर्णयों को समझाने के लिए आसानी से उपलब्ध हों। इसके लिए मजबूत भ्रष्टाचार विरोधी उपायों और सूचना कानूनों तक पहुंच की आवश्यकता है। प्रौद्योगिकी की शक्ति का उपयोग-नागरिक भागीदारी बढ़ाने,हाशिए पर रहने वाले समुदायों को सशक्त बनाने और सरकारी दक्षता बढ़ाने के लिए प्रौद्योगिकी की शक्ति का उपयोग करें। समय आ गया है कि लोगों को राजनीतिक व प्रशासनिक प्रणालियों के केंद्र में रखा जाए और ऐसे लोकतंत्र का निर्माण किया जाए,जो वास्तव में सभी के लिए काम करे।

## प्रसंगवश

# परंपरागत मुशायरों का आखिरी बादशाह



रिवायती मुशायरों का आखिरी बादशाह चला गया। हमने तो उनके सामने बैठकर कहा था,मुनव्वर साहब,आप मुशायरों के बहादुर शाह हैं और उन्होंने तपाक से कहा था,तो हिजरत को तैयार रहें मियां....एक शख्स जिसने खुद को ऐसा गढ़ा कि हर बात उसके जिक्र के बिना अधूरी रह जाए। आप उन्हें अच्छा इंसान माने या न माने मगर उनके जिक्र के बिना एक दौर पर बात करना मुश्किल होगा। वह रायबरेली में पैदा हुए,तो सारी जिंदगी रायबरेली का कलमा पढ़ते रहे। लखनऊ ने उन्हें उस्ताद दिया,मंच दिया, पहला मुशायरा रवींद्रालय में पढ़ा और मेहनताना भी पाए,आखिरी सांस तक यहीं ली मगर बंदे ने खुद को कभी लखनवी नहीं कहा,मेरे लिए यह गुत्थी थी,जो कभी नहीं सुलझेगी।



हफीज किदवई
लेखक

कलकत्ता में अब्बा के साथ ट्रक के पहियों संग जिंदगी शुरू की और धीरे-धीरे अपना खुद का ट्रांसपोर्ट खड़ाकर दिया। एक शायर दिल इंसान एक कामयाब बिजनेसमैन बन गया। या यूं कहिए एक बहुत मेहनत करने वाला बिजनेसमैन,उर्दू की उंगली पकड़कर एक कामयाब शायर बन गया। ट्रक के पहिए जितना चलते,उससे ज्यादा मुनव्वर साहब की किताबें चलती। बाजार में उनकी धूम थीं तो मुशायरों में उनका जलवा,जिंदगी पूरी तरह मेहरबान थी इस रायबरेली की मिट्टी पर...

कितनी मुलाकातें हैं,कितनी ही बातें हैं। मैं यह दावे से कह सकता हूं,हर मिलने वाले को बाबा दो बातें पकड़ाते थे। एक जो उसके काम आए,दूसरी जिससे बवाल हो जाए, जो दूसरी बात को हवा में ले उड़ता, वह मशहूर हो जाता मगर जमाना उसकी खूब लानत मलामत करता। पहली बात जो लेकर बैठ जाता,वह अपने आप को सींचता और शायद कभी बड़ा दरख्त बन भी जाए। लालकुआं के पास फ्लैट में मुनव्वर राना का होना,खबर होती कि बाबा हैं। मीडिया चटखारे लेती की चलो, उधर कुछ मसाला मिलेगा। वह कभी मायूस नहीं करते,जो दिल में आया कह डाला,उसका असर जब होगा, तब होगा। पहली बार देवा शरीफ के मुशायरे में जब वह पढ़कर निकले, तो पर्ची पर उनका पता लेने वाले कन्वेनर्स कि लाइन लग गई। उनकी शायरी को अलग कीजिए,बातों में एक जादू था,जो सर चढ़कर बोलता था। सूरज की तरह चमकना और ढल जाना, दोनों उन्होंने देखा। कभी किसी पर बड़ी मोहब्बत आई तो घर के दस्तरख्वान पर अपने बगल में बैठाकर, खुद रोटी तोड़कर खिलाया। जब कभी उससे दिल हट गया, तो दूध की मक्खी की तरह निकाल फेंक दिया। वह अजब थे,उनका खमीर बहुत अलहदा था।

कभी मदरसे के मौलवी के पांव के पास बैठ जाते और अपना बचपन याद कर कर के रोते तो कभी किसी यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर के सामने अकड़ जाते और गर्दन भी सीधी न करते। एक बात पर सुबह तेजाब उगलते,तो उसी बात पर शाम को गुलाब का पानी छिड़कते। मुनव्वर राना की शख्सियत,इन्हीं उतार चढ़ाव भरी रही,क्योंकि जिंदगी भी उनकी ऐसी ही थी जिसने कभी आगे बढ़ना चुना, तो कभी पीछे,मगर एक बात सच्ची थी। वह शख्स अपनी आखरी सांस तक अपनी एक अलग अहमियत लिए,अस्पताल में बिस्तर पर लेटा था।

मुनव्वर राना का उर्दू अदब में बड़ा काम,मुशायरों की तारीख में सुनहरा काम,समाजी मसलों पर अपनी एक राय और बेलौस दोस्त और पायदार दुश्मनी,सबको याद करने का दिन है। अब सांस लेते,बोलते,हंसते, रोते, गुस्सा करते, पुचकारते मुनव्वर राना नहीं रहे। अब उनका वह काम, जो किताबों में दर्ज है,वह जमाने के सामने उन्हें हमेशा जिंदा रखेगा। अब आने वाली नस्लें,उनके किरदार से नहीं, उनके अदब से उन्हें याद करेंगी,तब मुनव्वर राना फिर एक खुशबू बनकर छा जाएंगे।

# रामचरित मानस और दरबारी राग



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

स्वतंत्रता आंदोलन की राजनीति राष्ट्र की एकता के लिए थी,लेकिन स्वतंत्रता के बाद की राजनीति इस एकता के विरुद्ध खड़ी हो गई। उसकी कहानी बहुत लंबी है,लेकिन संक्षेप में उसकी दिशा और गति लोकजीवन की एकता और लोकमंगल के विरुद्ध है,उसकी दिशा केवल और केवल राजसत्ता है। इस राजनीति के साथ साहित्य का दरबारी राग भी बदला और नए-नए रूपों में सिद्धांत बघारने लगा। पद भी पाया और पुरस्कार के तंत्र पर भी अधिकार जमा लिया।

साहित्य की कसौटी राजनैतिक-मतवाद नहीं, लोकमानस है। इसलिए साहित्य स्वभाव से ही लोक का पक्षधर होता है। दरबारी राग भी होता तो है,किंतु वह सत्ता की खुशामद का राग होता है। दरबारियों के लिए पद और पुरस्कार का राग होता है,एक प्रकार से वह लोक के विरुद्ध होता है,वह लोक की सत्ता को विखंडित करता है,विच्छिन्न करता है। लोकजीवन की सहज एकता को तोड़ने वाला होता है। उसके पीछे उसका स्वार्थ छिपा हुआ होता है।

स्वतंत्रता-आंदोलन की राजनीति राष्ट्र की एकता के लिए थी,लेकिन स्वतंत्रता के बाद की राजनीति इस एकता के विरुद्ध खड़ी हो गई। उसकी कहानी बहुत लंबी है,लेकिन संक्षेप में उसकी दिशा और गति लोकजीवन की एकता और लोकमंगल के विरुद्ध है,उसकी दिशा केवल और केवल राजसत्ता है। इस राजनीति के साथ साहित्य का दरबारी राग भी बदला और नए-नए रूपों में सिद्धांत बघारने लगा। पद भी पाया और पुरस्कार के तंत्र पर भी अधिकार जमा लिया। विश्वविद्यालयों में ऐसे दरबारी राग का साम्राज्य-विस्तार हुआ। लोकजीवन से दूर चला गया,परंतु लोकजीवन से उसे लेना भी क्या था?

साहित्य में यह राजनीति का आक्रमण था और इसका प्रवेश आलोचना के माध्यम से हुआ। लोकमंगल का साहित्य-सृजन तो दरबारी राग के बूते की बात थी नहीं,वह आलोचना के माध्यम से ही आ सकता था,आया भी। राजनीति ने उसे हजार हाथों से उपकृत किया। उसका दुस्साहस इतना बढ़ा कि वह नित-नित लोक-नमस्कृत महाकवियों को भी फेल-पास करने लगा। हालांकि उसके पास उनके जैसी एक पंक्ति भी लिखने की औकात नहीं थी,जो लोक स्वीकृत हो सके। उस कठोर जमाने में जब 'लोग सीद्यमान सोच बस' थे,जनता के पक्ष में था ही कौन? ये भक्तिकाल के आचार्य मनीषी महाकवि ही तो थे,जिन्होंने लोकजीवन को विश्वास का आधार दिया था। मंगलभवन अमंगल हारी। तुलसीदास के लोटा सोटा भी चुरा लिए गए थे। उन पर कम आक्रमण हुआ था क्या? ये बेचारे आलोचक उस परिस्थिति को समझ सकेंगे?

तुलसीदास की उन पंक्तियों पर भी नजर डालें-सोचिय विप्र जो वेद न जाना। अथवा दूबर होत नहीं कबहूं पकवान के विप्र मसान के कूकुर। अथवा विप्र निरच्छर लोलुप कामी। निराचार सठ बृषली स्वामी। अथवा पंडित सोइ जो गाल बजावा। तुलसीदास ने बादशाही जमाने में कहा- सोचिय नृपति जो नीति न जाना। जेहि न प्रजा प्रिय प्रान समाना। वह शासक निश्चित ही चिंता के योग्य है,जिसे अपने देश और प्रदेश की जनता अपने ही प्राणों के समान प्रिय नहीं है। वह शासक अवश्य ही चिंतनीय है,जो नीति को नहीं जानता है जिसमें नैतिकता नहीं है। तुम शोध करते रहे थे कि तुलसीदास वर्णवादी हिंदू थे? लेकिन तुम कभी समाज के निचले स्तर पर उतरे ही नहीं,वह स्वर सुन नहीं सके,जो सारे दायरे तोड़ कर लोकजीवन के आंगन में आज भी गूंज रहा है- मंगलभवन अमंगल-हारी। आज भी काव्य की उस कसौटी का कोई दूसरा विकल्प नहीं है -सुरसरि सम सबकर हित होई।

शोध का आपका उद्देश्य शत्रुताएं बढ़ाते रहना है? तुम्हारी बगल में बिरादरी का सांप बैठा है। उस जमाने में रहीम ने कह दिया था-रामचरितमानस विमल,संतन जीवन प्रान। हिंदुआन कों वेद सम,यवनहिं प्रकट कुरान,किंतु दुर्भाग्य यह है कि वोट की राजनीति राष्ट्र की लोकचेतना को छिन्न-विच्छिन्न करने के अपने सदाव्रत के लिए रामचरितमानस पर सवाल उठाती है। बहस करना बुद्धिजीवियों का पेशा है,इसके अलावा वे कर भी क्या सकते हैं? परंतु वह उपेक्षा के योग्य हैं,क्योंकि लोकजीवन से उनका कोई नाता-रिश्ता है नहीं, लोकजीवन में उनकी रीझ-बूझ भी कानी कौड़ी बराबर है। रामचरित मानस की कसौटी तो प्रेम है,शबरी और केवट है,निषाद है,वानर जैसी वनवासी जातियां हैं। हां,तुम अपने मतलब के लिए नफरत पैदा करते हो,नफरत बढ़ाते हो और देश की राजनीति को गर्त में ले आए हो। लिख लीजिए,यदि समष्टि के सिद्धांत को तिलांजलि दे दी,तो प्राकृतिक न्याय या शक्ति का सिद्धांत लोकतंत्र की घंटी बजा देगा।

## सोशल फोरम

# आमजन की कथा



लोक संस्कृति के ऐसे आयाम जो जन की आस्था और भक्ति भावना से जुड़ जाते हैं। उनके ऐतिहासिक विश्लेषण में आस्था के साथ टकराहट की स्थितियां पैदा हो जाती हैं जिसकी वजह से ऐसे विषय संवेदनशील हो जाते हैं। राम और राम कथा की ऐतिहासिकता ऐसा ही विषय है। फिर भी इस विषय पर काफी कुछ लिखा-पढ़ा गया है और जन के बीच इसकी गहरी पैठ के कारणों को जानने का प्रयास किया गया है।



डॉ. नीलिमा पांडेय
प्रोफेसर, लखनऊ विश्वविद्यालय

राम कथा की विशेषता ये है कि ये किसी एक वर्ग, समुदाय, धर्म या क्षेत्र तक सीमित नहीं है। इसका प्रसार व्यापक है। यह हिंदुस्तान के आमजन की कथा है। यही सर्वव्यापकता इसको विशिष्ट बनाती है और भारतीय लोक का अभिन्न अंग भी। राम कथा के विकास के शुरुआती दौर में राम एक नायक हैं, वीर योद्धा हैं,जो कथा के क्रमिक विकास का अंतिम चरण आते-आते देवता का रूप ले लेते हैं और विष्णु के अवतार के रूप में पूजे जाने लगते हैं। मूर्ति कला में उन्हें तीर-धनुष के साथ दिखाया जाता है। वे त्रेता युग के तीन अवतारों (वामन, परशुराम और राम) में से अंतिम हैं और महत्वपूर्ण भी।

राम कथा का प्रचलन हम ब्राह्मण जैन और बौद्ध परंपराओं में पाते हैं। यद्धपि आदिकवि माने जाने वाले वाल्मीकि ने रामायण के माध्यम से राम कथा के ढांचे को एक रूढ़ रूप देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई तथापि इस कथा के पूर्ववर्ती और विभिन्न रूपों के चिह्न ब्राह्मणेतर अर्थात् बौद्ध और जैन स्रोतों में देखे जा सकते हैं।

**-फेसबुक वॉल से**

# क्या तभी वे जन हाशिए पर हैं



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

सभी तो नहीं, एक दो शंकराचार्य रिसिआए हुए हैं। उन्हें ऐसा लगता है कि वे उपेक्षित किए गए हैं। एक ने कहा कि उनके निमंत्रण में साथ होने वाले शिष्यों की संख्या प्रतिबंधित की गई है। उनकी खिन्नता,मनोमालिन्य को समझा जा सकता है। चारों दिशाओं से एक-एक शंकराचार्यों की सवारियां अपने हो-हल्ला करते शिष्यों के साथ निकलती और प्रशासन बस मूक दर्शक रहता। वे सब वहां वैसा ही हल्ला काटते जैसा वे कुंभ और महाकुंभ के अवसरों पर करते आए हैं। क्या मजाल कि कोई उनके रास्ते में आने की हिमाकत करे। आखिर वे हिंदुओं के सर्वोच्च धार्मिक पीठ के अधिष्ठाता जो हैं।

मुझे अपने एक सेवाकाल की ऐसी ही एक विशेष स्मृति है। हालांकि कुंभ/महाकुंभ के अवसरों पर शंकराचार्यों का कोप,नागा साधुओं का हुड़दंग,उनके सामने बेबस होते नतमस्तक होते प्रशासन को तो कई बार देखा है। मगर श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर में यादव बंधुओं के जलाभिषेक का दृश्य भूलता नहीं। प्रतिवर्ष घटने वाले इस दृश्य का मैं सीधा साक्षी तब बना था जब मंदिर के कानून व्यवस्था के लिए रोस्टर में मैं वहां मजिस्ट्रेट था। ड्यूटी पर सुबह छह बजे पहुंचते ही मेरे जोड़ीदार पुलिस ऑफिसर ने जानकारी दी कि आज यादव बंधु बाबा का जलाभिषेक करेंगे। मैंने इस पर जब कोई विशेष प्रतिक्रिया नहीं दी तो वे समझ गए कि इस इवेंट से मैं अनभिज्ञ हूं। उन्होंने बताया कि यादव बंधुओं का हुजूम 11 बजे दिन चारों ओर से गर्भगृह में घुसेगा। अब मैं चैतन्य हुआ। कानून व्यवस्था बनाए रखने के अनेक बिंदु दिमाग में कौंध गए। अनेक बार देखा गया दृष्टांत है कि जहां भीड़ जुटी कानून व्यवस्था बिगड़ी। मैंने जब इस आसन्न आफत से निपटने के उपायों पर चर्चा शुरु की तो उन्होंने कहा कि परंपरा से यही होता आया है कि जब बाबा का जयकारा लगाते यादव बंधुओं की भीड़ मंदिर में घुसती है तो गर्भगृह उनके हवाले हो जाता है। हम सब केवल तटस्थ मूक दर्शक बन जाते हैं,जब तक वे गर्भ गृह नहीं छोड़ देते। यह तो प्रशासनिक व्यवस्था का ध्वस्त हो जाना है। कोई इस अवसर का लाभ लेकर कुछ भी कर सकता है और प्रशासन के लिए विषम स्थिति उत्पन्न कर सकता है। मैं सहसा चिंतित हो गया। गर्दन तो पहले मेरी ही नपेगी। यही कोई ग्यारह सवा ग्यारह बजा कि घनघोर शोर सुनाई पड़ा।

मैंने देखा यादव बंधुओं का हुजूम हर ओर से बाबा का जयकारा लगाता चला आ रहा है। उनके रास्ते के सारे अवरोध,चेक पाइंट हट गए हैं। पुलिस, चाक चौबंद व्यवस्था छू मंतर है। कहीं कोई उनके सामने नहीं है। बस वे ही वे हैं। पूरी आक्रामकता और जोशो-खरोश के साथ वे गर्भगृह में प्रवेश कर गए। बस हम अनुमान लगा सकते थे कि वे ज्योतिर्लिंग का जलाभिषेक कर रहे होंगे। मैं स्तब्ध सा सांस बांधे, हाथ बांधे सामने घटते इस दृश्य को देख रहा था। हे बाबा विश्वनाथ,यह पल सकुशल जल्दी बीत जाए,मन में जपता रहा। खैर पंद्रह बीस मिनटों में सब बीत गया। सकुशल। शायद सबसे पहले मैं उनके जाते ही गर्भगृह में प्रवेश कर ज्योतिर्लिंग को देखा, सब सही सलामत था। गहरा संतोष हुआ। उनके आक्रामक उत्साह और भक्तिभाव को देखकर एक क्षण को लगा था कि कहीं वे बाबा को ही न अपने साथ लेते गये हों। सब ठीक देखकर राहत की सांस ली गई। मगर यह घटना मेरे स्मृति में सदा के लिए अंकित हो गई। मर्यादा पुरुषोत्तम के साथ ऐसा अमर्यादित रवैया शायद किसी को मंजूर नहीं है। इसलिए ही श्री श्री जन हाशिए पर हो गए हैं।

# राम ने भी की सूर्योपासना



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

चौदह और पंद्रह जनवरी के बीच की रात्रि में 2.43 बजे सूर्य देव मकर राशि में प्रविष्ट हो कर उत्तरायण हो गए। अर्थात् चपटी (इलिप्टिकल) गोलाकार पृथ्वी का उत्तरी भाग सूर्य की ओर झुक गया,जो छै मास रहेगा। फलतः जिस भूभाग में हम आवासित हैं,उसे अधिक ऊर्जा, प्रकाश, ताप और जीवनी शक्ति मिलने लगी,क्योंकि सूर्य इस सबके भंडार हैं। इसी कारण उत्तरायण शुभ और श्लाघनीय मान्य है। सूर्य आत्मकारक ज्योतिपिंड और संपूर्ण सौर मंडल के राजा हैं। सभी ग्रह उनकी परिक्रमा करते हैं। ज्योतिष में वे लग्न के कारक और कालपुरुष के मुख पर अधिकार रखने वाले वर्णित हैं। वे ज्ञान के प्रतीक हैं और हनुमान जी के गुरु हैं,उन्होंने ही उन्हें शिक्षा देकर "ज्ञानिनामग्रगण्यम्" बनाया। वे शनि और यम जैसों के पिता है जिनसे दुनिया घबराती है। यमुना जी उनकी पुत्री हैं। इच्छा मृत्यु का वरदान लिए भीष्म ने शरशैया पर लेटे-लेटे प्राण त्याग हेतु सूर्य के उत्तरायण होने की प्रतीक्षा की थी। कारण कि भगवान भुवन भास्कर के उत्तरायण में प्राण त्याग से ब्रह्म की प्राप्ति होती है। श्रीमद्भगवद्गीता अध्याय आठ,श्लोक-24 में लिखा है,"अग्निर्ज्योतिरहः शुक्लःषण्मासा उत्तरायणम्।तत्र प्रयाता गच्छन्ति ब्रह्म ब्रह्मविदो जनाः"।। और तो और सबसे बड़े शस्त्रधारी श्रीराम भी उनकी उपासना और सहायता से ही रावण वध में समर्थ हुए। वाल्मीकि रामायण,युद्धकाण्ड,अध्याय-105 में वर्णन है कि रावण से लड़ते-लड़ते वे थक गए और चिंता में पड़े हुए थे। तब अगस्त्य ऋषि वहां आए और सलाह दी कि 'राम! तुम 'आदित्य हृदय' स्तोत्र पाठ करके शक्तिपुंड सूर्यदेव की आराधना करो जिससे तुम युद्ध में विजय प्राप्त करोगे'। ऐसा कहकर उन्होंने राम को वह स्तोत्र बताया। राम ने वहीं रणभूमि में आचमन करके तीन बार इस स्तोत्र का पाठ किया। तब देवताओं के बीच खड़े सूर्यदेव ने प्रसन्न होकर कहा, "राम! अब जल्दी करो"। बस इसके बाद बढ़ी हुई शक्ति से युक्त होकर राम रणरत हुए तथा रावण वध में समर्थ हुए। रामायण के उक्त कांड के अध्याय 105 के श्लोक 3 (राम-राम महाबाहो) से लेकर 26 (युद्धेषु विजयिष्यति) तक यही स्तोत्र उल्लिखित है। गोस्वामी तुलसीदास ने भी मकरगत सूर्य होने पर प्रयाग में महीने भर होने वाले स्नान पर्व को श्रद्धा पूर्वक किया है।

# 22 को 12:20 बजे से होगी प्राण प्रतिष्ठा

## ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने दी जानकारी बोले-दोपहर एक बजे तक चलेगा अनुष्ठान

## आज से शुरू होकर 21 जनवरी तक चलेगा प्राण प्रतिष्ठा विधि पूजन, 18 को गर्भगृह में स्थापित होगी मूर्ति

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अयोध्या धाम में 22 जनवरी को होने वाली रामलला की प्राण प्रतिष्ठा और उससे पहले के सभी कार्यक्रम की रुपरेखा तय हो गई है। 22 जनवरी को सोमवार को दोपहर 12:20 बजे से एक बजे तक प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम होगा। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने मनोभाव रखेगें। ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास आशीर्वाद देंगे।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय मंदिर निर्माण कार्यशाला में सोमवार को बताया कि प्राण प्रतिष्ठा का मुहूर्त काशी के प्रकांड विद्वान गणेश्वर शास्त्री द्रविड़ ने तय किया है। प्राण प्रतिष्ठा का कर्मकांड वाराणसी के महंत लक्ष्मीकांत दीक्षित करेंगे। उन्होंने बताया कि गर्भगृह में 18 जनवरी को पांच वर्षीय राम के बाल रूप की प्रतिमा गर्भगृह में स्थापित होगी। इसका वजन 150 से 200 किलो है। रामलला की खड़ी प्रतिमा स्थापित होगी। 18 जनवरी को प्रतिमा गर्भगृह में अपने आसन पर खड़ी कर दी जाएगी। ट्रस्ट महासचिव ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा की पूजन विधि कल मंगलवार 16 जनवरी से शुरू हो जाएगी, जो 21 तक चलेगी। इससे पहले प्रतिमा की जल वास, अन्न वास, शैया वास, औषधि वास, फलवास पूजा होगी।



प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की जानकारी देते ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय।

### 20 से अस्थाई मंदिर में दर्शन बंद

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की तैयारियों के चलते 20 और 21 जनवरी को भक्त रामलला के दर्शन नहीं कर पाएंगे। सभी लोगों के लिए दर्शन बंद किए जाने पर गंभीरता से विचार चल रहा है।

**150** और छह दर्शन परम्पराओं के संतों के साथ 56 देशों के प्रतिनिधि, सभी भारतीय विधाओं के विशिष्ट बनेंगे साक्षी

### ये मेहमान होंगे प्राण प्रतिष्ठा में शामिल

गर्भगृह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, आरएसएस प्रमुख डॉ.मोहन भागवत, सीएम योगी आदित्यनाथ, ट्रस्ट के अध्यक्ष नृत्यगोपाल दास मौजूद रहेंगे। चंपत राय ने बताया कि समारोह में सभी ट्रस्टी और 150 परम्पराओं के संत, धर्माचार्य मौजूद रहेंगे। इसके अलावा पुलिस से लेकर पैरा मिलिट्री फोर्स के अधिकारी, साहित्यकार, पद्म पुरस्कार विजेता शामिल होंगे। मंदिर निर्माण करने वाली एल एंड टी , टाटा के इंजीनियर्स और मंदिर बनाने में लगी टीम के 500 लोग, जिसे इंजीनियर्स की टीम कह सकते हैं, समारोह में शामिल रहेंगे। इसके अलावा शैव, वैष्णव, सिख, बौद्ध, जैन, कबीर पंथी, इस्कॉन, भारत सेवाश्रम संघ, राम कृष्ण मिशन, गायत्री परिवार, राधा स्वामी, गुजरात के स्वामी नारायण, लिंगायत के धर्मात्मा रहेंगे।

### सभी नदियों के जल से होगा अभिषेक

ट्रस्ट महासचिव ने बताया कि भारत की सभी मुख्य नदियों का जल अयोध्या आ चुका है। सभी जलों से रामलला का अभिषेक होगा। इसके अलावा नेपाल में राम जी की ससुराल, उनके ननिहाल छत्तीसगढ़ से उपहार आए हैं। जोधपुर से बैलगाड़ी पर घी आया है।

### अनुष्ठान से पहले गूंजेगी मंगल ध्वनि

प्राण-प्रतिष्ठा की मुहूर्त से पहले रामजन्मभूमि मंदिर में शुभ प्रतिष्ठा लिए मंगल ध्वनि का आयोजन किया जाएगा। प्रातः 10 बजे से लगभग दो घंटे तक देश के विभिन्न राज्यों के पारंपरिक वाद्ययंत्रों का वादन होगा। ट्रस्ट के महासचिव ने बताया कि मंगल ध्वनि के आयोजन में उत्तर प्रदेश के पखावज, बांसुरी और ढोलक, कर्नाटक की वीणा, महाराष्ट्र-सुंदरी, पंजाब-अलगोजा, उड़ीसा- मर्दल, मध्य प्रदेश- संतूर, मणिपुर-पुंग, असम- नगाड़ा, काली, छतीसगढ़-तंबूरा, बिहार, पखावज, दिल्ली शहनाई, राजस्थान- रावणहत्था, पश्चिम बंगाल- श्रीखोल, सरोद, आंध्र प्रदेश- घटम, झारखंड-सितार, गुजरात- संतार, तमिलनाडु- नागस्वरम्, तविल और मृदंगम, उत्तराखंड- हुड़का जैस वाद्ययंत्रों की प्रस्तुति दक्ष कलाकार देंगे।

### आज से 21 जनवरी तक होने वाली पूजा विधियों को भी जानें

ट्रस्ट की ओर से जारी सूचना के अनुसार 16 जनवरी को प्रायश्चित एवं कर्म कुटी पूजन, 17 को मूर्ति का परिसर प्रवेश, 18 को सायं तीर्थ पूजन व जलयात्रा, जलाधिवास एवं गंधाधिवास, 19 को सुबह औषधिवास, केसराधिवास आदि और 20 को सुबह फलाधिवास व शाम को पुष्पाधिवास और 21 जनवरी को सुबह मध्याधिवास, शाम को शय्याधिवास। इस प्रकार द्रादश अधिवास होंगे। ट्रस्ट के अनुसार सामान्यत प्राण प्रतिष्ठा के लिए सप्त अधिवास होते हैं। न्यूनतम तीन अधिवास चलन में हैं।

### बढ़ाया जा सकता है रात्रि में दर्शन का समय

ट्रस्ट महासचिव ने बताया कि विभिन्न संगठनों द्वारा यहां दर्शन के लिए आने के कारण भविष्य में रात्रिकालीन दर्शन अवधि बढ़ाई जा सकती है। उन्होंने बताया कि विहिप और संघ के लोग यहां आए और दर्शन करें यथासंभव रात्रि निवास न हो इसके लिए रात्रि में दर्शन अवधि बढ़ाई जा सकती है। ठंड को देखते हुए ऐसा विचार चल रहा है। उन्होंने कहा कि इतना बड़ा स्टोन स्टैक्चर सौ - दो सौ वर्षों में नहीं बना है। प्राण प्रतिष्ठा को लेकर उन्होंने कहा कि स्वतंत्र भारत का यह पहला इतना बड़ा आयोजन है जिसे पूरा संसार देखेगा।


### प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जानें क्या-क्या है विशेष तैयारियां

- 150 परम्पराओं के संत, महामंडलेश्वर, मंडलेश्वर और श्रीमहंत आदि, 50 से अधिक आदिवासी, गिरीवासी आदि परंपरा के संत।
- इंजीनियर्स गुरुप से एल एंड टी और टाटा के 500 इंजीनियर्स, वेंडर, सब कानटेक्टर आदि भी बनेंगे समारोह के साक्षी।
- साधु-संतों के अतिरिक्त सभी दर्शन परम्पराओं जैसे कबीरपंथी, रामकृष्ण मिशन आदि के विशिष्ट जन भी मौजूद रहेंगे।
- प्राण प्रतिष्ठा के लिए निर्धारित परिसर में आठ हजार कुर्सियां लगाई जाएंगीं, आमंत्रित सभी के लिए अल्पाहार व भोजन व्यवस्था।
- 20 और 21 को दर्शन अवधि बंद रहने के दौरान भगवान को पुजारी ही आरती, भोग आदि लगायेंगे।
- प्राण प्रतिष्ठा को लेकर प्रधानमंत्री के आगमन से पूर्व सभी का प्रवेश सुबह 10 .30 बजे सुनिश्चित किया गया है। लोगों को संभवत शाम पांच बजे तक रुकना होगा।
- 22 को 25 चार्टड प्लेन आने की संभावना है। 18 से 21 तक 100 जहाज आने की सूचना मिल रही है। ट्रस्ट ने महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट अथॉरिटी से व्यवस्था का अनुरोध किया है।
- 26 जनवरी से फरवरी के अंतिम सप्ताह तक विश्व हिंदू परिषद, आरएसएस के कार्यकर्ता पदाधिकारी करेंगे दर्शन, नित्य 4500 से 5000 लोगों के आने का अनुमान।
- 56 देशों से एक - एक प्रतिनिधि आमंत्रित, हांगकांग और अमेरिका से टोलियाँ भी रहेंगी मौजूद।
- जन्मभूमि परिसर में प्राण प्रतिष्ठा के लिए बनाए गए हैं नौ कुंड और 121 वैदिक आचार्य, संपूर्ण विधि निर्धारित यज्ञशाला में होगी।
- प्राण प्रतिष्ठा समारोह की संपूर्ण विधि संयोजक गणेश्वर शास्त्री द्राविड़ एवं प्रमुख आचार्य लक्ष्मीकांत दीक्षित के द्वारा सम्पन्न होगी।
- देश व प्रदेश वासियों से 22 की शाम सूर्यास्त के बाद घर के बाहर पांच दीपक श्रीराम लला के नाम जय जय श्रीराम के उद्‌घोष के साथ जलाने व शंखनाद का भी आह्वान।

### रात को रोशनी से जगमगाता राम मंदिर







**अयोध्या। अमृत विचार :** 22 जनवरी को होने वाले रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा को अब कुछ ही दिन शेष हैं, ऐसे में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। मंदिर के भूतल पर निर्माण सहित अन्य कार्य पूरा होने के बाद ट्रस्ट की ओर से रविवार देर रात मंदिर की कुछ नई तस्वीरें जारी की गई हैं। रात के अंधेरे में लाइट की रोशनी से जगमगाती मंदिर तस्वीर आकर्षित करने वाली है।

### 16 से प्रारम्भ होने वाले पूजन के यजमान ही 22 के भी होंगे यजमान

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय ने प्राण प्रतिष्ठा पूजन को लेकर सोमवार को नई जानकारी दी है। उन्होंने नाम की जानकारी देने से इंकार करते हुए बताया कि 16 से प्रारम्भ होने वाले प्राण प्रतिष्ठा पूजन के यजमान ही 22 को अल्प अवधि के पूजन के यजमान होंगे। उन्होंने बताया कि यजमान तय कर लिए गए हैं लेकिन अभी नाम की जानकारी नहीं दी जा सकती है। उन्होंने यह भी बताया कि वर्तमान में रामलला की पूजित हो रहीं मूर्ति भी गर्भगृह में स्थापित होने जा रही पांच वर्षीय रामलला की मूर्ति के साथ रहेगी।

### मकर संक्रांति पर रामलला को लगा खिचड़ी, पापड़, घी अचार का भोग

अयोध्या, अमृत विचार : मकर संक्रांति पर राम जन्मभूमि परिसर स्थित अस्थाई राम मंदिर में रामलला को दही, घी के साथ खिचड़ी, पापड़ का भोग लगाया गया। रामलला के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने बताया कि भगवान सूर्य के उत्तरायण होने पर मकर संक्रांति का पर्व मनाया जाता है। मकर संक्रांति पर सोमवार को श्री रामलला को खिचड़ी के साथ घी दही अचार पापड़ और तिल से बने व्यंजन का भोग लगाया गया है। यह प्रसाद राम भक्तों में वितरित किया गया।

# डिपो नहीं आएंगी बसें, अयोध्या धाम जंक्शन पर नहीं रुकेंगी ट्रेनें

*प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर 19 की शाम से हाईवे और 21 की सुबह से शहर में लागू होगा रूट डायवर्जन*

अयोध्या, कार्यालय

**अमृत विचार:** प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को लेकर यातायात पुलिस की ओर से सुरक्षा और व्यवस्था के मद्देनजर 19 की शाम से हाईवे पर अंतरजनपदीय और 21 की सुबह से अंतरजनपदीय रूट डाइवर्जन लागू करने का निर्णय लिया है।

इस बार समारोह को लेकर आइसोलेशन का दायरा बढ़ाया गया है। प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को लकर 21 व 22 जनवरी को डिपो पर कोई रोडवेज बस नहीं आएगी। अयोध्या धाम जंक्शन पर 22 जनवरी को ट्रेनों का ठहराव नहीं होगा। हालांकि आकस्मिक सेवा और कार्यक्रम से जुड़े वाहनों को इस प्रतिबंध के दायरे से बाहर रखा गया है। समारोह के मद्देनजर 19 जनवरी की शाम चार बजे से हाईवे पर अन्य जनपदों से ही भारी वाहनों को डाइवर्ट किया जाएगा। एसपी यातायात एपी सिंह ने सोमवार को बताया कि विभिन्न स्तर के रुट डाइवर्जन के लिए मुख्यालय से संबंधित जनपदों को सूचित किया गया है।



अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन।

### प्राण-प्रतिष्ठा के दिन अयोध्या की ओर नहीं आएगा कोई वाहन

एसपी यातायात एपी सिंह ने सोमवार को बताया कि मुख्य समारोह के दिन 22 जनवरी को आमंत्रित अतिथियों, पास धारक तथा आकस्मिक सेवा से जुड़े वाहनों के अलावा सुबह 6 बजे से रात 8 बजे तक प्रयागराज हाईवे पर पूराकलंदर थाने से, रायबरेली हाईवे पर सरियावां चौराहे से,लखनऊ हाईवे पर सोहावल ओवरब्रिज से, गोरखपुर हाईवे पर बस्ती जिले के घघौवा और गोंडा के लकड़मंडी तिराहा व लोलपुर से अयोध्या की ओर वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। इस दौरान सुल्तानपुर की ओर से आने वाले वाहनों को पिपरी मोड़,थाना पूराकलन्दर रोड से रामपुर भगन, तारुन, हैदरगंज, भीटी व जमूरतगंज, इटौरा तिराहा,अंजना बिलहरघाट,पूराबाजार के रास्ते अम्बेडकरनगर रोड तथा मसौधा तिराहे से महावा चौराहा, सरियावां चौराहा होते हुए रायबरेली रोड पर जाएंगे। रायबरेली की ओर से आने वाले वाहन मिल्कीपुर चौराहे से हैरिंग्टनगंज,खजुरहट व सरियावां चौराहा से महावां चौराहा, मसौधा तिराहा सुल्तानपुर रोड पर जाएंगे। अमानीगंज रोड,रुदौली व आजादनगर-सोहावल होते हुए लखनऊ हाईवे, लखनऊ हाईवे पर वाले वाहन हाईवे स्थित सोहावल ओवरब्रिज से ढेमुआघाट व सोहावल, आजादनगर, सरियावां चौराहा के रास्ते अपने गंतव्य को जा सकेंगे। अम्बेडकरनगर की ओर से आने वाले वाहन पूरा बाजार तिराहा बिलहरघाट, जलालपुर, सुल्तानपुर रोड व आने वाले वाहन कूढ़ाकेशवपुर,अचारी का सगरा,इटौरा, जलालपुर के रास्ते गंतव्य को जा सकेंगे।

- नवीन मंडी से शान्ति चौक (एयरपोर्ट), अग्रसेन तिराहे वैरियर से शांति चौक, नवीनमंडी अण्डरपास तथा जनौरा कट,साईदाता कुटी,साकेतपुरी कॉलोनी मोड़, देवकाली ओवर ब्रिज,महोबरा ओवरब्रिज,साकेत फ्लाई ओवर से आवागमन बंद रहेगा।
- शहर से अयोध्या धाम आने वाले वाहन बेनीगंज तिराहे से देवकाली,उदया चौराहा से गैस गोदाम तिराहे,रानोपाली रेलवे कासिंग से दाहिने लंगड़वीर चौराहा होकर परिक्रमा मार्ग के रास्ते जाएंगें। साकेत डिग्री कॉलेज,विद्याकुण्ड तिराहा,बड़ी छावनी,रामघाट चौराहा, दीनबन्धु अस्पताल,गोलाघाट,मौनीबाबा आश्रम, मरदहिया घाट, मंत्रार्थ मण्डपम् से अयोध्या धाम में प्रवेश पूर्णतया प्रतिबन्धित रहेगा।

# इस तरह वाहनों का होगा आवागमन



- गोरखपुर से लखनऊ जाने वाले वाहन कौड़ीराम से होते हुए बडहलगगंज, दोहरीघाट, जीयनपुर, आजमगढ़ से पूर्वाचल एक्सप्रेस-वे के रास्ते लखनऊ जाएंगे।
- गोरखपुर से संतकबीरनगर, बासी, मेहदावल, डुमरियागंज, उतरौला, बलरामपुर, गोण्डा, जरवल रोड, चौकाघाट से बदोसराय होते हुए सफदरगंज के रास्ते लखनऊ जाएंगे।
- बस्ती से कलवारी-टाण्डा-अकबरपुर-दोस्तपुर के रास्ते पूर्वाचल एक्सप्रेस-वे होते हुए लखनऊ जाएंगे।
- आगरा एक्सप्रेस-वे से आने वाले वाहन मोहान-जुनाबगंज-मोहनलालगंज-गोसाइगंज से पूर्वाचल एक्सप्रेस-वे से गोरखपुर जाएंगे।
- सीतापुर-शाहजहाँपुर से बस्ती-गोरखपुर जाने वाले वाहन आईआईएम रोड दुबग्गा, आलमबाग, नहरिया, शहीदपथ,अहीमामऊ होते हुए पूर्वाचल एक्सप्रेस-वे के रास्ते जाएंगे।
- बलरामपुर, बहराइच, गोण्डा, श्रावस्ती से अयोध्या होकर लखनऊ जाने वाले वाहन गोण्डा, करनैलगंज,जरवल रोड, चौकाघाट, बदोसराय,सफदरगंज के रास्ते लखनऊ जाएंगे।
- सुल्तानुपर से बस्ती, गोरखपुर को जाने वाले वाहन कूडेभार से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के रास्ते जाएंगे।
- रायबरेली से बस्ती-गोरखपुर जाने वाले वाहन हलियापुर से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे होते हुए जाएंगे।
- लखनऊ-बाराबंकी की ओर से आने वाले वाहन चौकाघाट, जरवल रोड, करनैलगंज व रामसनेही घाट-हैदरगढ़ के रास्ते जाएंगे।
- आजमगढ़-अम्बेडकरनगर से लखनऊ जाने वाले वाहन अम्बेडकरनगर से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के रास्ते डाइवर्ट किये जाएंगे।
- कानपुर की ओर से आने वाले वाहन फतेहपुर, हुसैनगंज थाना से पहले गंगासो पुल थाना सरैनी (रायबरेली), लालगंज कस्बा से गुरबक्शगंज, बछरावां, शिवगंढ़ होते हुए हैदरगढ़ से पूर्वाचल एक्सप्रेस-वे के रास्ते गोरखपुर आएंगे और जाएंगे।

- 21 जनवरी की सुबह 8 बजे से प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दिन 22 जनवरी की शाम 8 बजे तक प्राण-प्रतिष्ठा में आमंत्रित, पास धारक और अयोध्या जनपद में पंजीकृत वाहनों को ही आवागमन की अनुमति होगी। इस दौरान सुल्तानुपर से आने वाले वाहन कूड़ेभार से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से होकर जाएंगे। लखनऊ-बाराबंकी की ओर से आने वाले वाहन दिलौना (रामसनेही घाट) से भिटरिया, हैदरगढ़, दरियाबाद, टिकैतनगर, रामनगर, बस्ती से आने वाले वाहन कलवारी मोड़ से टाण्डा, अकबरपुर, दोस्तपुर से पूर्वाचल एक्सप्रेस-वे होते हुए जाएंगे।
- अम्बेडकरनगर की ओर से आने वाले वाहन यादव नगर से भीटी, हैदरगंज, बेरु बाजार, चौरे बाजार, रायबरेली से आने वाले वाहन हलियापुर से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे होते हुए जाएंगे। बलरामपुर, बहराइच, गोण्डा, श्रावस्ती से अयोध्या होकर लखनऊ जाने वाले वाहन गोण्डा, कर्नलगंज,जरवल रोड,चौकाघाट, बदोसराय, सफदरगंज,लखनऊ मार्ग पर ही चलेंगे।

# लोग संयम रखें, 21 से 23 तक घरों से न निकलें



निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त व आईजी।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर 20 जनवरी से ही वीआईपी मूवमेंट बढ़ जाएगी। इसे देखते हुए मंडलायुक्त गौरव दयाल ने लोगों से अपील करते हुए सहयोग भी मांगा है। उन्होंने कहा कि लोग संयम बनाए रखें और व्यवस्था में सहयोग करते हुए 21 से 23 जनवरी के बीच घरों से न निकलें। नया घाट पर आईजी प्रवीण कुमार के साथ सोमवार दोपहर सुरक्षा के बंदोबस्त का निरीक्षण करने पहुंचे मंडलायुक्त ने कहा कि मंडल के सभी जनपदों में आमजनमानस से 22 जनवरी को अयोध्या न जाने की अपील की जा रही है। साथ ही पुलिस बल को विशेष सतर्कता बरतने और पेट्रोलिंग करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि अयोध्या आने वाले अतिथियों के आवागमन के लिए ग्रीन कॉरीडोर की व्यवस्था की जाएगी। कोई भी मंडलीय या संबंधित अधिकारी 22 जनवरी तक मुख्यालय नही छोड़ेगा।

### जेटी से गोंडा तक रहेगी नजर

नयाघाट पर आरती स्थल के सामने सरयू नदी में तीन हजार स्वाक्वयर फीट में बने जेटी का निरीक्षण करते हुए आईजी प्रवीण कुमार ने कहा कि हमारी निगरानी गोंडा तक रहेगी। जेटी में लगे हाई सेंसर के कैमरों से जल मार्ग पर भी नजर रखी जा रही है। साथ ही सरयू प्रहरी के रूप में स्थानीय नागरिकों की भी मदद ली जा रही है।

### रामकथा सुन भाव विभोर हुए भक्त



रामकथा में व्यासगद्दी पर बैठे स्वामी रामभद्राचार्य।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** रामनगरी स्थित बड़ा भक्तमाल की बगिया में आयोजित 1008 कुंडिय हनुमन महायज्ञ व अमृत वर्ष के दूसरे दिन सोमवार को रामकथा सुन श्रोता भाव-विभोर हो गए। सीताराम-सीताराम नाम जाप से पूरा परिसर गुंजायमान हो उठा। वहीं कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से वहां मौजूद लोगों का मन मोह लिया। रामकथा का अमृतपान करा रहे पद्मविभूषण तुलसी पीठाधीश्वर जगद्‌गुरु रामानंदाचार्य स्वामी श्री रामभद्राचार्य ने कहा कि अयोध्या के इस ऐतिहासिक प्रांगण में चल रही कथा शृंखला के 1283वीं श्रीरामकथा है। इसके अलावा यहां आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में आए विभिन्न हस्तियों ने अपनी प्रस्तुतियों से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इससे पूर्व वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन पूजन भी हुआ।

### विदेशी छात्रों ने भी लगाए जय श्रीराम के नारे

**कुमारगंज, अयोध्या। अमृत विचार :** राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा का उत्साह विदेशी छात्रों के भी सिर चढ़ कर बोल रहा है। एएनडी कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के विदेशी छात्रों ने सोमवार को जय श्रीराम के नारे लगा कर प्राण प्रतिष्ठा के प्रति उत्साह दर्शाया। विवि में दूसरे दिन भी छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. डीके द्विवेदी की देखरेख में स्वच्छता अभियान चलाया गया। विदेशी छात्र-छात्राओं, एनएसएस की सभी इकाइयां, एनसीसी कैडेटों, अधिष्ठाता, निदेशक, छात्रावास अधीक्षक, शिक्षक, कर्मचारी, वैज्ञानिक व छात्र-छात्राओं ने मिलकर ने कुलपति के साथ फावड़े चलाए व साफ-सफाई की। कुलपति ने छात्र-छात्राओं से पढ़ाई के साथ छात्रावास व आसपास के पर्यावरण को भी स्वच्छ रखने की अपील की।

**आस्था की डगर** लखनऊ से 11, गोरखपुर से आने वालों को तीन किमी चलने पर मिलेगा जन्मभूमि पथ

# दो द्वार, धर्मपथ से आने वालों को जल्दी होगा दीदार

पुनीत श्रीवास्तव, अयोध्या

**अमृत विचार :** इंतजार की घड़ियां अब खत्म होने वाली हैं। 23 जनवरी से आप अपने आराध्य श्रीराम के जन्मभूमि में बने भव्य मंदिर में दर्शन कर सकेंगे। 22 को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले मंदिर जाने वाले सभी मार्गों को त्रेता युग की तरह सजाया और संवारा जा रहा है। खास तौर से अयोध्या में प्रवेश के दो मुख्य द्वारों की भव्यता निहारते ही बनती है। सहादतगंज प्रवेश मार्ग हो या फिर बालू घाट चौराहा। दोनों ही तरफ बड़ी-बड़ी मूर्तियां और स्वागत के बोर्ड लग गए हैं, लेकिन अहम बात यह है कि दोनों द्वारों से मंदिर की दूरी में बड़ा अंतर है।

अगर आप लखनऊ सड़क मार्ग से अयोध्या में प्रवेश कर रहे हैं तो आप 11 किलोमीटर चलने के बाद जन्मभूमि पथ पर आ सकेंगे। गोरखपुर या उस रास्ते से अयोध्या में प्रवेश करने वाले श्रद्धालु धर्म पथ व रामपथ के रास्ते तीन किलोमीटर चलने के बाद ही जन्मभूमि पथ पर पहुंच जाएंगे। लखनऊ से आने वालों को सहादतगंज स्थित प्रवेश द्वार से प्रवेश करते हुए रामपथ से जन्मभूमि पथ तक आना होगा। सहादतगंज से जन्म भूमिपथ की दूरी 11 किमी. है। बिहार- गोरखपुर से आने वाले श्रद्धालु बालू घाट स्थित धर्मपथ से प्रवेश करेंगे। 1200 मीटर पर लता चौक से बाएं होते हुए 1800 मीटर चलने पर जन्मभूमि पथ पहुंच जाएंगे।



रामपथ का मुख्यद्वार।



धर्मपथ का मुख्यद्वार।

### जन्मभूमि पथ पर यात्री सुविधाओं का खास ख्याल

अयोध्या पहुंचने के बाद आपको रामलला का दर्शन करने के लिए जन्मभूमि पथ पहुंचना पड़ेगा। बिड़ला मंदिर के सामने 470 मीटर का जन्मभूमि पथ बनाया गया है। इस पथ यात्री सुविधाओं का खास ख्याल रखा गया है। जगह-जगह पेयजल व शौचालय के इंतजाम के साथ ही आराम करने के लिए शेड भी बनाये गए हैं। इस रास्ते पर आपको पैदल ही चलना पड़ेगा। दिव्यांगों के लिए व्हील चेयर इत्यादि की भी व्यवस्था है। आगे जाकर सुरक्षा के तीन चक्रों को पार करने के बाद ही श्रद्धालु रामलला के दर्शन पा सकेंगे।

**जन्मभूमि पथ पर 470 मीटर पैदल चलने के बाद ही मिलेंगे रामलला के दर्शन**

### आगमन पथ पर चूड़ामणि चौराहे से से प्रवेश का अलग है आनंद

अयोध्या आने के आगमन पथ तो कई बना दिये गए हैं, लेकिन चूड़ामणि चौराहे से प्रवेश करने का आनंद अलग रहेगा। अयोध्या-गोरखपुर हाईवे से महोबरा जाने वाले मार्ग से होते हुए आप चूड़ामणि चौराहा पहुंचेंगे। वहां सीता माता का बड़ा चूड़ा सांकेतिक रूप से लगाया गया है। यहां से टेढ़ी बाजार होते हुए आप 1800 मीटर का सफर करते हुए आसानी से जन्मभूमि पथ पहुंच सकते हैं। इसके अलावा देवकाली बाईपास के नजदीक साकेतपुरी कॉलोनी मार्ग व रेलवे स्टेशन से अस्पताल मार्ग से भी जन्मभूमि पथ जाया जा सकता है।



"रामपथ व धर्मपथ समेत हमारे सभी कॉरिडोर लगभग पूरे हो चुके हैं। अब सिर्फ सौंदर्यीकरण का कार्य चल रहा है। वह भी अंतिम चरण में है। 23 जनवरी से श्रद्धालुओं के लिए दर्शन शुरू हो जाएंगे। -**नितीश कुमार, जिलाधिकारी।**"

## एक नजर

### गृह मंत्री की बहन के निधन पर योगी ने जताया शोक

**अमृत विचार, लखनऊ :** गृह मंत्री अमित शाह की बड़ी बहन राजेश्वरी बेन के निधन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शोक संवेदना व्यक्त की है। योगी ने अपने एक्स अकाउंट पर सोमवार को लिखा कि, राजेश्वरी बेन का निधन अत्यंत दु:खद है। श्रीराम से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्री चरणों में स्थान और शोकाकुल परिजनों को यह दु:ख सहने की शक्ति प्रदान करें।


### सीआरएस ने किया निरीक्षण

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के अंतर्गत रेल संरक्षा आयुक्त ने यात्री सुविधा और बेहतर रेल संचालन को बाराबंकी से रसौली के बीच सोमवार को रेल लाइन दोहरीकरण और विद्युतीकरण कार्य को परखा। नवनिर्मित 7.46 किमी. रेल मार्ग के कार्य का रेल संरक्षा आयुक्त उत्तर परिमंडल दिनेश चंद देशवाल ने निरीक्षण किया। इससे बाराबंकी से चार मुख्य लाइनें होंगी। जोकि दो गोंडा और दो अयोध्या की ओर जाएंगी। बाराबंकी यार्ड की री-मॉडलिंग के बाद ट्रेनों की संख्या और रफ्तार दोनों बढ़ाने की तैयारी है। निरीक्षण के दौरान स्टेशन पर पैनल रूम, संरक्षा अभिलेखों, संरक्षा संबंधी कार्यालयों, उपकरणों को बारीकी से देखा।

# इंडिया गठबंधन की मुहिम को कमजोर करेंगी मायावती

## कांग्रेस, सपा को रास नहीं आयी बसपा प्रमुख की अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार:** बसपा सुप्रीमो मायावती ने अपने जन्मदिन पर मिली बधाई के बदले जो रिटर्न गिफ्ट दिया वो इंडिया गठबंधन के गले की हड्डी बन गया। इंडिया गठबंधन में शामिल होने की अटकलों पर विराम लगाते हुए मायावती के लोकसभा चुनाव अकेले लड़ने की घोषणा को खासकर सपा और कांग्रेस हजम नहीं कर पा रही है। यही कारण है कि बसपा नेत्री के बयान पर उप्र. कांग्रेस ने जहां पुनर्विचार करने का आग्रह किया वहीं, सपा ने इसको लेकर चुप्पी साध ली है।

दरअसल, बसपा प्रमुख की इंडिया गठबंधन में न शामिल होने की घोषणा के साथ 2024 का लोकसभा चुनाव उत्तर प्रदेश में त्रिकोणीय होना तय है। भाजपा, बसपा और सपा-रालोद-कांग्रेस के गठबंधन के बीच उप्र. में चुनावी प्रतिस्पर्धा होनी है। उधर, मायावती की ताजा प्रतिक्रिया भाजपा

**▸▸ कांग्रेस ने की पुनर्विचार करने की अपील, सपा के खेमे में पसरा सन्नाटा**

खेमे को राहत देने वाली है, क्योंकि 80 लोकसभा सीटों को जीतने का लक्ष्य लेकर चल रही सत्तासीन पार्टी को संभवतः कई सीटों पर विपक्ष से कांटे का मुकाबला नहीं करना पड़ेगा।

इससे पहले कांग्रेस, सपा और रालोद के बीच मिलकर उप्र. में चुनाव लड़ने पर मौखिक सहमति तो बनी ही है, बसपा को भी गठबंधन में शामिल करने के प्रयास तेजी लायी गई। अभी कुछ दिन पहले ही बसपा सांसद मलूक नागर ने गठबंधन में शामिल होने के लिए मायावती को प्रधानमंत्री का उम्मीदवार बनाने की शर्त रख दी थी। इससे बसपा के इंडिया गठबंधन में शामिल होने की अफवाह को हवा तो मिली लेकिन अपने जन्मदिन पर मायावती ने लोकसभा चुनाव अकेले लड़ने की घोषणा कर सपा-कांग्रेस गठबंधन को झटका दे दिया है।

अब बड़ा सवाल यह है कि मायावती ने अकेली राह पकड़ने का जो फैसला लिया है उससे लाभ किसको होगा? पिछले चुनावों के परिणामों के विश्लेषण बताते हैं कि एक दशक पहले तक बसपा के कोर वोटर समझे जाने वाले दलितों का एकतरफा वोट पार्टी को नहीं मिला। उप्र. के गैर जाटव मतदाताओं का झुकाव भाजपा के पाले में रहा।

> चुनाव अकेले लड़ने का निर्णय बसपा के कार्यकर्ताओं और प्रदेश के जनमानस की भावनाओं के विपरीत है। देश के लोकतंत्र को बचाने के लिए, दलितों पर हो रहे अत्याचार और बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के बनाए संविधान को बचाने के लिए अपने निर्णय पर पुनर्विचार करें बहन जी।
>
> -अंशू अवस्थी, प्रवक्ता, कांग्रेस

ऐसे दौर में जबकि उप्र. में सभी दलों की नजरें दलित मतदाताओं पर टिंकीं हैं, अगर सपा, बसपा और कांग्रेस साथ होते तो लगभग 44 प्रतिशत मतदाता एकजुट होते और भाजपा से इनका मुकाबला टक्कर का होता। अब चूंकि भाजपा दलितों को अपना बनाने की जुगत कर रही है, सपा और कांग्रेस के एकसाथ होने से लगभग 26 प्रतिशत मत ही गोलबंद होगा, जो भाजपा के 49 प्रतिशत के मुकाबले के लिए कम है। वैसे भी, उप्र. की सवर्ण जातियों का झुकाव भाजपा की ओर है, और अब तो राम मंदिर से प्रभावित अन्य पिछड़ा वर्ग के भी भाजपा से आकर्षित होने का अनुमान है। सीधा मतलब है कि अकेले लड़कर अगर मायावती अपने कोर वोटरों को थामने में कामयाब रहीं तो विपक्ष का वोट बंटेगा, और इसका लाभ भाजपा को मिलेगा।

### योगी ने फोन पर दी बधाई अखिलेश ने किया ट्वीट

**अमृत विचार लखनऊ :** बसपा सुप्रीमो मायावती के 68वें जन्मदिन पर सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हें फोन कर जन्मदिन की बधाई दी है। योगी ने मायावती से फोन पर शुभकामनाएं देने के साथ उनका हालचाल भी जाना। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने ट्वीट कर भी मायावती को जन्मदिन की बधाई दी है। योगी के अलावा उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोशल मीडिया पर मायावती को शुभकामनाएं दी हैं। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने भी ट्वीट करके जबकि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने पत्र जारी कर मायावती को शुभकामनाएं दीं।

# खुद को सीबीआई कर्मचारी बताने वाला सिपाही गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**▸▸ नकली पहचान पत्र, जाली नोटिस सहित कई नकली दस्तावेज बरामद**

**अमृत विचार:** खुद सीबीआई कर्मचारी के तौर पर पेश करने वाले आरपीएफ सिपाही को सीबीआई ने गिरफ्तार किया है। उसके पास सीबीआई का नकली पहचान पत्र, जाली नोटिस आदि कई फ़र्जी दस्तावेज़ बरामद किया गया है।

सीबीआई की ओर से जारी की गई सूचना के मुताबिक आरपीएफ का वह सिपाही जुलाई 2022 के दौरान सीबीआई में प्रतिनियुक्ति पर आया था। बाद में उसे मार्च, 2023 में प्रतिनियुक्ति समय से पूर्व उसके मूल संगठन आरपीएफ में वापस भेज दिया गया था। आरोप है कि सीबीआई से वापस जाने के बाद भी उसने खुद को सीबीआई (मुख्यालय), दिल्ली में कार्यरत कर्मचारी बताता रहा। इसके लिए उसने सीबीआई का नकली पहचान पत्र का प्रयोग किया।

उसने मुजफ्फरनगर के व्यापारी को एक मामले में कथित तौर पर सीबीआई द्वारा जारी फ़र्जी नोटिस देने हेतु नया मंडी पुलिस स्टेशन, मुजफ्फरनगर, (उत्तर प्रदेश) की सहायता ली। यह भी आरोप है कि इस मामले में राहत दिलाने के लिए उसने व्यवसायी से पैसों की मांग की। साथ ही उसने व्यवसायी को भूमि विवाद मामले में किसी अन्य व्यक्ति के साथ समझौता करने की भी धमकी दी, जिस पर उनके मध्य मुकदमा चल रहा था।सीबीआई ने दिल्ली एवं मेरठ में आरोपियों के परिसरों में तलाशी ली गई, जिसमें जाली दस्तावेज बरामद हुए। इनमें सीबीआई का नकली पहचान पत्र, एक आपराधिक मामले में कथित तौर पर सीबीआई द्वारा जारी सीआरपीसी की धारा 91 के तहत जाली नोटिस व अन्य आपत्तिजनक दस्तावेज सहित फ़र्जी दस्तावेज़ बरामद हुए। इसके अलावा जिला मेरठ में उक्त एक अन्य व्यक्ति के आवासीय परिसर में तलाशी के दौरान दस्तावेज भी बरामद किए गए

# विधान परिषद की रिक्त सीट के लिए मतदान 30 को

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**▸▸ विधान परिषद सदस्य के रिक्त पद के लिए संशोधित कार्यक्रम जारी**

**अमृत विचार:** विधान परिषद सदस्य डॉ. दिनेश शर्मा के त्यागपत्र देने से रिक्त हुई सीट को भरने के लिए उप निर्वाचन कराये जाने का संशोधित कार्यक्रम सोमवार को घोषित किया गया। दरअसल, नाम वापसी के लिए निर्धारित अंतिम तिथि 22 जनवरी को राज्य सरकार से सार्वजनिक अवकाश घोषित कर दिये जाने के कारण भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संशोधित कार्यक्रम जारी किया गया है।

नये कार्यक्रम के अनुसार नाम वापसी के लिए अब अंतिम तिथि 23 जनवरी (मंगलवार) और मतदान की तिथि 30 जनवरी (मंगलवार) होगी। पूर्वाह्न 9 बजे से अपराह्न 4 बजे तक मतदान के बाद उसी दिन सायं 5 बजे से मतगणना की जाएगी। 01 फरवरी (बृहस्पतिवार) के पूर्व निर्वाचन प्रक्रिया सम्पन्न करा ली जाएगी। इससे पूर्व नाम वापसी की अंतिम तिथि 22 जनवरी जबकि मतदान एवं मतगणना की तिथि 29 जनवरी को निर्धारित थी।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उप्र. विधान सभा सदस्यों द्वारा निर्वाचित विधान परिषद के सदस्य डॉ. दिनेश शर्मा, जिनका कार्यकाल 30 जनवरी, 2027 तक था, के द्वारा बीती 13 सितम्बर को त्यागपत्र दे दिये जाने के कारण होने वाली रिक्ति को भरने के लिए उप निर्वाचन कराये जाने का कार्यकम घोषित किया गया था।

## सड़क हादसों में खर्च हो रही जीडीपी की चार फीसदी राशि

**अमृत विचार, लखनऊ :** सड़क हादसे तेजी से बढ़ रहे हैं। इन हादसों से सिर्फ लोग ही प्रभावित नहीं होते हैं। बल्कि देश की अर्थव्यवस्था पर भी खराब असर पड़ता है। आंकड़ों के अनुसार देश की कुल जीडीपी के चार फीसदी के बराबर की राशि सड़क दुर्घटनाओं में खर्च हो जाती है। इसे जागरुकता से बचाया जा सकता है। इस राशि से 80 स्मार्ट सिटी के काम किए जा सकते हैं। खाद्य सुरक्षा में यह राशि लगाई जा सकती है। इससे कम से कम आठ से 10 साल तक लोगों के खाद्यान्न संबंधी समस्या का हल निकाला जा सकता है। यह जानकारी केजीएमयू ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल सर्जरी विभाग के अध्यक्ष डॉ. शादाब मोहम्मद ने दी। वह सोमवार को केजीएमयू के ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल सर्जरी विभाग और एसोसिएशन ऑफ ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल सर्जन्स ऑफ इंडिया की ओर से आयोजित सेमिनार को संबोधित कर रहे थे।

# भाजपा ने शुरू किया देशव्यापी दीवार लेखन अभियान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मकर संक्रांति के दिन सोमवार से शुरू हुए देशव्यापी दीवार लेखन कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी और उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने लखनऊ में कमल का फूल बनाकर और नारे लिखकर शुरूआत की। जबकि उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने अयोध्या में अभियान शुरू किया। जगह-जगह दीवारों पर मिशन-80 से जुड़े विभिन्न स्लोगन लिखे गए।

प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने लखनऊ में सहकारिता भवन के निकट मध्य विधानसभा में बूथ नम्बर 240 के अन्तर्गत दीवार पर चुनाव निशान कमल बनाया और 'एक बार फिर से मोदी सरकार' नारा लिखकर दीवार लेखन कार्यक्रम शुरू किया।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने दीवार लेखन के पश्चात् पत्रकारों से बात करते हुए लोगों से अपील की कि 2024 के लोकसभा चुनाव में एक बार फिर से मोदी सरकार के संकल्प के साथ भाजपा को अपना मत और समर्थन देकर ऐतिहासिक जीत दिलाएं। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ला, संजय राय, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित उपस्थित रहे।



सहकारिता भवन के निकट दीवार पर कमल का फूल बनाते प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी।

### आज मुख्यमंत्री गोरखपुर में करेंगे दीवार लेखन

पार्टी के प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ला ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को गोरखपुर की सदर विधानसभा में दीवार लेखन कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे। इसी दिन से पूरे प्रदेश में सभी पदाधिकारी, केंद्र सरकार के मंत्री, सांसद और जनप्रतिनिधियों सहित अन्य वरिष्ठ नेता बूथ पर दीवार लेखन करेंगे। जबकि 17 जनवरी को राज्य सरकार के मंत्री, विधायक और विधान परिषद सदस्य अपनी विधानसभा में बूथ पर दीवार लेखन कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे। श्री शुक्ल ने बताया 18 जनवरी को समस्त क्षेत्रीय पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष, मोर्चों के पदाधिकारी व अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा दीवार लेखन का कार्य किया जाएगा।

### शुक्रिया मोदी भाईजान अभियान की शुरुआत

भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चा ने राजधानी में शुक्रिया मोदी भाईजान अभियान की सोमवार को शुरुआत की। इस दौरान मुस्लिम समुदाय के लोग केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं से उन्हें मिले लाभ के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का शुक्रिया अदा किया। मुस्लिम महिलाओं ने हाथों में तख्तियां नजर आयीं, जिस पर लिखा था, न दूरी है न खाई है, मोदी हमारा भाई है। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि पिछली सरकारों में भेदभाव होता था, लेकिन आज हमारी सरकार सबका साथ, सबका विकास के साथ काम कर रही है। वहीं, पूर्व केंद्रीय मंत्री और पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को शुक्रिया इसलिए क्योंकि जो काम उन्होंने खासकर बहनों के लिए करके दिखाया है। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कुंवर बासित अली समेत तमाम भाजपा पदाधिकारी और मुस्लिम समाज की महिलाएं मौजूद रहीं।

# अयोध्या में तीन प्रवेश द्वार के साथ जल्द तैयार होंगे कॉम्प्लेक्स

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**▸▸ नव्य अयोध्या फेज-2 के तहत 45 करोड़ से गोंडा, बस्ती और सुल्तानपुर रोड पर शुरू होगा काम**

**▸▸ मुख्यमंत्री योगी ने 100 दिन की समयावधि में काम पूरा करने के दिए हैं निर्देश**

**अमृत विचार:** अयोध्या के त्रेतायुगीन वैभव को पुनर्स्थापित करने का प्रयास कर रही राज्य सरकार 140 करोड़ रुपये की लागत से छह भव्य गेट और यात्रा सुविधा कॉम्प्लेक्स का निर्माण कराने जा रही है। नव्य अयोध्या फेज-2 परियोजना के तहत अगले 100 दिनों के अंदर पहले चरण में तीन भव्य गेट और कॉम्प्लेक्स के निर्माण की प्रक्रिया यूपी प्रोजेक्ट कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने शुरू कर दी है।

पहले फेज में लखनऊ रोड पर फिरोजपुर, रायबरेली रोड पर सरियावां व अंबेडकरनगर रोड पर राजेपुर के पास, सुल्तानपुर रोड पर मैनुद्दीनपुर, बस्ती रोड पर इस्माइलपुर व गोंडा रोड पर कटरा भोगचंद के पास जमीन अधिग्रहण किया गया है। गोंडा रोड पर 15.21 करोड़, गोरखपुर (बस्ती) रोड पर 15 करोड़ व सुल्तानपुर रोड पर 14.69 करोड़ रुपये खर्च होगा।

सभी प्रवेश द्वारों का निर्माण नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचआईए) की ओर से तैयार डिजाइन व मानकों के अनुसार होगा। इसमें पीडब्लयूडी सहयोगी बनकर अयोध्या की वास्तुकला को डिजाइन में समावेश करेगा। चिह्नित जगहों पर गेट व कॉम्पलेक्स निर्माण के लिए जमीन खरीद प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए 67 करोड़ का बजट स्वीकृत किया गया था, जबकि यहां जनसुविधाएं विकसित करने को 73 करोड़ की अलग से व्यवस्था की गई है।

### होगी दिव्य अनुभूति

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में बनी विशिष्ट कार्योयोजना के अनुसार हर प्रवेश द्वार के लिए पांच-पांच एकड़ जमीन अधिग्रहीत की जा रही है। यह द्वार त्रेतायुगीन परिकल्पना के आधार पर विकसित होंगे। इन द्वारों से प्रवेश करते ही रामायण काल की अनुभूति भक्तों को हो, ऐसा प्रयास किया जा रहा है। गेट के पास पार्किंग से लेकर जन सुविधाओं का भी इंतजाम होगा।

### प्रवेश द्वारों के नाम

लखनऊ-अयोध्या मार्ग पर श्रीराम द्वार, गोरखपुर से अयोध्या मार्ग पर हनुमान द्वार, गोंडा से अयोध्या मार्ग पर लक्ष्मण द्वार, प्रयागराज से अयोध्या मार्ग भरत द्वार, अंबेडकरनगर से अयोध्या मार्ग पर जटायु द्वार, रायबरेली से अयोध्या मार्ग पर गरुण द्वार नाम होगा।

## एसटीएफ ने दो कारों से पकड़ा 80 किलो गांजा

**अमृत विचार, लखनऊ:** एसटीएफ ने नशे के आठ अन्तरराज्यीय सौदागरों को सोमवार को गिरफ्तार किया है। उनके पास से दो कारों में भरे 80 किलो गांजा बरामद किया गया। कार में फर्जी नंबर प्लेट लगी थी।एसटीएफ ने तस्कर अभिषेक कुमार (राजस्थान), सुमित (राजस्थान), भीमसेन फरुखाबाद, सोनवीर उर्फ सोनू (मथुरा), विमलेश (हरदोई), मोन्टू सिंह चौहान (राजस्थान), संदीप कुमार (हरदोई) और राजाराम चौधरी (राजस्थान) को पकड़ा है।

बिहार से मादक पदार्थो की तस्करी की मिल रही सूचनाओं को लेकर एसटीएफ टीम सक्रिय थी। इसी बीच एसटीएफ टीम को सूचना मिली कि कुछ लोग बिहार से दो कारों में गांजा की बड़ी खेप लेकर प्रयागराज होते हुए दिल्ली जा रहे हैं। इस सूचना पर एसटीएफ टीम ने सक्रियता दिखाते हुए नैनी (प्रायगराज) में कर्मचारी बीमा अस्पताल के पास दोनों कारों को रोककर तलाशी ली। उसमें भारी मात्रा में गांजा मिला। एसटीएफ टीम ने उसको कब्जे में लेकर कार में सवार आठ तस्करों को हिरासत में ले लिया। तस्करों ने पूछताछ में बताया कि उनका संगठित गिरोह है। वह बिहार से मादक पदार्थ लेकर दिल्ली ले जाकर आस-पास के क्षेत्रों में सप्लाई करते रहे हैं।

# जो राम का नहीं, वो कृष्ण का कैसे होगा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि जो प्रभु श्री राम का नहीं हुआ, वो भगवान श्रीकृष्ण का कैसे होगा। जो श्रीकृष्ण का नहीं हुआ वो यदुवंशी समाज का कैसे हो सकता है ? यादव समाज का इस्तेमाल हमेशा वोट बैंक के रूप में किया गया । कभी भी उनकी समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया।

उप मुख्यमंत्री सोमवार को राजधानी में एक निजी होटल में यादव मंच द्वारा आयोजित यादव समाज के राजनीतिक एवं सामाजिक उन्नति कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। विपक्ष पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि मतलब परस्त राजनीतिक पार्टियों से यादव समाज को सावधान रहना चाहिये। ब्रजेश पाठक ने कहा कि यादव समाज के बगैर समाज की पूर्णता नहीं है। यादव समाज की बात



कार्यक्रम के दौरान उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को पुष्पगुच्छ देते आयोजनकर्ता।

**▸▸ उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने यादव मंच के कार्यक्रम में विपक्ष पर साधा निशाना**

करने पर आराध्य श्रीकृष्ण याद आते हैं। जब भी समाज में अत्याचार व अनाचार बढ़े, तो यादव समाज ने उसे खत्म करने की पहल की।

**भगवान परशुराम ने श्रीकृष्ण को सौप था सुदर्शन चक्र:** भगवान परशुराम ने सुदर्शन चक्र भगवान श्रीकृष्ण को ही दिया । यादव समाज खुद को अकेला न समझे। जिस दिन यादव समाज प्रदेश के सभी जिलों में जाएंगे, आपसे निकली चिंगारी ज्वालामुखी बनकर फूटेगी। आपके हक को कोई दबा नहीं सकता है। इसलिए समाज की प्रगति में सहयोग करें। राजनीति में मतलब परस्त लोगों की पहचान करें। उनसे दूरी बनाकर रखें। कार्यक्रम में मुख्य संयोजक अनुराग यादव, अशोक यादव, मनीष यादव, सी.एल. यादव, देवेंद्र यादव सहित समाज के कई लोग मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाने के लिए शुरू हुईं 35 माइक्रोसाइट्स

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**▸▸ अस्पतालों में सहज और गुणवत्ता युक्त होंगी सुविधाएं**

**अमृत विचार:** आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) अतंर्गत अस्पतालों में मिलने वाली सुविधाएं सहज और गुणवत्ता युक्त होंगी। इसके लिए सोमवार को परिवार कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने रिमोट दबाकर 35 माइक्रोसाइट्स परियोजनाओं की शुरुआत किया।

प्रमुख सचिव ने कहा कि इन 35 माइक्रोसाइट्स के शुरू होने से रोगियों, स्वास्थ्य देखभाल प्रदाताओं और स्वास्थ्य सुविधाओं सहित सभी स्वास्थ्य कर्मियों को लाभ मिलेगा। सेवाएं डिजिटली होने से मरीज़ों की जरूरत आसानी पूरी होने के साथ ही स्वास्थ्य सेवाएं मरीजों की पहुंच में होंगी। एबीडीएम के मिशन निदेशक रंजन कुमार ने कहा कि 45 हजार से अधिक एचपीआर (हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स रजिस्ट्री), 6.4 करोड़ से अधिक आभा कार्ड बनाकर उप्र. पूरे देश में शीर्ष स्थान पर है । साथ ही 40 हजार हेल्थकेयर सुविधा पंजीकरण करके देश में दूसरे स्थान पर है।

मिशन निदेशक और संयुक्त निदेशक डॉ. मोहित सिंह ने मरीजों और सेवा प्रदाताओं को मिलने वाले लाभों को प्रदर्शित करने के लिए माइक्रोसाइट्स को लागू किया गया है। बीएमजीएफ इंडिया के उप निदेशक डॉ. देवेंद्र खंडैत, ओम प्रकाश, नरेंद्र सिंह , जॉन एंटनी ने एबीडीएम की उपयोगिता प्रकाश डाला।

# राजनाथ ने विभिन्न सामाजिक और व्यापारिक संगठनों से की मुलाकात

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के लखनऊ प्रवास के दूसरे दिन विभिन्न सामाजिक व व्यापारिक संगठनों ने मुलाकात की और लखनऊ में हो रहे विकास कार्यों के लिए रक्षा मंत्री का आभार व्यक्त किया साथ ही अन्य मांगों व समस्याओं से अवगत कराया। रक्षा मंत्री ने सभी की समस्याओं का निदान कराने का आश्वासन दिया। मुलाकात के दौरान महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी व महापौर सुषमा खर्कवाल डॉ राघवेंद्र शुक्ला मुख्य रूप से मौजूद रहे।

मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग के मुताबिक, लखनऊ प्रवास के दूसरे दिन भेंट के दौरान नेहरू रोड कैंट चर्च बिशप अरुण सिंह, युवा सांस्कृतिक मंच से मोहित शुक्ला व टीम और पूर्व सैनिक संयुक्त संगठन से रिटायर्ड सुरेंद्रनाथ यादव ब्राह्मण समाज से विजय अवस्थी, दोसर वेस्ट महासमिति से राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील गुप्ता, उपाध्यक्ष धीरेंद्र गुप्ता के साथ, सनातन महासभा भारत से डॉक्टर प्रवीण और देवेंद्र शुक्ला प्रतिनिधि मंडल, भारतीय लोक सेवा से सोमेश सिंह, भारत नेपाल मैत्री समाज प्रतिनिधि मंडल, झील बचाओ अभियान से गौरव बाजपेई गणेश कनौजिया सहित विभिन्न धार्मिक व व्यापारिक प्रतिनिधिमंडलों ने मुलाकात की।



प्रवास के दूसरे दिन लोगों से भेंट करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह। अमृत विचार

### मुस्लिम महिलाओं ने कमल का फूल बनाकर किया भेंट


राजनाथ सिंह को उनके आवास पर चौक मुस्लिम समुदाय की महिलाओं ने स्वयं अपने हाथ से फूलों से भाजपा लिखा और कमल का फूल बनाकर भेंट किया। साथ ही सरकार से मिल रही सभी योजनाओं और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए किए जा रहे कार्यों के लिए आभार व्यक्त किया। आगामी लोकसभा चुनाव में भी समर्थन देने की बात कही। इस दौरान अल्पसंख्यक प्रदेश मोर्चा उपाध्यक्ष अमील शमसी साथ में मौजूद रहे।

# सज रही अयोध्या से सच हुआ निर्गुणोपासक संतों का सपना

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार:** आपसी सौहार्द का यह संदेश 18वीं शताब्दी में अयोध्या की निर्गुणोपासक और संत परंपरा के दूसरे कबीर माने गए संत पलटू साहब का है। इनका अखाड़ा रामकोट स्थित श्रीराम जन्मभूमि से चंद कदम दूर आज भी सद्भाव का प्रतीक है। ऐसे निर्गुणोपासक तमाम संतों ने अयोध्या की भूमि पर सदियों से राष्ट्रीय-सामाजिक जागरण के साथ सौहार्द की परंपरा संजोए रखी। यहां संत रविदास, कबीरदास, साईंदाता आदि की शिष्य परंपरा भी खूब फली-फूली है। अब जन्मभूमि मंदिर में रामलला के विराजने से बदले माहौल की खुशबू में इनकी आभा भी झलक रही है।

495 साल पहले 16वीं शताब्दी में सन् 1528 को बाबर के सेनापति मीर बाकी ने जब तोपों से श्रीराम जन्मभूमि मंदिर को तोड़ा और मस्जिद बनवाई तो बदले हालात में जन साधारण के बीच सूफी-संतों की अहम भूमिका रही। वे अपनी



**▸▸ अयोध्या में राम के शील-भक्ति समन्वित लोक मंगलकारी स्वरूप की है प्रतिष्ठा**

रचनाओं से लोगों को एकजुट करने के साथ कट्टरपन से सचेत करते थे। इसी दौर में नानकसाही संत श्रीचंद का रानोपाली आश्रम आज अयोध्या में उदासीन पंथ का सबसे भव्य और विस्तार वाला क्षेत्र है। इसी तरह कौमी एकता और आपसी सौहार्द का संदेश देने वाले गुलाबपंथी गोविंदसाहब के शिष्य पलटू साहब का रामकोट में अखाड़ा है। संत रविदास की शिष्य परंपरा का हनुमान कुंड वार्ड में स्थान है।

अयोध्या के आगे जियनपुर गांव में कबीरपंथी मठ भी है। जिले के जनौरा, मिल्कीपुर, मीठेगांव, नौली-दसौली आदि स्थानों पर साईंदाता संप्रदाय के प्रवर्तक संत मोहनशाह की शिष्य परंपरा का विस्तार हुआ है। यहां अहमकशाह, सचनाशाह, विजनशाह, महानंदशाह, शाह बालाशाह, पृथ्वीशाह आदि अवधी के श्रेष्ठ वाणीकर संत हुए थे।

अवधी साहित्य पर कई किताबें लिखने वाले लखनऊ में रह रहे सेवानिवृत शिक्षक डॉ रामबहादुर मिश्र कहते हैं कि अयोध्या की भूमि से तमाम सूफी-संतों ने सद्भाव व मानवता के संदेश दिए हैं। कबीर की निर्गुण भक्तिधारा सगुणोपासकों की प्रधान नगरी अयोध्या में भी प्रवाहित है। आज के माहौल में भव्य और दिव्य रूप ले रही अयोध्या को लेकर आपसी लड़ाई की जगह उफान ले रहे सौहार्द से उनका सपना भी सच होता दिख रहा है।

### डाल-डाल अल्लाह लिखा है, पात-पात पर राम

#### संतों के दखल से रुके धर्मपरिवर्तन के मामले

बाराबंकी जिले के कोटवा, कमोली, मधनापुर, हरचंदपुर, उमापुर समेत रायबरेली जिले के धर्मधाम, लखनऊ के समेसी गांव में सतनामी संप्रदाय के जगजीवन साहब व उनकी शिष्य परंपरा का विस्तार हुआ। इस संप्रदाय से जगजीवन साहब, गोसाईंदास, दूलनदास, देवीदास, ख्यामदास, नवलदास जैसे अवधी भाषा के श्रेष्ठ रचनाकार संत हुए।

#### श्रीचंद के चमत्कार से शरणागत हुए मुगल

अयोध्या के रानोपाली में स्थित उदासीन संगत ऋषि आश्रम के महंत डॉ स्वामी भरत दास कहते हैं कि जगतगुरु आचार्य श्रीचंद ने उदासीन पंथ की स्थापना की थी। वे कहते थे- वाद-विवाद मिटाओ आपा..। जब मुगल आक्रांताओं का कहर लाहौर व पंजाब में बढ़ा और जबरदस्ती हिंदुओं को मुसलमान बनाने लगे, तब श्रीचंद जी ने अपने चमत्कार से इसे रोकने का काम किया। मुगल शरणागत हुए और जबरदस्ती धर्मपरिवर्तन रुका और आचार्य ने सनातन धर्म की रक्षा की।

### सिविल व लोकबन्धु अस्पताल समेत 10 सेवाओं के निदेशक नियुक्त

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) अस्पताल में डॉ.सुनील भारतीय और लोकबन्धु राज नारायण संयुक्त चिकित्सालय में डॉ.सुरेश चंद्र कौशल का नया निदेशक बनाया गया है। साथ ही स्वास्थ्य विभाग में रिक्त चल रहें प्रशासनिक पदों पर निदेशक ग्रेड के 10 चिकित्सकों को तैनाती मिली है। स्वास्थ्य विभाग के विशेष सचिव शिव सहाय अवस्थी द्वारा सोमवार को जारी आदेश में अपर निदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य डॉ.सुनील भारतीय को सिविल अस्पताल की जिम्मेदारी सौपी है। इसी प्रकार बस्ती के जिला अस्पताल के प्रमुख अधीक्षक को लोकबंधु की बागडोर दी है। इसके अलावा डॉ.दिनेश कुमार को निदेशक मातृ एवं शिशु, निदेशक राष्ट्रीय कार्यक्रम डॉ.रतन पाल सिंह को, निदेशक भंडार डॉ.अंजु दुबे को, उनकी जगह निदेशक संचारी डॉ.चंद्र शेखर को, निदेशक नर्सिंग डॉ.अनीता शर्मा, निदेशक चिकित्सा डॉ.शालिनी गुप्ता, निदेशक पीएचसी डॉ.श्याम सुंदर लाल और निदेशक स्वास्थ्य डॉ.भानु प्रताप सिंह कल्याणी को नियुक्त किया गया है।


# धर्म दर्शन

## इंद्रयुक्त उषा से जुड़े हुए सूर्यदेव



हे ऋत्विजों! आप घृत सिक्ता समिधा से यज्ञ में अग्नि को प्रज्वलित करें। श्रेष्ठ, भलीभांति प्रज्वलित, जाज्वल्यमान, सर्वज्ञ जातवेद, देदीप्यमान यज्ञाग्नि में शुद्ध पिघलते हुए घृत की आहुतियां प्रदान करें। हे अग्निदेव! आप पृथ्वी लोक में अग्निरूप, अंतरिक्षलोक में विद्युतरूप एवं द्युलोक में सूर्यरूप में सर्वत्र विद्यमान हैं। देवताओं के निमित्त यज्ञ संपादन के लिए उत्तम स्थान प्रदान करने वाली हे पृथ्वी! हम देवों को हवि प्रदान करने के लिए आपके ऊपर बनी हुई यज्ञ-वेदी पर अग्निदेव को प्रतिष्ठित करते हैं। इस अग्निस्थापन के द्वारा हम पुत्र, पौत्रादि तथा इष्ट-मित्रों से युक्त होकर द्युलोक के समान सुविस्तृत तथा यश, गौरव, ऐश्वर्य आदि से पृथ्वी के समान माहिमावान हों।

इस अग्नि का प्रकाशित तेज प्राण और अपान वायु के माध्यम से संपूर्ण प्राणियों में गतिशील रहता है। अत्यधिक सामर्थ्यशाली अग्निदेव, सूर्य के माध्यम से द्युलोक को आलोकित करते हैं। अग्नि तेज है तथा तेज अग्नि है, हम तेजरूपी अग्नि में हवि देते हैं। सूर्य ज्योति है एवं ज्योति सूर्य है, हम ज्योतिरूपी अग्नि में आहुति देते हैं। अग्नि वर्चस्व है और ज्योति वर्चस्व है, हम वर्चस्व रूपी अग्नि में हवन करते हैं। सूर्य ब्रह्मतेज का रूप है तथा ब्रह्मवर्चस्व सूर्यरूप है, हम उसमें हवि प्रदान करते हैं। ज्योति ही सूर्य है और सूर्य ही ज्योति है, हम उसमें इस मंत्र से आहुति समर्पित करते हैं। सविता देवता एवं इंद्रयुक्त रात्रि के साथ रहने वाले अग्निदेव इस आहुति को ग्रहण करें। सवितादेव के साथ इंद्रयुक्त उषा से जुड़े हुए सूर्यदेव को यह आहुति समर्पित है।



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

हे अग्निदेव! प्रातः, मध्याह्न, सायं-समयानुसार- उस गार्हपत्य अग्नि को अपना जनक मानते हुए पुनः प्रदीप्त होने के लिए, यज्ञकार्य के अंत में उसी गार्हपत्य अग्नि में आप पुनः प्रविष्ट हो जाएं। तदनंतर पुनः यज्ञ करने के लिए आप हमें समृद्ध करें। हे अग्निदेव! आप स्वभाव से ही होताओं के शरीर के रक्षक हैं। अतएव आप हमारे शरीर का पालन करें। हे अग्निदेव! आप आयुदाता हैं, इसलिए आप हमें आयु प्रदान करें। आप वैदिक अनुष्ठान से प्राप्त तेज को प्रदान करने वाले हैं, अतः हमें वर्चस्व प्रदान करें तथा हे अग्निदेव! हमारे शरीर के अंगों की अपूर्णता को दूरकर आप हमें सर्वांग संपन्न करें। हे अग्निदेव! आप सूर्य की तेजस्विता के साथ, ऋषियों के अनेक स्तोत्रों तथा प्रिय आहुतियों के साथ युक्त होते हैं। उसी प्रकार हम भी आपकी कृपा, दीर्घायु, विद्या तथा ऐश्वर्ययुक्त तेज, पुत्रादि तथा धन-धान्यादि पोषण से युक्त हों। हे गार्हपत्य अग्ने! जिस प्रकार पुत्र के लिए पिता बिना किसी बाधा के सहज प्राप्त होता है, उसी प्रकार आप भी हम यजमानों के लिए बाधारहित होकर सुखपूर्वक प्राप्त हों। आप हमारे कल्याण के लिए सदा हमारे निकट रहें। हम सुख प्राप्ति एवं अपने मित्रों के कल्याण की कामना करते हैं। आप हमें अपना सेवक समझ कर हमारी प्रार्थना सुनें तथा सभी दुष्ट शत्रुओं से हमारी रक्षा करें।

हे अदिति रूपी गौ! आप अदिति और आदित्य के समान हमारे यज्ञस्थल में आगमन करें। हे अभीष्ट गौ! आप यहां आएं एवं हमारे मनोरथ पूर्ण करें। मित्र (आत्मा) अर्यमन (हृदय) तथा वरुण देवताओं का तेजस्वी अमोघ संरक्षण हमें प्राप्त हो। अदिति पुत्र (मित्र, अर्यमन और वरुण) मनुष्य को अक्षय ज्योति प्रदान करते हैं, जो दीर्घ जीवन का आधार है। संपूर्ण जगत के जन्मदाता सविता (सूर्य) देवता की उत्कृष्ट ज्योति का हम ध्यान करते हैं, जो सभी सत्कर्मों को संपादित करने के लिए हमारी बुद्धि को प्रेरित करता है।

हे मरुदगणों! शत्रुओं को हिंसित करने वाले, हवि का भक्षण व सेवन करने वाले आपका हम आवाहन करते हैं। गांव में रहते हुए, जंगल में तथा सभास्थल पर जिह्वा आदि इंद्रियों द्वारा निंदित पदार्थों के सेवन से उत्पन्न, जिन पापों का आचरण हमने किया है, उन संपूर्ण पापों को हम इस आहुति द्वारा विनष्ट करते हैं। वीर पुरुषों की प्रशंसा करने वाले मंत्रों से (गाथा नराशंसी) तथा पितरों के तर्पण करने वाले स्तोत्रों से पितृलोक में गए हुए मन को हम शीघ्र ही यहां बुलाते हैं। यज्ञरूप सत्कर्म के लिए, कार्यों में दक्षता के लिए तथा चिरकाल तक सूर्यदेव का अवलोकन करने के लिए मेरा मन पुनः पुनः यज्ञकर्म में संलग्न हो। हे पितरों! आप की अनुज्ञा से देव-पुरुष हमारे मन को पुनः श्रेष्ठता के लिए प्रेरित करें। हम याजक आपके प्रसन्नतादायी कर्मों-व्रतों में संलग्न रहते हुए, आपके स्वरूप के ध्यान में चित्त को लगाए हुए अपने प्रजाजनों सहित जीवित व्यक्तियों, पशुओं आदि की सेवा करते रहें।

## दर्शन का मूल एकात्मा

आदिगुरु शंकराचार्य के दर्शन का मूल 'एकात्मा' है। उनके सभी ग्रंथों का मर्म भी एकात्मता है। आचार्य की दिग्विजय का उद्देश्य किसी भी धर्म या संप्रदाय का अपमान कदापि नहीं था। उनके मन में किसी भी संप्रदाय या समुदाय के प्रति द्वेष का भाव कदापि न था। उनका एक मात्र उद्देश्य विभिन्न भारतीय संप्रदायों, मतों, धर्मों में आई विकृतियों का समूल नाश था। "नागेन्द्रहाराय त्रिलोचनाय भस्माङ्गरागाय महेश्वराय।/नित्याय शुद्धाय दिगंबराय तस्मै 'न' का रायनमः शिवाय।। 1।। (जिनके गले मे नागों का हार है जिनके तीन नेत्र हैं, भस्म (शव-राख) ही जिनका अंगराग या अनु लेपन है और दिशाएं ही जिनका वस्त्र हैं, उन अविनाशी महेश्वर 'न' कार रूप शिव को नमन है।)

"मंदाकिनी सलिल चंदन चर्चिताय, नंदीश्वर प्रमथनाथ महेश्वराय।/ मंदारपुष्प बहुपुष्प सम्पूजिताः, तस्मै 'म' काराय नमः शिवाय।। 2।। गंगा जल और चंदन से जिनकी अर्चना (पूजा) होती है, मंदार के फूलों और अन्य बहुत से पुष्पों से जिनका संपूजन (विधिवत पूजन) होता है, उन नंदी (वृषभराज) एवं प्रमथनाथ (शिव आराधक देवगण) के अधिपति, 'म' कार स्वरूप महेश्वर को नमन है।) शिवाय गौरीवदनाब्जवृंद सूर्याय दक्षाध्वरनाशकाय। श्रीनीलकंठाय वृषध्वजाय तस्मै 'शि' काराय नमः शिवाय।। 3।। (गौरी मां के मुखकमल को सूर्य के समान तेजोदीप्त करने वाले, दक्ष के दम्भ यज्ञ काविध्वंस कराने वाले, वृषभध्वजाय श्री नीलकंठ, 'शि' से नामके प्रारंभ होने वाले भगवान शिव को नमन है।) वसिष्ठ कुम्भोद्भव गौतमार्य मुनींद्र देवार्चित शेखराय। चंद्रार्क वैश्वानर लोचनाय तस्मै 'व' काराय नमः शिवाय।। 4।। (वसिष्ठ, अगस्त्य, गौतम आदि श्रेष्ठ मुनियों तथा देवताओं द्वारा संपूजित देवाधिदेव! चन्द्रमा, सूर्य और अग्निदेव वैश्वानर जिनके तीन नेत्रों के समान हैं, उन 'व' कार स्वरूप भगवान शिव को नमन है।)




डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

"यज्ञस्वरूपाय जटाधराय पिनाकस्तनाय सनातनाय। दिव्याय देवाय दिगंबराय तस्मै 'य' कारायनमः शिवाय ।। 5।।" (हे यज्ञस्वरूप, जटाधारी औरपिनाक (शिवधनुष) धारी सनातन शिव! हे देवताओं के लिए भी दिव्य दिगंबर शिव! आपके "य" कार स्वरूप को नमन है। " पञ्चाक्छरमिदं पुण्यं यःपठेत शिवसन्निधौ। /शिवलोक वाप्नोति शिवेन सह मोदते।।" (जो कोई भी शिव के इस पञ्चाक्छर मंत्र का श्रद्धा पूर्वक पाठ करता है, वह भगवान शिव के पुण्य लोक में उनके सानिध्य में वास करता है।)

## काकड़ीघाट की पावन स्थली

उत्तराखंड की कंदराएं, गुफाएं कई ऋषि मुनियों की तपस्थली रही हैं। इन तपस्थलियों तक पहुंचने से पहले रास्ते में पड़े कई स्थान भी उनके पावन कदमों से पवित्र हो गए। भवाली से जब हम अल्मोड़ा की तरफ बढ़ते हैं तो लगभग 35 किलोमीटर आगे कोसी नदी के तट पर पेड़ों से अच्छादित एक रमणीक स्थल के दर्शन होते हैं। यह 'विवेकानंद तपस्थली पुण्य भूमि काकड़ीघाट' है। यह जगह अल्मोड़ा नैनीताल जिलों की सीमा पर पड़ती है और नैनीताल सीमा क्षेत्र के अंतर्गत आती है। एक शांत मनोरम स्थल जो कई सिद्ध पुरुषों की तपस्थली रहा है।




'उठो, जागो और कर्म करो' का मूल मंत्र देशवासियों को देने वाले स्वामी विवेकानंद जी के पावन चरण यहां पर पड़े थे। 1890 में जब स्वामी विवेकानंद अपने शिष्य स्वामी अखंडानंद के साथ बेल्लूर मठ से हिमालय यात्रा को निकले तो आराम करने के लिए यहां पर ठहर गए थे। स्नान करने के बाद यहां स्थित पीपल के पेड़ के नीचे बैठ गए और ध्यानरत हो गए। यहां पर उन्हें अनोखी ज्ञान की प्राप्ति हुई। अणु ब्रह्मांड और विश्व ब्रह्मांड का सार उन्हें यहीं प्राप्त हुआ। काकड़ी घाट को स्वामी जी की बोधगया भी कहते हैं। जैसे गौतम बुद्ध को गया में बोधिवृक्ष के नीचे ज्ञान प्राप्त हुआ था वैसे ही स्वामी जी को भी काकड़ीघाट स्थित पीपल के पेड़ के नीचे सिद्धि मिली।



अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

'अल्मोड़ा का आकर्षण' नाम की पुस्तिका में स्वामी जी ने इस बात का उल्लेख किया है। स्वामी जी आत्मा और परमात्मा की तुलना शब्द और अर्थ से करते हैं। अर्थात् जैसे परमात्मा बिना आत्मा का कोई मोल नहीं वैसे ही अर्थ के बिना शब्द का भी कोई भाव नहीं। स्वामी जी का अल्मोड़ा से विशेष संबंध रहा है। बाजार के मध्य में स्थित खजांची मोहल्ले में उन्होंने अल्मोड़ा की जनता को संबोधित भी किया था। 'कोलंबो से अल्मोड़ा के लिए' उनकी एक और पठनीय पुस्तक है जहां इन यात्राओं का वर्णन भी आता है। अपनी चौथी अल्मोड़ा यात्रा के दौरान उन्होंने यहां के प्रसिद्ध थॉमसन हाउस में निवास किया और प्रबुद्ध भारत पत्रिका का प्रकाशन भी दोबारा शुरू किया। स्वामी जी के अतिरिक्त चंद वंशीय राजाओं के समय में यहां हर्ष देवपुरी नाम के सिद्ध बाबा भी रहते थे। बताया जाता है कि वह शंकराचार्य के अनुयायी थे। इन्हें लोग गोसाईं बाबा के नाम से भी पुकारते थे। बाबा की समाधि आज भी वहां पर है। शिव और भैरव के मंदिर यहां पर हैं, आसपास के पेड़ों में बंदरों की बहुलता है। इसलिए मंदिर के द्वार हमेशा ढके रहते हैं। भक्त दर्शन करने के बाद मंदिर के दरवाजे बंद कर देते हैं। एक ध्यान कक्ष भी यहां पर दिखाई दिया जहां स्वामी विवेकानंद जी और स्वामी रामकृष्ण परमहंस के चित्र लगे हुए हैं। कोई भी साधक यहां पर ध्यान मग्न होकर अपार शांति की अनुभूति प्राप्त कर सकता है। पीपल के वृक्ष के पास लगे बोर्ड में समस्त जानकारी मिलती है जिसमें लिखा गया है कि स्वामी जी 21 अगस्त 1890 को यहां पर आए थे और उन्होंने रात्रि वास किया था। 2014 में वह चमत्कारी पीपल का वृक्ष सूख गया था और उसके स्थान पर एक नया वृक्ष लगाया है, जो अब पूरी तरह से पल्लवित होकर वृहद आकर ले रहा है। इस ज्ञानवृक्ष के नीचे बैठकर स्वामी जी को जो अनुभूति हुई थी, उसे उन्होंने अपने शिष्य के सामने अभिव्यक्त किया था, जो इस प्रकार है। अभी-अभी मैं अपने जीवन के एक महत्वपूर्ण क्षण से गुजरा हूं। इस पीपल वृक्ष के नीचे मेरे जीवन की एक महान समस्या का समाधान हो गया है। मैंने सूक्ष्म ब्रह्मांड और वृहद ब्रह्मांड के एकत्व का अनुभव किया है, जो कुछ ब्रह्मांड में है, वही इस शरीर रूपी पिंड में भी है। मैंने संपूर्ण ब्रह्मांड को एक परमाणु के अंदर देखा है।


सन् 1900 में सोमवारी बाबा भी यहां पर रहे और मान्यता है कि शिव ने उन्हें साक्षात दर्शन दिए थे। बाद में नीम करौली बाबा उनके शिष्य बने। सोमवारी बाबा दीन दुखियों के आश्रयदाता माने जाते थे।

यहां पहुंचने पर पहले नीम करौली बाबा का आश्रम पड़ता है और वहीं पर सोमवारी बाबा का मंदिर भी है। सामने कोसी नदी बहती है, जो शास्त्र में कौशिकी नाम से जानी जाती हैं। कोसी नदी का यहां पर संगम है जिस बारे में लोगों में भ्रांति है कि सील नदी के साथ कोसी का संगम होता है। जबकि सच्चाई यह है कि एक नाला यहां पर कोसी में समाहित होता है जिसमें पानी की अधिकता होने के कारण नदी की तरह स्वभाव प्रतीत होता है। बताया जाता है कि सोमवारी बाबा ने ही इसे निषिद्ध करवाया था। समय के साथ-साथ आश्रम में काफी बदलाव आ गया है। हालांकि सोमवारी बाबा की श्रद्धा के अंश शिवलिंग और धूनी आदि से छेड़छाड़ नहीं की गई है।

# प्रदेश

## संगम में आस्था की डुबकी के साथ माघ मेला की शुरुआत

संवाददाता, प्रयागराज



मकर संक्रांति के अवसर पर सोमवार को प्रयागराज के संगम तट पर स्नान करने के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़।

**अमृत विचार :** गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती नदी के पावन संगम में स्नान के साथ माघ मेला सोमवार से शुरू हो गया। मेलाधिकारी दयानंद प्रसाद के मुताबिक, सोमवार शाम छह बजे तक लगभग 21 लाख श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाई। उन्होंने बताया कि रविवार की रात से ही श्रद्धालुओं का मेला क्षेत्र में आना जारी रहा जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे शामिल हैं।

पूरे मेला क्षेत्र में जगह जगह लोगों ने स्नानार्थियों के बीच खिचड़ी का प्रसाद वितरण किया गया। तीर्थ पुरोहित आचार्य राजेंद्र मिश्र ने बताया कि मकर संक्रांति में स्नान का मुहूर्त रविवार रात्रि दो बजकर 42 मिनट पर सूर्य के धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश के साथ शुरू हुआ और यह सोमवार सूर्यास्त तक रहा। उन्होंने बताया कि चूंकि माघ मेला सर्दी के मौसम का मेला है, इसलिए कड़ाके की ठंड पड़ने के बावजूद स्नानार्थियों के उत्साह में कोई कमी नहीं रही और

**▸▸ मकर संक्रांति पर करीब 21 लाख श्रद्धालुओं ने किया स्नान**

लोग तड़के से ही स्नान कर पुण्य के भागी बने।

मिश्र ने बताया कि मान्यता है कि प्रयागराज के माघ मेले में मकर संक्रांति पर गंगा स्नान के लिए सभी 33 कोटि देवी-देवता भी अदृश्य रूप में यहां आते हैं। इसलिए देश के कोने कोने से लोग गंगा यमुना और अदृश्य सरस्वती की पावन धारा में डुबकी लगाकर पुण्य लाभ अर्जित करते हैं। जिला प्रशासन के एक अधिकारी ने बताया कि स्नान के दौरान किसी तरह की अनहोनी से बचने के लिए 11वीं वाहिनी एनडीआरएफ वाराणसी की दो टीमें घाटों पर तैनात की गई हैं। मेलाधिकारी प्रसाद ने बताया कि माघ मेले को 786 हेक्टेयर क्षेत्रफल में आयोजित किया गया है और पांच सेक्टरों में बांटा गया है। उनके मुताबिक, श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आठ प्रमुख घाट बनाए गए हैं जिनकी लंबाई लगभग 3300 फुट है और आगे स्नान पर्वों पर इन घाटों की संख्या बढ़ाई जाएगी।

## बेटियों का निकाह बालिग होते ही कर दें : कादरी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**▸▸ मुस्लिम लड़कियों के गैर मुस्लिमों से विवाह के बढ़ते मामलों पर जताई चिंता**

**▸▸ मुस्लिम समाज के जिम्मेदार बेटियों को गैरों से बचाने के लिए आगे आएं**

**अमृत विचार :** मुस्लिम लड़कियों के गैरमुस्लिम लड़कों से शादी के बढ़ते मामलों पर फिक्र जताते हुए दरगाह आला हजरत के सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन रजा कादरी अहसन मियां ने मुसलमानों को हिदायत दी है कि वे बेटी-बहनों पर कड़ी निगाह रखें और बालिग होते ही उनकी शादी कर दें। उन्होंने कहा कि निकाह में देरी बेटियों के गलत कदम उठाने की सबसे बड़ी वजह है, इसलिए मुसलमानों को सतर्क रहने की जरूरत है।

अहसन मियां ने सोमवार को जसोली के मदरसा रहमानिया नूरिया में आयोजित छात्रों की दस्तारबंदी के दौरान दौरान मुसलमानों को यह संदेश दिया। उन्होंने कहा कि एक बड़ी साजिश के तहत मुसलमान लड़कियों को बहला-फुसलाकर उनका धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है। ऐसे में पिता और भाइयों को अपनी बहन-बेटियों पर कड़ी निगाह रखनी होगी। मुस्लिम समाज के जिम्मेदार लोगों की भी सबसे बड़ी जिम्मेदारी बनती है कि वे अपनी बेटियों को गैरों के चंगुल से बचाने के लिए आगे आएं।

उन्होंने कहा कि निकाह में देरी बेटियों के बहकने की सबसे बड़ी वजह है, इसलिए जरूरी है कि बालिग होते ही अच्छा रिश्ता देखकर उनका निकाह कर दिया जाए। सज्जादानशीन ने इसके अलावा शादियों में फिजूलखर्ची और गैर शरई रस्मों को भी इसका कारण बताया। कहा कि लड़कियों को अच्छी परवरिश देकर भी उन्हें गलत कदम उठाने से बचाया जा सकता है। दरगाह के मीडिया प्रभारी नासिर कुरैशी ने बताया कि मुफ्ती अहसन मियां ने दस्तारबंदी के दौरान यह भी अपील की कि मुसलमान भले ही आधी रोटी खाएं लेकिन बच्चों को तालीम जरूर दिलाएं।


## वर्ग पहेली-314

**बाएं से दाएं**

4.1. जन के लिए उपयोगी, लोकोपयोगी 2. जनसाधारण के लिए हितकर।
5.1. एक प्रकार का पकवान 2. एक प्रकार की मीठी मठरी।
6.1. शिष्टाचार, शिष्टाचार की मर्यादा 2. बड़ों का आदर-सम्मान, उनके प्रति विनीत व्यवहार 3. साहित्य 4. कायदा, नियम 5. प्रज्ञा, विवेक।
7.1. उड़ने की क्रिया या भाव 2. उड़ान
10.1. किसी के साथ रहना, एकत्र बसना, एक ही आवास में साथ-साथ रहना 2. काम-क्रीड़ा, रति, संभोग।

**ऊपर से नीचे**

1.1. अत्यंत मज़बूत 2. वज्र के समान कठोर 3. पक्का; दृढ़।
2. राजा का पुत्र, राजकुमार।
3.1. सुंदर, आकर्षक 2. प्रेमी, मौजी 3. हंसमुख
6. संख्या '38' का सूचक।
8.1. हिमालय की एक चोटी जो तीर्थस्थल के रूप में विख्यात है 2. (पुराण) शिव का वासस्थान।
9.1. ओष्ठ, होंठ 2. घड़े आदि के मुंह का किनारा, कोर।




### वर्ग पहेली - 313 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 डो | ड़ा | | | | 2 धे |
| | | 3 कों | 4 क | टे | ल |
| | 5 गे | | लु | | चा |
| 6 म | र | णे | ष | णा | |
| | मा | | | | 7 त |
| | मू | | 8 पि | शा | च |
| 9 शा | ली | न | ता | | ना |

## सुडोकू -31

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 4 | | 7 | | 1 | | 9 |
| | 2 | | | | | 7 | | 4 |
| | | 9 | | 8 | 3 | 6 | | |
| | 8 | | 9 | | | 5 | | 6 |
| | | | | | | | | |
| 6 | | 3 | | | 4 | | 7 | |
| | | 7 | 5 | 6 | | 9 | | |
| 9 | | 8 | | | | | 2 | |
| 3 | | 1 | | 4 | | 8 | | 7 |

### सुडोकू - 30 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 1 | 3 | 9 | 4 | 2 | 6 | 7 | 8 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 4 | 3 |
| 6 | 4 | 2 | 3 | 8 | 7 | 9 | 5 | 1 |
| 7 | 3 | 6 | 4 | 5 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 6 | 3 | 1 | 7 | 9 | 5 |
| 1 | 9 | 5 | 7 | 2 | 8 | 3 | 6 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 8 | 6 | 4 | 2 | 9 | 3 | 5 | 1 | 7 |
| 2 | 7 | 1 | 8 | 6 | 5 | 4 | 3 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं. डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 16 जनवरी, मंगलवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-पौष, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-षष्ठी 23.57 तक तत्पश्चात सप्तमी।

**मेष** – आज जॉब को लेकर यात्रा करनी पड़ेगी। राजनीति से जुड़े लोगों को कठिनाई होगी। महंगी वस्तुओं की खरीदारी कर रहे हैं, तो बजट का ध्यान अवश्य रखें। अपमानजनक स्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं। स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही न करें।

**वृष** – आज भाग्य का साथ मिलने से अचानक महत्वपूर्ण मौके मिल सकते हैं। निवेश के मामले में दिन बहुत शुभ है। शेयर मार्केट से काफी अच्छा लाभ कमा सकते हैं। छात्र अपनी पढ़ाई को लेकर काफी सतर्क रहेंगे। संतान को लेकर समस्या दूर होगी।

**मिथुन** – आज आर्थिक मामलों में किसी पर भरोसा न करें। व्यापार में नई तकनीक का प्रयोग सीख सकते हैं। प्रेमी जन को प्रपोज कर सकते हैं। मित्रों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। आईटी और बैंक से जुड़े लोगों को करियर में उत्तम परिणाम मिलेंगे।

**कर्क** – आज विरोधी पक्ष आपके प्रति परेशानी खड़ी कर सकते हैं। अचानक विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। शाम को परिजनों के साथ विशिष्ट विषयों पर चिंतन-विमर्श करेंगे। आप समय का भरपूर लाभ उठायेंगे।

**सिंह** – आज घर की साफ-सफाई का ध्यान रखें। जोड़ों में दर्द की समस्या हो सकती है। आलस्य में आपको समय बर्बाद नहीं करना चाहिए। बुरी संगति से दूर रहें। जीवनसाथी आपसे शिकायत कर सकता है। बीमा संबंधित कारोबार से धन लाभ मिलेगा।

**कन्या** – आज विरोधियों के ऊपर हावी रहेंगे। छात्र करियर को लेकर काफी उत्साहित रहेंगे। व्यापार में आपको उत्तम धन लाभ प्राप्त होगा। आपके सभी काम शांतिपूर्वक पूर्ण होंगे। परिवार का खर्च बढ़ेगा। दांपत्य जीवन में रोमांस का आनंद उठाएंगे।

**तुला** – आज उच्च पद मिलने की संभावना बन रही है। नए प्रेम संबंध विकसित हो सकते हैं। आपका सामाजिक दायरा बढ़ेगा। शाम को परिवार के साथ शॉपिंग करने के लिए जा सकते हैं। भावनाओं में आकर ज्यादा खर्च न करें।

**वृश्चिक** – आज व्यापार को लेकर कुछ चिंतित रहेंगे। ऑफिस टीमवर्क के साथ काम करने से लाभ मिलेगा। आप भौतिक सुख-सुविधाओं पर जरूरत से ज्यादा धन खर्च कर सकते हैं। अत्यधिक दिखावे से आपको बचना चाहिये।


**धनु** – आज पुरानी उधारी चुकाने का दबाव रहेगा। जीवनसाथी आपसे प्रसन्न रहेंगे। मित्रों के लिए उपहार खरीद सकते हैं। स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही बिल्कुल भी न करें। अपनी कमियों से सीखने का प्रयास करें। मित्रों के साथ बहसबाजी में न पड़ें।

**मकर** – आज धर्म-कर्म में आपकी स्वाभाविक रुचि और बढ़ेगी। धन को लेकर उलझे मामले सुलझ सकते हैं। जॉब में बदलाव करने का प्रयास करेंगे। दाम्पत्य सम्बन्धों में प्रेमभाव बढ़ेगा। बच्चों के साथ अच्छा समय बिताएगे।

**कुंभ** – आज परोपकार के कार्यों में मन लगाएं। आपकी दिनचर्या काफी अस्त-व्यस्त रहेगी। घरवालों के साथ समय बिताने का प्रयास करेंगे। मार्केटिंग से जुड़े कार्यों में लाभ मिलेगा। फाइनेंस से जुड़े मामलों में हानि हो सकती है।

**मीन** – आज नई योजना बनाने के लिए समय उत्तम है। कुछ नया सीखने को प्राप्त होगा। आप फर्जी फोन कॉल्स से सावधान रहें। ऑफिस की राजनीति से स्वयं को दूर रखें। फ्रेशर्स को कार्यक्षेत्र में काफी अच्छा सम्मान मिलेगा।

## आज का पंचांग




मुहूर्त-अभिजित-11.55-12.37 तक। दुर्मुहूर्त अशुद्ध-09.04-09.47, 22.56-23.49 तक। दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-शिशिर। चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन। ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-उत्तर भाद्रपद 17 जनवरी 04.38 तक तत्पश्चात रेवती।

## आज की फिल्में

| | |
|---|---|
| शक्ति द पावर | सुबह : 11.34 |
| एक से बुरे दो | रात : 07.09 |
| 3 इडियट्स | सुबह : 09.04 |
| सरबजीत | रात : 10.00 |
| जर्नी 2 | सुबह : 09.50 |
| सुसाइड स्क्वाड | रात : 08.45 |
| वक्त | सुबह : 10.30 |
| काइट्स | रात : 07.30 |
| ब्लू | सुबह : 10.24 |
| डूप्लीकेट | रात : 09.40 |

### आज की सुपरहिट फिल्म




सोनी मैक्स पर सुबह-09.04 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी मायके से-कैसे हो?
पति – ठीक हूं
पत्नी- जब मेरी याद आती है तो क्या करते हो?
पति – तुम्हारी पसंदीदा आइसक्रीम केसर पिस्ता या अमूल नट्स खा लेता हूं और मेरी याद आने पर तुम क्या करती हो?
पत्नी- मैं भी 'रॉयल स्टेज' काक्वाटर और तीन सिगरेट पीकर एक रजनीगंधा खा लेती हूं।

सास (दामाद से)- आप काम क्या करते हैं?
दामाद- जी मैं पायलट हूं।
सास- अच्छा कौन-सी एयरलाइंस में पायलट हैं?
दामाद- अरे मैं वो शादियों में ड्रोन उड़ाता हूं।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 995 फ्लैग 1115 डीएमओ 815 बोल्ड 1155, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 980 फ्लैग 1110 बोल्ड 1150 डीएमओ 900।


## कानपुर मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूंदड़ा | 2525-2550 |
| आरआर 21 | 2700-2750 |
| गेहूंफारम | 2800-2850 |
| जौ | 2000-2100 |
| ज्वार | 2600-4000 |
| बाजरा | 2125-2175 |
| मकाई | 2000-2200 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| चना | 5200-5400 |
| अरहर | 7500-8000 |
| मसूर | 5500-5600 |
| मटर | 4400-4500 |
| उड़दहरा | 10000-10200 |
| उड़दकाला | 6000-8000 |
| मूंग | 8500-8800 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहरफूल | 14000-14200 |
| अरहरस्पेशल1 | 11800-12000 |
| चनादाल | 6700-6800 |
| मटरदाल | 5600-5700 |
| मसूरमलका | 7000-7100 |
| मसूरदाल | 5600-5700 |
| उड़ददाल | 9000-12000 |
| उड़द धोवा | 10500-13000 |
| मूॅंगदाल | 8800-10300 |
| मूॅंग धोवा | 9800-11500 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000-2300 |
| बासमती नं.1 | 8500-10000 |
| सेला | 2500-3000 |
| बासमती नं.2 | 6500-7500 |
| **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** | |
| आटा | 1490-1550 |
| मैदा | 1475-1520 |
| सूजी | 1500-1550 |
| **चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)** | |
| शाहपसंद | 1430-1475 |
| **तिलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लाही | 5050-5100 |
| अलसी | 4500-4600 रुपये। |

# 759 अंक की छलांग और बना नया रिकॉर्ड

## सेंसेक्स 73,327 अंक के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर हुआ बंद, निफ्टी भी 22 हजार के पार

**मुंबई, एजेंसी**



सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों, रिलायंस और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में जोरदार लिवाली से स्थानीय शेयर बाजारों ने सोमवार को भी रिकॉर्डतोड़ प्रदर्शन जारी रखा। तेजी के सिलसिले के बीच सेंसेक्स पहली बार 73,000 अंक के स्तर से ऊपर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 22,000 अंक के स्तर को पार कर गया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स लगातार पांचवें सत्र में बढ़त में रहा और 759.49 अंक यानी 1.05 प्रतिशत उछलकर 73,327.94 के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर बंद हुआ। दिन में कारोबार के दौरान एक समय यह 833.71 अंक तक चढ़कर 73,402.16 के सर्वकालिक उच्चस्तर तक पहुंचा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 202.90 अंक यानी 0.93 प्रतिशत चढ़कर 22,097.45 के नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ।

कारोबार के दौरान यह 221 अंक बढ़कर 22,115.55 के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर तक गया। उम्मीद से बेहतर तीसरी तिमाही के नतीजों के बाद आईटी क्षेत्र की दिग्गज कंपनियों इन्फोसिस, टीसीएस, विप्रो और एचसीएल टेक ने इस तेजी की अगुवाई की। आईटी शेयरों में जोरदार तेजी से सूचकांकों को नए रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंचने में मदद मिली। तेल एवं गैस और ऊर्जा क्षेत्र के शेयरों ने भी तेजी को बढ़ावा दिया। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा-आईटी कंपनियों के नए सौदे मिलने और खर्च बढ़ने की उम्मीद से इनके शेयरों में आई खरीदारी ने बाजार को रफ्तार दी। इसके अलावा फेडरल रिजर्व के ब्याज दर कम करने की संभावना से अमेरिका बॉन्ड का प्रतिफल भी घट गया। सेंसेक्स की कंपनियों में विप्रो ने छह प्रतिशत से अधिक की लंबी छलांग लगाई। एचसीएल टेक, एचडीएफसी बैंक, इन्फोसिस, टेक महिंद्रा, भारती एयरटेल और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में भी तेजी रही।

### निवेशकों की पूंजी 9.68 लाख करोड़ रुपये बढ़ी

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में लगातार पांच सत्रों से जारी तेजी के बीच निवेशकों की पूंजी 9.68 लाख करोड़ रुपये बढ़कर अबतक के रिकॉर्ड 376 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गई। बीएसई का मानक सूचकांक सेंसेक्स सोमवार को 759.49 अंक यानी 1.05 प्रतिशत उछलकर 73,327.94 अंक के सर्वकालिक उच्चस्तर पर बंद हुआ। यह सेंसेक्स में तेजी का लगातार पांचवां सत्र रहा। इन पांच सत्रों में सेंसेक्स ने कुल 1,972.72 अंक यानी 2.76 प्रतिशत की जोरदार छलांग लगाई है। तेजी के इस दौर में बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का सम्मिलित बाजार पूंजीकरण 9,68,544.93 करोड़ रुपये बढ़ गया। इस तरह कुल बाजार मूल्यांकन 3,76,09,510.01 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

# देश में 25 करोड़ लोग गरीबी से निकले

**नई दिल्ली, एजेंसी**

### नीति आयोग का दावा



भारत में पिछले 9 वर्ष में गरीबी दूर करने के प्रयासों में बड़ी कामयाबी हासिल हुई और इस काल-खंड में देश 24.82 करोड़ लोगों को बहुआयामी गरीबी से बाहर निकालने में सफल हुआ है। नीति आयोग की एक परिचर्चा पत्र के इस निष्कर्ष का ब्योरा देते हुए सोमवार को कहा गया है कि 2013-14 से 2022-23 के दौरान आबादी में गरीबों का अनुपात तेजी से घट कर 29.17 प्रतिशत की जगह 11.28 प्रतिशत पर आ गया।

उल्लेखनीय है कि यह काल-खंड प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार है और इस दौरान देश ने कारोबार में आसानी लाने के मामले में उल्लेखनीय प्रगति की है और विश्व बैंक के ईज आफ डूइंग बिजनेस सूचकांक में ऊंची छलांग लगाई है। इसी अवधि में अर्थव्यवस्था को नोटबंदी और अभूतपूर्व वैश्विक कोविड19 महामारी का भी सामना करना पड़ा है। विज्ञप्ति में 2005-06 से अब तक भारत में बहुआयामी गरीबी शीर्षक इस चर्चा पत्र में कहा गया है कि यह सफलता गरीबी के सभी पहलुओं से निपटने के लिये केंद्र सरकार द्वारा उठाए गए विभिन्न महत्वपूर्ण कदमों के कारण प्राप्त हुई है। कहा गया है कि इस रफ्तार से भारत बहुआयामी गरीबी को आधा करने के अपने स्वस्थ विकास के लक्ष्य (एसडीजी) को 2030 से पहले हासिल कर सकता है। बहुआयामी गरीबी सूचकांक (एमपीआई) एक विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त एक मापक है जो गरीबी को मौद्रिक पहलुओं अलावा भी उसके कई आयामों के आधार पर मापता है।

### उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा गिरावट दर्ज की गई

नीति आयोग के अनुसार-भारत में बहुआयामी गरीबी में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई है, जो 2013-14 में 29.17 प्रतिशत से घट कर 2022-23 में 11.28 प्रतिशत हो गई।" यानी इस अवधि में आबादी में गरीबी में रह रहे लोगों का हिस्सा प्रति सैकड़ा 17.89 अंक घटा। पिछले नौ वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश में 5.94 करोड़ लोगों के बहुआयामी गरीबी से बाहर निकलने के साथ गरीबों की संख्या में सबसे बड़ी गिरावट दर्ज की गई है, इसके बाद बिहार (3.77 करोड़), मध्य प्रदेश (2.30 करोड़) और राजस्थान (1.87 करोड़) का स्थान है।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉंदी 999 (प्रति किलो) | 74,200 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,325 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,900-48,100 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 63,900 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 63,750 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 74,300 |
| चांदी तैयार | 74,400 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 63,850 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 62,850 |
| चांदी पक्की | 733 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 63,950 |
| चांदी आभूषण | 74,100। |

## सोना 150 रुपये मजबूत, चांदी में 300 रुपये का उछाल

**नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर बहुमूल्य धतुओं की कीमतों में उछाल के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को सोने का भाव 150 रुपये की तेजी के साथ 63,550 रुपये प्रति 10 ग्राम पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 63,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 300 रुपये के उछाल के साथ 76,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 76,400 रुपये प्रति किलोग्राम पर रही थी।

## आवास वित्त कंपनियों के लिए जमा लेने से संबंधित मानकों में सख्ती का प्रस्ताव

**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोमवार को आवास वित्त कंपनियों (एचएफसी) के लिए जमा स्वीकार करने से संबंधित मानदंड कड़े करते हुए जमा की परिपक्वता अवधि को घटाकर पांच साल करने और देनदारियां चुकाने के लिए तरल संपत्ति रखने की जरूरत बढ़ाने का प्रस्ताव रखा।

आवासीय क्षेत्र को वित्त मुहैया कराने वाली एचएफसी को 12 महीने या उससे अधिक की अवधि के बाद भुगतान-योग्य सार्वजनिक जमा स्वीकार करने या नवीनीकृत करने की अनुमति फिलहाल मिली हुई है। लेकिन ऐसी जमा 120 महीने से अधिक की नहीं हो सकती है। आरबीआई के मुताबिक-अब यह निर्णय लिया गया है कि एचएफसी द्वारा स्वीकार या नवीनीकृत की गई सार्वजनिक जमा राशि 12 महीने या उससे अधिक की अवधि के बाद चुकानी होगी लेकिन 60 महीने के बाद नहीं। साठ महीने से अधिक की परिपक्वता वाली मौजूदा जमा उनके मौजूदा पुनर्भुगतान प्रोफाइल के आधार पर भुगतान की जाएगी। यदि उनकी साख रेटिंग न्यूनतम निवेश ग्रेड से नीचे है, तो ऐसे एचएफसी मौजूदा जमा को नवीनीकृत नहीं करेंगे।

## देश का निर्यात दिसंबर में एक प्रतिशत बढ़कर 38.45 अरब डॉलर पर

**नई दिल्ली।** देश का निर्यात दिसंबर 2023 में एक प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 38.45 अरब डॉलर रहा। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। हालांकि, पिछले महीने आयात 4.85 प्रतिशत घटकर 58.25 अरब डॉलर रह गया। चालू वित्त वर्ष 2023-24 के पहले नौ माह अप्रैल-दिसंबर में निर्यात 5.7 प्रतिशत घटकर 317.12 अरब डॉलर रहा है। इस अवधि में आयात में 7.93 प्रतिशत की गिरावट आई है और यह 505.15 अरब डॉलर रहा है। वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने कहा कि देश का निर्यात का आंकड़ा सकारात्मक रहा है।

## देश की आर्थिक बुनियाद बाहरी झटके झेलने के बावजूद मजबूत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

▸▸ **एमपीसी की सदस्य आशिमा गोयल बोलीं**



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की सदस्य आशिमा गोयल ने सोमवार को कहा कि 2020 के बाद से गंभीर बाहरी झटकों का सामना करने के बावजूद भारत की वृहद-बुनियाद मजबूत बनी हुई है। गोयल ने साक्षात्कार में कहा कि देश की आर्थिक विविधता, पर्याप्त भंडार और व्यवहार्य सुधारों ने नीतियों को मुद्रास्फीति से निपटने में सक्षम बनाया है। अधिक से अधिक कंपनियों तथा उपभोक्ताओं के मुद्रास्फीति कम करने के लक्ष्य से आगे बढ़ने से अर्थव्यवस्था के इस साल केंद्रीय बैंक के चार प्रतिशत के चार प्रतिशत के लक्ष्य पर पहुंचने की उम्मीद है।

उन्होंने कहा-2020 के बाद से गंभीर बाहरी झटके (रूस-यूक्रेन युद्ध, इज़राइल-हमास युद्ध, तेल की कीमतें, हुती हमले) आए हैं। इनके बावजूद इस अवधि में भारत की आर्थिक बुनियाद मजबूत हुई हैं।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### दुष्कर्म के आरोपी वकील के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी

**कोच्चि।** केरल पुलिस ने एक महिला से कई बार दुष्कर्म करने के आरोपी पूर्व वरिष्ठ सरकारी वकील के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने शिकायत के हवाले से बताया कि आरोपी ने अपराध को अपने कार्यालय और महिला के आवास पर अंजाम दिया था। पुतेनक्रूज के पुलिस उपाधीक्षक ने बताया कि केरल उच्च न्यायालय द्वारा आत्मसमर्पण करने के लिए तय तारीख 12 जनवरी बीतने के बाद 14 जनवरी को आरोपी वकील पी.जी.मनु के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया गया।

### उदयनिधि स्टालिन के खिलाफ समन जारी

**पटना।** बिहार में पटना की एक विशेष अदालत ने सनातन धर्म पर की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर तमिलनाडु के युवा कल्याण एवं विकास विभाग के मंत्री उदयनिधि स्टालिन के खिलाफ दाखिल मुकदमे में उनकी उपस्थिति के लिए आज समन जारी किया। सांसदों एवं विधायकों के मामलों की सुनवाई के लिए गठित विशेष न्यायालय की न्यायाधीश सारिका बहालिया की अदालत ने पटना उच्च न्यायालय के वकील डॉ. कौशलेंद्र नारायण तथा महावीर स्थान न्यास समिति के सचिव एवं भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के पूर्व अधिकारी आचार्य किशोर कुणाल की ओर से दाखिल किए गए दो शिकायती मुकदमों को संज्ञान लेने के बाद आज यह समन जारी किया है।

### मणिपुर में यिंगांगपोकपी मार्ग किया गया अवरुद्ध

**इंफाल।** मणिपुर की राजधानी इंफाल के सबुंगखोक खुनौ में सेना के जवानों द्वारा दस महिलाओं पर कथित हमले के विरोध में स्थानीय लोगों ने सोमवार को इंफाल-यिंगांगपोकपी मार्ग को अवरुद्ध कर दिया। आंदोलनकारियों ने आरोप लगाया कि संदिग्ध हथियारबंद कूकी बदमाशों ने ग्रामीणों पर हमला करना शुरू कर दिया और 20 जाट रेजिमेंट के जवानों ने उन्हें सुरक्षा नहीं दी। इलाके की महिलाओं और सैनिकों के बीच टकराव शुरू हो गया जिसके बाद सेना के जवानों ने महिलाओं पर हमला कर दिया। अधिकांश घायल महिलाओं का इंफाल के दो अलग-अलग अस्पतालों में इलाज चल रहा था।

# मणिपुर को शांतिपूर्ण बनाना चाहता हूं: राहुल

## कांग्रेस न्याय यात्रा का दूसरा दिन: मुख्य मार्ग पर लोगों ने समर्थन में लगाए नारे

**सेनापति (मणिपुर), एजेंसी**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दूसरे दिन सोमवार को कहा कि उनकी पार्टी मणिपुर के लोगों के साथ खड़ी है और राज्य को फिर से शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण बनाना चाहती है। गांधी ने वॉल्वो बस में सोमवार सुबह आगे की यात्रा शुरू की। वह कुछ दूर पैदल भी चले। उन्होंने लोगों से मुलाकात कर उनसे उनकी समस्याओं के बारे में पूछा।

जब गांधी की बस यहां के कई व्यस्त इलाकों से गुजरी, तो ज्यादातर महिलाओं और बच्चों समेत कई लोग यात्रा मार्ग पर कतार में खड़े रहे और उन्होंने गांधी के समर्थन में नारे लगाए। गांधी ने सेनापति में अपनी बस के ऊपर खड़े होकर लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस ने कन्याकुमारी से कश्मीर की यात्रा की और इसका मकसद लोगों को एकजुट करना था। उन्होंने कहा कि यह एक बहुत सफल यात्रा थी और इस दौरान वह 4,000 किलोमीटर पैदल चले। कांग्रेस नेता ने कहा-हम पूर्व से पश्चिम तक एक और यात्रा करना चाहते थे और हमने तय किया कि मणिपुर से यात्रा शुरू करना सबसे प्रभावशाली बात होगी। इससे भारत के लोगों को पता चल सकेगा कि मणिपुर के लोग किस दौर से गुजर रहे हैं, उन्हें किस कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।



**इंफाल पश्चिम :** मणिपुर में सोमवार को सेकमाई गांव में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी स्वागत करतीं युवतियां। ● एजेंसी

### राहुल गांधी ने लोगों से बातचीत की

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दूसरे दिन की शुरुआत सोमवार को यहां सेकमाई से की और उन्होंने रास्ते में उनके स्वागत के लिए कतार में खड़े लोगों से बातचीत की। गांधी ने आवश्यकता के अनुरूप परिवर्तित की गई वोल्वो बस में यात्रा शुरू की। वह कुछ दूर पैदल भी चले। उन्होंने लोगों से मुलाकात कर उनसे उनकी समस्याओं के बारे में पूछा। गांधी की बस यहां के कई व्यस्त इलाकों से गुजरी।

### सीआरपीएफ की महिला टीम ने दिखाया कौशल...



नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड 2024 के लिए रिहर्सल के दौरान सीआरपीएफ डेयरडेविल्स की एक महिला टीम ने दिखाया अपना कौशल। ● एजेंसी

## एमटीएचएल कार्यक्रम के दौरान करीब 1300 लोग हुए बीमार

**मुंबई, एजेंसी**

▸▸ **रायगढ़ जिले के स्वास्थ्य अधिकारियों ने दी जानकारी**

मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक (एमटीएचएल) के उद्घाटन समारोह में उपस्थित एक लाख से अधिक लोगों में से लगभग 1,300 लोग लंबे समय तक गर्मी के संपर्क में रहने के बाद निर्जलीकरण और सिरदर्द के कारण बीमार पड़ गए। यह जानकारी रायगढ़ जिले के स्वास्थ्य अधिकारियों ने दी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 12 जनवरी को देश के सबसे लंबे समुद्री पुल 'एमटीएचएल' का उद्घाटन किया था और नवी मुंबई में एक जनसभा को संबोधित किया था। रायगढ़ जिले के सिविल सर्जन डॉ. नितिन देवमाणे ने सोमवार को कहा कि नवी मुंबई कार्यक्रम के बाद लगभग 1,300 लोगों के बीमार होने की सूचना है। डॉ. देवमाणे ने कहा-उम्मीद है कि ऐसे बड़े आयोजनों के दौरान कुछ लोग बीमार पड़ सकते हैं। यदि ऐसे खुले में होने वाले आयोजनों में भाग लेने वाले 1-2 प्रतिशत लोगों को निर्जलीकरण, सिरदर्द, मतली आदि जैसी कुछ दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, तो इसे हमारे पेशे में सामान्य माना जाता है।

उन्होंने कहा कि नवी मुंबई कार्यक्रम के बाद लगभग 1,300 लोगों के बीमार होने की सूचना है। उन्होंने बताया कि दो व्यक्तियों को एक दिन के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया और अगले दिन छुट्टी दे दी गई। डॉ. देवमाणे ने यह भी कहा कि जिला प्रशासन और राज्य आपदा प्रबंधन विभाग ने अत्यधिक सावधानी बरती थी, जिसमें अतिरिक्त बिस्तरों की व्यवस्था करना, लगभग 70 एम्बुलेंस तैनात करना और सभी चिकित्सा अधिकारी एहतियात के तौर पर ड्यूटी पर थे। उन्होंने कहा-हमने सभी का उचित तरीके से इलाज किया। दो व्यक्तियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया और अगले दिन छुट्टी दे दी गई। महाराष्ट्र आपदा प्रबंधन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि जिन व्यक्तियों ने निर्जलीकरण की शिकायत की, उन्हें ओआरएस पानी, ग्लूकोज और हल्का भोजन दिया गया ताकि वे बेहतर महसूस करें। उन्होंने कहा-ऐसे आयोजनों में लोग जल्दबाजी में आते हैं और कभी-कभी वे अपने साथ पानी की बोतलें नहीं रखते हैं। ऐसी स्थितियों में, उन्हें निर्जलीकरण और कुछ समय के लिए सिरदर्द से पीड़ित होने की अधिक आशंका होती है।

## शरजील के मामले में पुलिस को चार्ट पेश करने का निर्देश

**नई दिल्ली, एजेंसी**

### दिल्ली दंगा मामला

दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को राजधानी की पुलिस से एक चार्ट दाखिल करने के लिए कहा ताकि वर्ष 2020 के सांप्रदायिक दंगों के पीछे की बड़ी साजिश से जुड़े यूएपीए मामले में गिरफ्तार छात्र कार्यकर्ता शरजील इमाम की भूमिका को सह आरोपी नताशा नरवाल, देवांगना कलिता और आसिफ इकबाल तन्हा से अलग किया जा सके।

न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्ति मनोज जैन की पीठ ने कहा कि चार्ट में पुलिस आरोपी के इतिहास, उसकी भूमिका और उसके मामले को दूसरों से अलग करने वाले अन्य विवरणों का उल्लेख कर सकती है। पीठ ने मामले में जमानत की मांग करने वाली इमाम शरजील की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया। अदालत इस मामले में अब अगली सुनवाई 19 फरवरी को करेगी। इमाम ने समानता के आधार पर जमानत की मांग करते हुए कहा कि प्राथमिकी में नामित 18 आरोपियों में से छह को पहले ही राहत दी जा चुकी है।

## औरंगाबाद में कार पार्किंग को लेकर हुए विवाद में चार लोगों की मौत

**औरंगाबाद।** बिहार के औरंगाबाद जिले में सोमवार को कार पार्किंग को लेकर हुए विवाद में चार लोगों की मौत हो गई । अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मोहम्मद अमानुल्लाह ने यहां बताया कि बारून - नबीनगर पथ पर नवीनगर थाना क्षेत्र के तेतरिया मोड़ के पास नाश्ता पानी की दुकान के आगे कार पार्किंग को लेकर दुकानदार और कार सवार युवकों के बीच हुई झड़प में कार सवार एक युवक ने पिस्टल से फायरिंग कर दी जो दुकानदार को न लगकर पास रहे एक अन्य व्यक्ति को लग गई जिससे उसकी मौत हो गई। इधर, उक्त व्यक्ति की मौत के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने कार सवार चार लोगों पर हमला बोल दिया।

## दिल्ली में बहन की शिकायत सुनकर युवक ने जीजा को पीटा, मौत

**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली के संगम विहार इलाके में 39 वर्षीय युवक को उसके साले ने अपने दोस्तों की मदद से पहले घर से घसीटकर बाहर निकाला और फिर उसकी क्रूरता पूर्वक पिटाई कर दी जिसके कारण बाद में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी और कहा कि आरोपी की बहन ने पति से विवाद के बाद फोन करके अपने भाई से शिकायत की थी। उन्होंने बताया कि घटना 29 दिसंबर की है जिसमें राकेश घायल हो गया था। पुलिस ने कहा कि राकेश की सोमवार को अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर भी प्रसारित किया गया है।

# नैतिक अधमता के आरोप से बरी व्यक्ति को सशस्त्र बलों में नियुक्ति से नहीं किया जा सकता इनकार : हाईकोर्ट

**चंडीगढ़, एजेंसी**

### पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने की टिप्पणी



पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने कहा है कि संदेह के लाभ के आधार पर, नैतिक अधमता के आरोप से बरी किए गए व्यक्ति को सशस्त्र बलों में नियुक्ति देने से इनकार नहीं किया जा सकता।

न्यायमूर्ति जगमोहन बंसल की एकल पीठ ने यह टिप्पणी हरियाणा के एक व्यक्ति की याचिका पर की, जिसमें भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल (आईटीबीपी) में कांस्टेबल के पद पर उसकी नियुक्ति को रद्द करने के मार्च 2022 के आदेश को निरस्त करने का निर्देश देने का आग्रह किया गया था। अदालत ने कहा कि यह सर्वविदित तथ्य है कि देश में नौकरी, विशेषकर सरकारी नौकरी पाना बहुत कठिन है और याचिकाकर्ता को इस बात की अनदेखी करते हुए नियुक्ति देने से इनकार करना कि वह अपनी साख का खुलासा करने में हमेशा ईमानदार रहा, उसे ऐसे किसी अपराध के लिए सज़ा देने के समान होगा जिसमें उसे बरी कर दिया गया है।

अदालत ने कहा-मौजूदा मामले में, प्रतिवादी ने याचिकाकर्ता की पूर्व पृष्ठभूमि की पड़ताल नहीं की और उसका नियुक्ति पत्र केवल इस आधार पर रद्द कर दिया गया कि उसे संदेह का लाभ देते हुए बरी किया गया था। इसने कहा-प्रतिवादी ने कथित अपराध की प्रकृति, याचिकाकर्ता की उम्र और उस समय 'पीड़िता' की उम्र पर विचार नहीं किया है। याचिकाकर्ता किसी अन्य अपराध में शामिल नहीं है और उसे पहले ही बरी किया जा चुका है। याचिकाकर्ता को जनवरी 2022 में अनुकंपा के आधार पर आईटीबीपी में कांस्टेबल के पद पर नियुक्त किया गया था। हालांकि, उसके नियुक्ति पत्र को संबंधित अधिकारियों द्वारा रद्द कर दिया गया था क्योंकि उसने खुलासा किया था कि उसे एक आपराधिक मामले में फंसाया गया था और बाद में उसे बरी कर दिया गया था। अप्रैल 2018 में, याचिकाकर्ता पर बलात्कार और यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था।

# इटली पर बड़ी जीत आसान करेगी सेमीफाइनल की राह

## भारतीय महिला हॉकी टीम को इटली के खिलाफ बड़े अंतर से जीत ही दिलाएगी पेरिस ओलंपिक का टिकट

रांची, एजेंसी

पहला मैच गंवाने के बाद दूसरे मैच में जीत दर्ज करके अपना अभियान पटरी पर लाने वाली भारतीय महिला हॉकी टीम मंगलवार को इटली की टीम पर बड़ी जीत दर्ज करके एफआईएच महिला ओलंपिक क्वालीफायर के सेमीफाइनल में जगह बनाने की कोशिश करेगी।

विश्व रैंकिंग में छठे स्थान पर काबिज भारत की टूर्नामेंट में शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसे पूल बी के अपने पहले मैच में अमेरिका से 0-1 से हार का सामना करना पड़ा। सविता पूनिया की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने हालांकि अपने दूसरे मैच में न्यूजीलैंड को 3-1 से हराकर पेरिस ओलंपिक में जगह बनाने की अपनी उम्मीदों को कायम रखा।



### पेरिस ओलंपिक में जगह बनाने का आखिरी मौका

एशियाई खेलों के जरिये क्वालीफाई करने में नाकाम रहने के बाद भारतीय टीम के पास इस साल होने वाले ओलंपिक खेलों में जगह बनाने का यह आखिरी मौका है। इस टूर्नामेंट में शीर्ष पर रहने वाली तीन टीम पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करेंगी। अमेरिका दो मैच में जीत दर्ज करके पूल बी में शीर्ष पर है, जबकि भारत और न्यूजीलैंड के तीन-तीन अंक हैं। गोल अंतर में हालांकि भारतीय टीम न्यूजीलैंड से पीछे है। ऐसी स्थिति में भारत को इटली की टीम के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करनी होगी।

### पेनल्टी कार्नर को गोल में नहीं बदल पाना भारतीय टीम की बड़ी कमजोरी

भारत की सबसे बड़ी समस्या पेनल्टी कार्नर को गोल में नहीं बदल पाना है। उसने दो मैच में अब तक 13 पेनल्टी कार्नर हासिल किए हैं लेकिन उनमें से केवल एक बार ही गोल कर पाया। इटली ने अब तक अपने दोनों मैच गंवाए हैं और वह क्वालीफाई करने की दौड़ से बाहर हो गया है लेकिन उसकी टीम भारत के राह में रोड़ा बन सकती है और इसलिए सविता पूनिया की टीम अपने इस प्रतिद्वंद्वी को हल्के से लेने की गलती नहीं करेगी।

### इटली से सतर्क रहने की हिदायत

भारतीय कोच शोपमैन ने अपने खिलाड़ियों को इटली से सतर्क रहने की हिदायत देते हुए कहा कि यह मैच कड़ा हो सकता है क्योंकि इटली की टीम भी अर्जेंटीना की तरह साहसिक खेल खेलती है।

# रियाल मैड्रिड ने जीता स्पेनिश सुपर कप

रियाद (सऊदी अरब), एजेंसी

विनीसियस जूनियर की हैट्रिक की मदद से रियाल मैड्रिड ने सऊदी अरब में खेले गए मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी बार्सिलोना को 4-1 से हराकर स्पेनिश सुपर कप फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता। विनीसियस ने मैच में अपने तीनों गोल पहले हाफ में किए, जिससे रियाल मैड्रिड सत्र की अपनी पहली ट्रॉफी हासिल करने में सफल रहा।

रियाल मैड्रिड ने सुपर कप में 13वां खिताब जीता। बर्सिलोना ने 14 बार यह ट्रॉफी जीती है। विनीसियस ने पहला गोल करने के बाद क्रिस्टियानो रोनाल्डो की तरह जश्न मनाया। रोनाल्डो अभी सऊदी अरब की लीग में खेलते हैं।



स्पेनिश सुपर कप विजेता रियाल मैड्रिड की टीम। ● एजेंसी

विनीसियस ने मैच के बाद कहा कि यह क्रिस्टियानो रोनाल्डो के लिए था, क्योंकि वह मेरे आदर्श हैं और अभी यहां खेल रहे हैं। वह अपने प्रदर्शन से खुश हैं। बार्सिलोना के खिलाफ खेलना और 4-1 से जीत दर्ज करना आसान नहीं होता है। हमने शानदार खेल दिखाया। रियाल मैड्रिड की तरफ से रोड्रिगो ने भी गोल किया, जबकि बार्सिलोना की तरफ से एकमात्र गोल रॉबर्ट लेवांडोस्की ने पहले हाफ में किया।

# निशानेबाज योगेश सिंह ने जीते दो स्वर्ण

## शॉटगन क्वालीफायर में लक्ष्य ने जीता कांस्य

जकार्ता, एजेंसी

एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में भारत के निशानेबाजों का शानदार प्रदर्शन जारी है। योगेश सिंह ने 25 मीटर सेंटर फायर पिस्टल स्पर्धा में सोमवार को व्यक्तिगत और टीम वर्ग में स्वर्ण पदक जीते। योगेश ने 573 के स्कोर के साथ व्यक्तिगत स्वर्ण जीता। ओमान के मुराद अल बालुशी (570) दूसरे और इंडोनेशिया के अनंग यूलियांतो (567) तीसरे स्थान पर रहे। भारत के पंकज यादव (567) और अक्षय जैन (564) क्रमशः चौथे और छठे स्थान पर रहे। भारतीय तिकड़ी ने 1704 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता।

कुवैत में शॉटगन क्वालीफायर में लक्ष्य ने छह निशानेबाजों के फाइनल में 33 निशाने लगाकर कांस्य पदक जीता। वह क्वालीफिकेशन दौर के बाद 119 अंक के साथ चौथे स्थान पर थे। ईरान के मोहम्मद बेरानवांद ने 40 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने शूट ऑफ में चीन के युहाओ गुओ को पछाड़ा।



### अब तक भारत जीत चुका है 15 स्वर्ण समेत 33 पदक

भारत एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप 2024 में 15 स्वर्ण, 10 रजत और आठ कांस्य पदकों सहित कुल 33 पदकों के साथ पदक तालिका में शीर्ष पर है। भारतीय निशानेबाजों ने मीट से चार पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा भी हासिल किए हैं।

### श्रेयसी, मनीषा और भव्या ने टीम वर्ग में जीता रजत

महिला शॉटगन क्वालीफायर में राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता श्रेयसी सिंह को महिलाओं के ट्रैप वर्ग में पांचवें स्थान से संतोष करना पड़ा। वह पांच दौर में 115 अंक लेकर फाइनल में पहुंची थी लेकिन फाइनल में 19 अंक ही बना सकी। ताइपै की वान यू लियू (44) को स्वर्ण और चीन की शिंकियू झांग (39) को रजत पदक मिला। कजाकिस्तान की मारिया दमित्रियेंको (30) ने कांस्य पदक हासिल किया। भारत की श्रेयसी, मनीषा कीर और भव्या त्रिपाठी ने टीम वर्ग में कुल 328 स्कोर करके रजत पदक जीता। चीन को स्वर्ण और कजाकिस्तान को कांस्य मिला।

## एनआरएआई ने कहा- मानवजीत नहीं लेना चाह रहे थे कोई अनुचित लाभ

नई दिल्ली, एजेंसी

कुवैत में एशिया ओलंपिक क्वालीफायर में ट्रैप निशानेबाज मानवजीत सिंह को दोषपूर्ण बंदूक के कारण अयोग्य ठहराए जाने को अन्यायपूर्ण करार देने वाले भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने अपीली जूरी को बताया है कि यह निशानेबाज किसी तरह का अनुचित लाभ नहीं लेना चाहता था। शॉटगन कोच विक्रम चोपड़ा ने टूर्नामेंट की अपीली जूरी को लिखे पत्र में कहा कि पूर्व विश्व चैंपियन मानवजीत ने अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) के नियमों का उल्लंघन नहीं किया है, जैसा कि आयोजकों ने भारतीय खिलाड़ी को अयोग्य घोषित करते हुए कहा था। मानवजीत को शनिवार को अभ्यास सत्र में भाग नहीं लेने दिया गया था, जबकि रविवार को उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया था। उनकी बंदूक को दोषपूर्ण करार देकर यह फैसला किया गया था।

# ग्रैंडस्लैम के पहले दौर में नाओमी ओसाका बाहर

मेलबर्न, एजेंसी

ब्रेक के बाद ग्रैंडस्लैम में वापसी करने वाली दो बार की पूर्व चैंपियन नाओमी ओसाका आस्ट्रेलियाई ओपन के पहले ही दौर में कैरोलीन गार्सिया से हारकर बाहर हो गई। मां बनने के कारण पंद्रह महीने बाद टेनिस कोर्ट पर लौटी ओसाका को 4-6, 6-7 से पराजय झेलनी पड़ी। वहीं अमेरिका की कोको गॉफ और रूस के दानिल मेदवेदेव ने आसानी के साथ दूसरे दौर में प्रवेश किया। पिछले साल सितंबर में अमेरिकी ओपन का खिताब जीतने वाली 19 वर्षीय गॉफ ने अन्ना करोलिना श्मीडलोवा को 6-3, 6-0 से हराकर लगातार दूसरा ग्रैंड स्लैम खिताब हासिल करने के अपने अभियान की शानदार शुरुआत की।

महिला वर्ग में विंबलडन चैंपियन मार्केटा वोंद्रोसोवा को पहले दौर में बाहर का रास्ता देखना पड़ा। उन्हें दयाना यास्त्रेम्स्का ने 6-1, 6-2 से हराया। पुरुष वर्ग में मेदवेदेव ने अपने प्रतिद्वंदी टेरेंस एटमाने के मैच के बीच से हट जाने के कारण दूसरे दौर में जगह बनाई। जब 22 वर्षीय एटमाने ने हटने का फैसला किया तब मेदवेदेव 5-7, 6-2, 6-4, 1-0 से आगे चल रहे थे। पिछले साल फाइनल में नोवाक जोकोविच से हारने वाले स्टेफानोस सितसिपास ने जिजौ बर्ग्स को 5-7, 6-1, 6-1, 6-3 से हराया। ऑस्ट्रेलियाई ओपन में 2014 के विजेता और तीन बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन स्टैन वावरिंका पहले दौर से आगे नहीं बढ़ पाए।



## खेल डायरी

### टोटेनहैम ने मैनचेस्टर यूनाइटेड को बराबरी पर रोका

**मैनचेस्टर।** टोटेनहैम ने इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल प्रतियोगिता के मैच में मैनचेस्टर यूनाइटेड को 2-2 से बराबरी पर रोका। मैनचेस्टर यूनाइटेड का 25 प्रतिशत हिस्सा खरीदने के बाद यह पहला अवसर था जब ब्रिटेन के अरबपति जिम रेटक्लिफ मैच के दौरान उपस्थित थे। रासमस होजलुंड ने तीसरे मिनट में ही गोल करके मैनचेस्टर यूनाइटेड को बढ़त दिला दी। रिचार्लीसन ने 19वें मिनट में टोटेनहैम की तरफ से बराबरी का गोल किया। मार्कस रैशफोर्ड ने 40वें मिनट में मैनचेस्टर यूनाइटेड को फिर से बढ़त दिला दी। रोड्रिगो बेंटनकुर ने हालांकि दूसरे हाफ के 49वें सेकंड में गोल करके टोटेनहैम को फिर से बराबरी पर ला दिया।

### फुटबॉलर पर नफरत भड़काने का आरोप

**अंकारा।** तुर्किये ने हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों के प्रति एक शीर्ष फुटबॉल लीग मैच के दौरान एकजुटता दिखाने वाले इस्राइली फुटबॉल खिलाड़ी सागिव जेहेकेल पर नफरत भड़काने का आरोप लगाया है। अंताल्यास्पोर टीम के इस खिलाड़ी को रविवार रात पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया था। उसने मैच के दौरान अपनी कलाई पर पट्टी बांध रखी थी, जिस पर लिखा था 100 डेज 7.10। उसका इशारा सात अक्टूबर की तरफ था, जब हमास ने इस्राइल पर हमला करके कई लोगों को बंधक बनाया था। इस्राइल के इस खिलाड़ी ने पुलिस से कहा कि वह सिर्फ इतना चाहता था कि जंग खत्म हो जाए। कानून मंत्री यिलमाज तुंक ने कहा कि जेहेकेल पर सार्वजनिक रूप से नफरत और दुश्मनी फैलाने के आरोप लगाए गए हैं। क्लब ने उन्हें टीम से निकाल दिया है।

### तेंदुलकर ने अपने फर्जी वीडियो पर जताई चिंता

**नई दिल्ली।** सचिन तेंदुलकर ने सोमवार को उस वीडियो को फर्जी करार दिया, जिसमें उन्हें गेमिंग से जुड़े एक एप का प्रचार करते हुए दिखाया गया है जो उपयोगकर्ताओं को आसानी से पैसे कमाने का लालच देता है। इस वीडियो में तेंदुलकर को एप्लिकेशन की खूबियों के बारे में बताते हुए दिखाया गया है। वह कह रहे हैं कि उन्हें नहीं पता था कि पैसा कमाना इतना आसान हो गया है और उनकी बेटी भी इसका उपयोग करती है। तेंदुलकर ने वीडियो पोस्ट कर एक्स पर लिखा कि यह वीडियो फर्जी हैं। सभी से अनुरोध है कि वे इस वीडियो, विज्ञापन और एप की बड़ी संख्या में रिपोर्ट करें।



### एंडी मरे ऑस्ट्रेलियन ओपन से पहले ही दौर में बाहर

**मेलबर्न।** स्टेन वावरिंका और एंडी मरे सोमवार को अपने पहले दौर के मुकाबले हारकर ऑस्ट्रेलियन ओपन से बाहर हो गए हैं। स्विट्जरलैंड के वावरिंका को पांच सेटों के संघर्षपूर्ण मुकाबले में 20वीं वरीयता प्राप्त एड्रियन मन्नारिनो ने 6-4, 3-6, 5-7, 6-3, 6-0 से हराया। जबकि ब्रिटेन के स्टार टेनिस खिलाड़ी एंडी मरे को अर्जेंटीना के टॉमस मार्टिन एचेवेरी ने 6-4, 6-2, 6-2 से हराया। कोर्ट एरेना में हुए मुकाबले में अर्जेंटीना के खिलाड़ी एचेवेरी ने मरे को सीधे सेटों में हराया। उन्होंने मरे को हराकर सत्र के पहले ग्रैंडस्लैम के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया है।



### जापान और ईरान की एशिया कप में बड़ी जीत

**अल रेयान (कतर)।** खिताब के प्रबल दावेदार जापान और ईरान ने एशिया कप फुटबॉल प्रतियोगिता में आसान जीत दर्ज की। रिकॉर्ड चार बार के चैंपियन जापान ने ग्रुप डी में वियतनाम को 4-2 से हराया, जबकि ईरान ने ग्रुप सी में फिलिस्तीन को 4-1 से करारी शिकस्त दी। जापान पिछले दो बार से यह टूर्नामेंट नहीं जीत पाया है लेकिन इस बार उसे ट्रॉफी हासिल करने का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। एक अन्य मैच में हांगकांग के फिलिप चान सिउ क्वान ने एशियाई कप के इतिहास में 1,000वां गोल किया, लेकिन उनकी टीम को संयुक्त अरब अमीरात से 3-1 से हार का सामना करना पड़ा।

## बीमारी के कारण इंडिया ओपन से हटे एक्सेलसेन

**नई दिल्ली।** डेनमार्क के विश्व में नंबर एक खिलाड़ी विक्टर एक्सेलसेन अस्वस्थ होने के कारण मंगलवार से शुरू होने वाले इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट से हट गए हैं। एक्सेलसेन मलयेशिया ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट के दौरान बीमार पड़ गए थे। वह इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में चीन के वाईक्यू शी से हार गए थे। एक्सेलसेन ने एक्स पर लिखा कि शनिवार को मैच के बाद वह बीमार पड़ गए और अभी मलयेशिया में उपचार करा रहे हैं। उन्हें अतिरिक्त जांच करवाने के लिए कहा गया है। इंडिया ओपन में एक्सेलसेन को शीर्ष वरीयता दी गई थी। इस स्टार खिलाड़ी ने टूर्नामेंट से हटने को निराशाजनक बताया।

# इंडिया ओपन में सात्विक-चिराग पर होगी निगाह

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय खिलाड़ी घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाकर मंगलवार से शुरू हो रहे इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में चमक बिखेरने की कोशिश करेंगे, जिसमें सभी की निगाहें सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी पर टिकी रहेंगी। सात्विक और चिराग ने 2023 में 6 खिताब जीते थे, जबकि हाल में वह मलयेशिया सुपर 1000 टूर्नामेंट में उपविजेता रहे थे।

भारतीय बैडमिंटन संघ का यह महत्वपूर्ण टूर्नामेंट पिछले साल सुपर 750 वर्ग में रखा गया था लेकिन तब भारतीय खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया था और कोई भी दूसरे दौर से आगे नहीं बढ़ पाया था। इससे पहले 2022 में सात्विक और चिराग ने पुरुष युगल, जबकि लक्ष्य सेन ने पुरुष एकल का खिताब जीता था।



आज से शुरू हो रहा बैडमिंटन टूर्नामेंट, भारतीय खिलाड़ियों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद

### प्रणय और लक्ष्य का पहला मुकाबला चीनी ताइपे से

प्रणय और लक्ष्य मलयेशिया ओपन के पहले दौर में हार गए थे। इंडिया ओपन में वह चीनी ताइपे के चोउ टीएन चेन और प्रियांशु राजावत के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। श्रीकांत का पहले दौर में सामना हांगकांग के ली चेउक यियू से होगा। प्रणय अभी विश्व रैंकिंग में आठवें नंबर पर हैं और ओलंपिक क्वालीफिकेशन की दौड़ में सबसे आगे हैं। दूसरे स्थान की दौड़ में श्रीकांत और लक्ष्य हैं।




### पिछले साल चोट के कारण हटना पड़ा था

पिछले साल सात्विक के चोटिल होने के कारण भारतीय जोड़ी को दूसरे दौर के मैच से पहले हटना पड़ा था, लेकिन इस बार वे पूरी तरह से फिट हैं। पहले दौर में उनका मुकाबला फैंग जेन ली और फैंग चिह ली से होगा। सात्विक और चिराग जहां खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेंगे। वहीं एकल में एचएस प्रणय, लक्ष्य सेन और किदांबी श्रीकांत पर निगाहें टिकी रहेंगी, जबकि पीवी सिंधू घुटने की चोट के कारण इस टूर्नामेंट में नहीं खेल रही हैं।

### महिला युगल में होगा कड़ा मुकाबला

महिला युगल में भी ओलंपिक में जगह बनाने की दौड़ काफी कड़ी हो गई है। इसके लिए अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रैस्टो व राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता गायत्री गोपीचंद और त्रीसा जॉली दौड़ में हैं। अश्विनी और तनीषा पहले दौर में थाईलैंड की राविंडा प्राजोंगजई और जोंगकोलफान कितिथाराकुल से भिड़ेंगी, जबकि त्रीसा और गायत्री का सामना जापान की नामी मत्सुयामा और चिहारू शिदा से होगा।

## बीसीसीआई ने चयनकर्ता के लिए मांगे आवेदन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बीसीसीआई ने पांच सीनियर राष्ट्रीय चयनकर्ताओं में से किसी एक को बदलने के लिए सोमवार को आवेदन मंगाए और पूरी संभावना है कि नया चयनकर्ता पूर्व तेज गेंदबाज सलिल अंकोला की जगह लेगा क्योंकि पश्चिम क्षेत्र से चयन समिति के अध्यक्ष अजित अगरकर के रूप में पहले ही एक प्रतिनिधि है।

बीसीसीआई ने अपनी वेबसाइट पर विज्ञापन दिया है। आवेदन करने वाले खिलाड़ी ने कम से कम सात टेस्ट मैच या 30 प्रथम श्रेणी मैच खेले हों। अगर उम्मीदवार ने 10 वनडे या 20 प्रथम श्रेणी मैच भी खेले हों तो वह भी आवेदन कर सकता है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 25 जनवरी है।

# बॉलीवुड हलचल

## द राजा साहब में नजर आएंगे प्रभास

दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार प्रभास फिल्म द राजा साहब में काम करते नजर आएंगे। प्रभास ने अपनी आने वाली नई फिल्म का एलान कर दिया है। इस फिल्म का नाम द राजा साहब है। द राजा साहब के पोस्टर में प्रभास टी-शर्ट, लुंगी और चप्पल पहने सड़क पर घूमते हुए नजर आ रहे हैं। फिल्म का पोस्टर शेयर करते हुए प्रभास ने लिखा कि इस फेस्टिवल के सीजन पर द राजा साहब का फर्स्ट लुक जारी कर रहा हूं। आप सभी को ढेरों शुभकामनाएं। फिल्म का निर्देशन मारुति कर रहे हैं। उन्होंने फिल्म की कहानी भी लिखी है। वहीं म्यूजिक थमन एस तैयार करेंगे।




### यश कुमार और अवधेश की फिल्म अर्धनारी 2 का ट्रेलर रिलीज

रामा प्रसाद प्रोडक्शन की फिल्म अर्धनारी 2 का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इसमें यश कुमार और अवधेश मिश्रा मुख्य भूमिका में नजर आने वाले हैं। इसके निर्माता अपूर्व मेड़तिया, रामा प्रसाद, मोनिका सिंह और चंद्रेश मेहता हैं, जबकि निर्देशक राज किशोर प्रसाद (राजू) हैं। इस फिल्म में यश कुमार डबल रोल में हैं, जबकि अवधेश मिश्रा थर्ड जेंडर की भूमिका में हैं। यश कुमार ने कहा कि यह फिल्म अर्धनारी की तरह ही कथ्य और कथानक से समृद्ध है। उम्मीद करता हूं कि दर्शकों को यह पसंद आएगी। अर्धनारी 2 की कहानी यश कुमार और एसके चौहान ने लिखी है। पटकथा एवं संवाद एसके चौहान का है। संगीतकार मुन्ना दुबे हैं। गीतकार प्यारेलाल यादव, शेखर मधुर, मुन्ना दुबे हैं।

## गणतंत्र दिवस पर रिलीज होगी ऋतिक की फाइटर

बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रौशन की आने वाली फिल्म फाइटर का ट्रेलर रिलीज हो गया है। सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बन रही फिल्म फाइटर में ऋतिक रौशन, दीपिका पादुकोण और अनिल कपूर मुख्य भूमिका में है। ट्रेलर में ऋतिक रौशन, दीपिका पादुकोण, अनिल कपूर और करण सिंह ग्रोवर वायु सेना अधिकारी बने देशभक्ति के जज्बे में डूबे नजर आ रहे हैं। ट्रेलर की शुरुआत ऋतिक रोशन की आवाज से होती है, जिसमें वह कह रहे हैं कि फाइटर वह नहीं है, जो लक्ष्य को प्राप्त करता है, बल्कि फाइटर वह है, जो अपने दुश्मनों को ठोक देता है। अनिल कपूर बतौर कप्तान सर्वश्रेष्ठ वायु सेना अधिकारियों की एक टीम तैयार करते हैं, जिनमें ऋतिक, दीपिका और करण शामिल हैं। फिर पुलवामा बम ब्लास्ट के बाद सभी फाइटर जंग के लिए तैयार होते हैं और जान की बाजी लगाते नजर आते हैं। फाइटर में ऋतिक रौशन स्क्वाड्रन लीडर शमशेर पठानिया उर्फ पैटी की भूमिका में नजर आएंगे। वहीं दीपिका पादुकोण स्क्वाड्रन लीडर मीनल राठौड़ उर्फ मिन्नी का किरदार निभा रही हैं। अनिल कपूर ग्रुप कैप्टन राकेश जय सिंह उर्फ रॉकी के किरदार में नजर आएंगे। फाइटर का निर्माण वायकॉम18 स्टूडियोज और मार्फ्लिक्स पिक्चर्स द्वारा किया गया है। फिल्म के ट्रेलर में दिखाया गया कि भारत में पाकिस्तान की तरफ हुए आतंकी हमले से कई जवान शहीद हो गए हैं। इसके बाद भारत के प्रधानमंत्री पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए कहते हैं। फिर भारतीय एयरफोर्स के जवान मिशन पर निकल पड़ते हैं। फिल्म गणतंत्र दिवस के मौके पर 25 जनवरी को रिलीज होगी।



## अयोध्या में घर बनवाएंगे अमिताभ बच्चन

बॉलीवुड के सुपरस्टार अमिताभ बच्चन ने श्रीराम की नगरी अयोध्या में एक प्लॉट खरीदा है, जिसकी कीमत करोड़ों में हैं। यहां उनका घर बनवाने का इरादा है। अमिताभ बच्चन ने यह प्लॉट मुंबई स्थित डेवलपर द हाउस ऑफ अभिनंदन लोढ़ा से खरीदा है।

हालांकि अब तक इस प्लॉट का साइज और कीमत के बारे में कोई जानकारी सामने नहीं आई है। हालांकि कहा जा रहा है कि इसकी कीमत करीब 14.5 करोड़ रुपये है। अमिताभ ने कहा कि यह शहर उनके दिल के काफी करीब है। उनका अयोध्या से इमोशनल कनेक्शन है।

उन्होंने कहा कि वह आध्यात्मिक की राजधानी में अपना घर बनाने के लिए तैयार हैं। बता दें कि अमिताभ बच्चन जल्द ही प्रभास की फिल्म कल्कि 2898 में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में उनके साथ कमल हासन और दीपिका पादुकोण भी नजर आएंगी। यह फिल्म 9 मई को बड़े पर्दे पर रिलीज होने वाली है।



### रोहित ने शेयर की सिंघम अगेन की झलक

रोहित शेट्टी ने रविवार शाम अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है। इसमें रोहित शेट्टी कार में बैठे हैं और फिल्म सिंघम अगेन का एक सीन शूट कर रहे हैं। इस में गाड़ी उड़ती है और आग की चपेट में आ जाती है। रोहित शेट्टी ने इस वीडियो के साथ लिखा है, हैप्पी मकर संक्रांति,आप लोग पतंग उड़ाइए और मैं... मुझे अपने काम... एक्शन... नाइट शूट से प्यार है... हैदराबाद। इसके अलावा उन्होंने हैशटैग के साथ सिंघम अगेन लिखा है। रोहित शेट्टी के इस वीडियो पर फैंस जमकर रिएक्शन दे रहे हैं। एक फैन ने लिखा है कि पतंग उड़ाना था सर गाड़ी नहीं। एक फैन ने लिखा है कि मकर संक्रांति को भी इतने खतरनाक तरह से विश कर रहे हो। एक ने लिखा है कि एक्शन का बाप रोहित शेट्टी। एक अन्य ने लिखा है कि सिंघम अगेन का बेसब्री से इंतजार है।

### जब लगा था दम मारो दम गाने पर बैन

देव आनंद और जीनत अमानने अपने कॅरिअर में कई बेहतरीन फिल्मों में काम किया और अपनी अदाकारी से फैंस के दिलों पर राज किया। देव आनंद और जीनत अमान ने साल 1971 में रिलीज हुई फिल्म हरे रामा हरे कृष्णा में काम किया था। इस फिल्म को देव आनंद ने ही डायरेक्ट किया था। इसके गाने काफी ज्यादा पॉपुलर हुए थे और आज 53 साल बाद भी लोग इन्हें गुनगुनाते हैं लेकिन फिल्म का हरे रामा हरे कृष्णा गाने को लेकर जमकर विवाद हुआ था और इसके गाने के भारत सरकार ने बैन कर दिया गया था। यह गाना था दम मारो दमा। इसे आशा भोसले ने अपनी आवाज दी थी। आरडी बर्मन ने और आनंद बख्शी ने एक इंटरव्यू में बताया था कि सरकार को गाने में राम का नाम दम से जोड़ने पर आपत्ति थी। इसलिए शुरुआत में एआईआर और डीडी ने इस गाने को बैन कर दिया था। भारत सरकार का मानना था कि इस गाने की वजह से देश में हिप्पी संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

